R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पंवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र , उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -311 | ग्वालियर, गुरूवार 20 जून 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए

सिकल सेल एनीमिया के उपचार पर रिसर्च को बढ़ाया जाए

उप राष्ट्रपति भवन में डिंडोरी की औषधीय वनस्पतियों का हर्बल पार्क स्थापित होगा: उप राष्ट्रपति डॉ. धनखड़

सिकल सेल एनीमिया से बचाव के उपायों के बारे में जनजातीय समुदाय को जागरूक करना जरूरी: राज्यपाल श्री पटेल

राज्य सरकार सिकल सेल उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

उप राष्ट्रपति डिंडोरी में सिकल सेल एनीमिया संबंधी जागरूकता तथा रोगियों के लिए परामर्श शिविर में हुए शामिल

जिला चिकित्सालय मुरैना में भी सिकल सेल एनीमिया के बारे में बताया

भोपाल। उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने कहा कि उप राष्ट्रपति भवन में हर्बल पार्क की स्थापना में डिंडोरी का विशेष योगदान होगा। डिंडोरी में जैव विविधिता एवं औषधीय वनस्पति की उपलब्धता को देखते हुए यहां सिकल सेल एनीमिया सहित अन्य बीमारियों के उपचार पर रिसर्च कार्य को तेजी से बढ़ाया जाना चाहिए। जिससे देश और विदेश में डिंडोरी का नाम प्रसिद्ध हो। सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम और जागरूकता के लिए सभी स्तर पर समन्वित प्रयास की आवश्यकता है। शोधकर्ताओं, समाजसेवियों, चिकित्सकों के समन्वित प्रयास से इसे सामाजिक आंदोलन बनाना होगा। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ डिण्डौरी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम विश्व सिकल सेल दिवस-2024 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया तथा सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए प्रदेश में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय डिण्डौरी में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, पंचायत एवं ग्रामीण तथा श्रम विभाग मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते और उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ की पत्नी श्रीमती सुदेश धनखड़ उपस्थित थीं। उप राष्ट्रपति का जनजातीय कलाकारों ने परम्परागत नृत्य कर स्वागत किया। उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कार्यक्रम स्थल पर पौध-रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष तथा अन्य विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा अनुसार उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ को पगड़ी तथा श्रीमती धनखड़ को शॉल व श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उप राष्ट्रपति को गोंडी पेंटिंग भी भेंट की। राज्यपाल श्री पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में सिकल सेल एनीमिया को नियंत्रित करने के लिए प्रदेश में जारी प्रयासों पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

श्रीमती द्रोपदी मुर्मु का राष्ट्रपति बनना भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा

उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक और सामाजिक परिवेश में जनजातियों का बहुत अधिक महत्व है। श्रीमती द्रोपदी मुर्मु का राष्ट्रपति बनना भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से प्रगति कर रही है। आर्थिक परिदृश्य में ब्राजील, कनाडा, इंग्लेंड और फ्रांस जैसे देशों से भारत आगे निकला है। इस क्रम में जर्मनी और जापान से भी हम आगे निकलेंगे। इसमें जनजातीय समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने और देश को सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति कराने का संकल्प लिया है।

सिकल सेल उन्मूलन का यज्ञ आरंभ हो चुका है

उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस आशय की घोषणा जुलाई 2023 में शहडोल जिले से की और राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन-2047 का शुभारंभ किया। सिकल सेल उन्मूलन का यज्ञ आरंभ हो चुका है। हम सब को इसमें योगदान देना है। सिकल सेल एनीमिया जैसी अनुवांशिक बीमारी के उन्मूलन के लिए आयुष्मान भारत योजना में आवश्यक सुधार करना शासन की दूर दृष्टि को दर्शाता है। इस बीमारी के उन्मूलन के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। प्रदेश सरकार इस दिशा में देश में अग्रणी है। डिंडोरी एवं आसपास के जिलों में जैव विविधता और औषधीय वनस्पति का खजाना उपलब्ध है।

उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि भारतीय संविधान में जनजातियों के लिए विशेष प्रावधान है। जनजातीय क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में खनिज तथा अन्य राष्ट्रीय खनिज धरोहर उपलब्ध हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए विशेष पहल की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश अपने विकास से सबको मोहित करता रहेगा

उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहली भेंट में ही अपनी प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए कहा था कि प्रदेश से सिकल सेल उन्मूलन एवं जनजातीय विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। मंत्री परिषद की पहली बैठक जबलपुर में करने का निर्णय उनकी जनजातीय विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और लाउडस्पीकरों के उपयोग के संबंध में लिया गया निर्णय उनकी संवेदनशीलता और व्यवहारिकता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश अपने विकास की गति से सबको मोहित करता रहेगा।

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए समन्वित प्रयास जारी

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश में जनजातियों की जनसंख्या एक करोड़ 90 लाख है। अब तक लगभग 55 लाख से अधिक व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है, इनमें से एक लाख 20 हजार 935 व्यक्ति बीमारी के वाहक हैं अर्थात इनमें सिकल सेल एनीमिया प्रारंभिक स्थिति में है जबकि इस बीमारी के मरीजों की संख्या 18 हजार से अधिक है। यह एक अनुवांशिक रोग है, इससे आने वाली पीढ़ी भी प्रभावित होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने केंद्र के बजट में बीमारी के निवारण एवं अन्य उपायों के लिये 15 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा समन्वित रूप से सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल एनीमिया के संबंध में जागरूकता के लिए जनजातीय समुदाय स्तर पर विशेष प्रयास करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने इस बीमारी से बचाव के प्रारंभिक उपायों पर प्रकाश डाला।

राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्र में विकास के लिए प्रतिबद्ध है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सिकल सेल उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रदेश के प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता के साथ-साथ स्क्रीनिंग ,उपचार और दवा वितरण आदि की व्यापक व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। इसी क्रम में मंत्री परिषद की पहली बैठक जबलपुर में आयोजित की गई। क्षेत्र में विकास और जनकल्याण की अनेक गतिविधियां संचालित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहुमुखी प्रतिभा संपन्न उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ का स्वागत करते हुए कहा कि डिंडोरी क्षेत्र आधुनिकता की दृष्टि से भले ही पिछड़ा हो पर यहां के लोग प्रेम, सद्भाव, समर्पण की भावना से परिपूर्ण और समृद्ध हैं।

पूर्व केबिनेट मंत्री श्रीमन्त राजें का जन्मदिन सेवा पर्व के रूप में मनाया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान /एम. जी. राजन, ब्यूरो चीफ, शिवपुरी

शिवपुरी की पूर्व विधायक पूर्व केबिनेट मंत्री श्रीमन्त यशोधरा राजे सिंधिया का जन्मदिन जनभागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ रश्मि गुप्ता के नेतृत्व में ग्वालियर बायपास पर एव सैंतीस नम्बर वार्ड में दूध ठंडाई का वितरण कर मनाया।

श्रीमन्त राजें जिंदाबाद के नारों के साथ उत्साह प्रकट करते हुए सेवा कार्य किया।इस सेवा पर्व के रूप में जननेत्री राजें साहब के जन्मदिन के अवसर पर वार्डवासियों को संबोधित करते हुई जनभागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ रश्मि गुप्ता कहा कि शिवपुरी को विकास के पथ पर ले जाने वाली राजमाता अम्मामहाराज के स्वप्नों को साकार करने वाली जननेत्री श्रीमन्त यशोधरा राजे जी सिंधिया महाराज साहब का जन्मदिन इस भावना के साथ कि वह स्वस्थ रहे प्रसन्न रहे और सदैव हमारा नेतृत्व करती रहे क्षेत्र के लोगो पर अपनत्त्व की वर्षा करती रहे यहां मनाया जा रहा है।इस अवसर पर हरिओम राठौर, सुषमा ओझा,विनोद शास्त्री,भागीरथ कुशवाहा, कप्तान सिंह यादव,सुमन पाराशर,रामेश्वर धाकड़,पूनम यादव,ज्योति गुप्ता,डॉ रश्मि गुप्ता , एम. जी. राजन मित्र मंडल के कई युवा मौजूद रहे।।

अटेंडर मुताबिकमरीजका इलाज न करने पर डॉ को थप्पड़ मारा

सबलगढ़ ।।सबलगढ़ थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात 8ः00 बजे से आकस्मिक चिकित्सा वार्ड में ड्यूटीपरथे डॉक्टर शरद शर्मा जब एक एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति का इलाज कर रहे थे तभी राजपाल रावत निवासी डिगवार वाले ने डॉक्टर शरद शर्मा से कहा कि घायल व्यक्ति का

इलाज मेरे हिसाब से करना होगा इस पर डॉक्टर शरद शर्मा ने कहा इलाज में अपने हिसाब से करूंगा नकी आपके हिसाब से इलाज किया जाएगा इस पर राजपाल रावत ने डॉक्टर शरदशर्मा का गलेवाध पड़कर थप्पड़ मार दिया और धमकी दी कि मैं सुबह तुम्हें जान से खत्म कर दूंगा नहीं तो मेरा नाम राजपाल रावत नहीं मैं डिगवार का सरपंच हूं ड्यूटी पर उपस्थित सत्यवीर जादौन और विशंभर बाथम ने बीच बचाव किया इस घटना की वीडियो बीएमओ डॉक्टर राजेश शर्मा ने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए बताया कि अस्पताल में ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए इससे शासकीय कार्य में बाधा पड़ती हैसाथही झगड़े से मरीज के इलाज में भी व्यवधान होता है डॉक्टर शरद शर्मा ने सबलगढ़ थाने में लिखित आवेदन देकर घटना की जानकारी दी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 353, 332, 506 ,बी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है

पुलिस को गोपी गांव के पास कुंवारी नदी पानी में तेरती मिली गाड़ी सहित देवर - भाभी की लाश

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से पवन किरार की रिपोर्ट

मुरैना । मुरैना जिले के अम्बाह तहसील स्थित सिहोनिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोपी के पास बाहरी कुंवारी नदी में मंगलवार को देर शाम पुलिस ने गाड़ी सहित देवर भाभी की लाश पानी में तैरती हुई बरामद की है। डीएसपी हेडक्वार्टर विजय सिंह भदोरिया ने जानकारी देते हुऐ बताया है कि मृतका मिथिलेश सखवार पत्नी मुकेश सखबार उम्र 40 वर्ष निवासी छत्तकापुरा मृतक नीरज सखवार उम्र 38 वर्ष जो कि परिवार के नाते रिश्ते में देवर भाभी है। इन दोनों के बीच प्रेम प्रसंग के चलते मृतका मिथिलेश सखवार को अंबाह घर से फरवरी माह में उसका प्रेमी रिश्ते में लगने वाला देवर भगाकर ले गया था पति ने अपने स्तर पर पत्नी की काफी तलाश की लेकिन जब कहीं कोई अता-पता नहीं चला तो पति मुकेश सखबार ने अंबाह पुलिस थाने में

गुमशुदगी दर्ज करा दी मुकेश सखवार पेशे से शिक्षक है और वह बाहर नौकरी करता है आज मंगलवार को गोपी गांव के पास बाहरी कुंवारी नदी पर बने पानी स्टांपाडेम के बरसात को लेकर गेट खोले गए डेमसे जैसे ही पानी काम हुआ तो उसमें एक कर पानी मे तैरती ग्रामीणों को दिखी जिसकी सूचना ग्रामीणों ने संबंध थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सिहोनिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र गौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। इसी बीच ग्रामीणों की काफी भीड़ भी इकट्ठी हो गई । पुलिस ने देखा तो कर में दो सडी गली लाश राखी पाई गई। जिसमें एक महिला दूसरा पुरुष था मृतका के पति मुकेश सखवार ने पुलिस के समक्ष अपनी पत्नी मिथिलेश सखवार व भाई नीरज सखवार की शिनाख्त की पुलिस ने मौके से कार सहित दोनों डेड बॉडी को आवश्यक कार्रवाई कर अपने कब्जे में लिया जाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां सुबह डॉक्टर का पैनल पोस्टमार्टम करेगा। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

लहार थाने में पदस्थ आरक्षक जय भरद्वाज ने करवाया गौ भडारा

दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान मो, 8889486368

लहार नगर में माँ गायत्री गौ रक्षा संगठन के तत्वावधान में प्रतिदिन चलने वाले गौ भंडारे में लहर पुलिस थाने में पदस्थ आरक्षक जय भारद्वाज जो गौ भक्ति,गौ सेवा की भावना से ओतप्रोत है समय समय पर इन गौ भक्त आरक्षक द्वारा भी माँ गायत्री गौ रक्षा संगठन के माध्यम से लहार नगर में भटकती भुखी बेसहारा गायों के लिए गौ भंडारा करवाया जाता है गायों को हरा चारा गैंहू अनाज मिक्स भुसा खिलाया जाता है प्रतिदिन चलने वाले गौभंडारे के इसी क्रम में आरक्षक जय भारद्वाज द्वारा फिर गौ भंडारा करवाया गया रोड पर भटकती भुखी गायो और छोटे छोटे गौवशों ने भरपेट खाया हरा चारा और भुसा

विश्व सिकल सेल दिवस मनाया गया, महापौर शारदा सोलंकी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम

जिला चिकित्सालय के नवीन भवन में कार्यक्रम हुआ संपादित

*अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट मुरैना। बुधवार दिनांक 19 जून 2024 को जिला चिकित्सालय के नवीन भवन में विश्व सिकल सेल दिवस मनाया ह्गया जिसमें मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर माननीय शारदा सोलंकी जिला पंचायत सीईओं इच्छित गढ़पाले मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राकेश शर्मा, सिविल सर्जन डॉ गजेन्द्र सिंह तोमर द्वारा मुख्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत वंदन किया गया जिला डिंडोरी से सिकल सेल कार्यक्रम का आनलाइन वर्चुअल के माध्यम से शुभारंभ किया गया जिसमें जिला चिकित्सालय के कार्यक्रम प्रबंधक रविन्द्र सिंह डिप्टी मीडिया ऑफिसर एवं सभी अधिकारी कर्मचारी, नर्सिंग ऑफिसर अस्पताल आने वाले महिला, पुरुष आदि उपस्थित रहे।

बस स्टैंड के आसपास डिवाइडर लगाने की तैयारी, एसडीएम के प्रयासों से जाम के हालत पर रोक लगायेगा एन एच 552

सबलगढ़ नगर में डिवाइडर डालने का काम शुरू करने की तैयारी एन एच 552 द्वारा की गई है। सड़क पर सीमेंट व रेत डाल दिया है यह एसडीएम वीरेंद्र कटारे के प्रयासों से डिवाइडर का काम शुरू होने जा रहा है। मंगलवार की सुबह बस स्टैंड के पास सीमेंट, गिट्टी व रेत डली हुई मिली। यह मटेरियल डिवाइडर डालने के लिए डाला गया है। अभी तक अस्थाई डिवाइडर लगे हुए थे। जो अपर्याप्त मात्रा में थे। जिससे जाम के हालातों पर रोक नहीं लग पा रही थी। शांति समिति की मीटिंग में जम के हालात पर रोक लगाने के लिए एक बार फिर चर्चा हुई। एसडीएम वीरेंद्र कटारे ने एन एच 552 के उपयंत्री विजय अवस्थी को फोन पर डिवाइडर का काम शुरू करने के निर्देश दिए गए थे। एमपी आरडीसी ने 5 वर्ष पहले नगर में खारनाले से सेवाराम के बाग तक सड़क की चौड़ाई ना बढ़ाने एवं डिवाइडर ना लगाए जाने से जाम के हालात बने हुए हैं। जिसके लिए धरना प्रदर्शन और मुख्यमंत्री व सांसद से प्रतिनिधि मंडल भी मिला था। लेकिन प्रदेश सरकार ने इस पर कोई सुनवाई नहीं की थी। नगर में डिवाइड लगाने के साथ? ही सड़क की चौड़ाई बढ़ाना भी बहुत जरूरी।

खारनाले से सेवाराम के बाग तक सड़क की चौड़ाई मात्र 7 मीटर है। जिसके मध्य अभी तक बस स्टैंड के आसपास अस्थाई डिवाइडर लगे हुए थे। अस्थाई डिवाइडर के स्थान पर पक्के डिवाइडर? लगाने का काम एन एच 552 के द्वारा शुरू कराया जाना है। डिवाइडर लगने के बाद सड़क की चौड़ाई कम हो जाएगी। जिससे सड़क की चौड़ाई बढ़ाना भी अति आवश्यक है। जिससे दो वाहन बराबर से आराम से निकल सकें। ट्रैफिक में किसी तरह की रुकावट पैदा नहीं हो। एन एच 552 उपयंत्री विजय अवस्थी का कहना नगर में जम के हालात बेकाबू होने से एसडीएम कटारे ने डिवाइडर लगाने के लिए सुझाव दिए थे। सड़क पर मटेरियल डाला जा चुका है डिवाइडर लगाने का काम आज शुरू हो जाएगा। सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के काम के लिए अलग से प्रस्ताव तैयार कराया जा कर मंजूर कराया जाएगा।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सभी निर्माणाधीन परियोजनाओ को तेजी के साथ कार्य कराके मानक व गुणवत्ता के अनुरूप समय से पूर्ण कराये जिससे उनकी उपयोगिता सुनिश्चित हो सकेः जिलाधिकारी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो चीफ विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया 19 जून।जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की निर्मित निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो भी निर्माणाधीन परियोजनाएं हैं उनको तेजी के साथ कार्य कराते हुए मानक व गुणवत्ता के अनुरूप समय से पूर्ण कराये जिससे उनकी उपयोगिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन कार्यों की शतत समीक्षा की जाए जिससे उनकी गुणवत्ता व प्रगति का आकलन हो सके साथ ही नवनिर्मित परियोजनाओं के हस्तांतरण की कार्यवाही कराते हुए विभाग को हस्तांतरित की जाए जिससे उनका लाभ जरूरतमंदों को मिल सके।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को परियोजनाओं पर शतत नजर बनाए रखने तथा समय-समय पर समीक्षा करने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि कार्य पूर्ण होने में अथवा कार्य के शुभारंभ में धनावंटन एवं स्थल चयन की कोई समस्या है तो उसके लिए नियमानुसार पत्राचार किया/ कराया जाए और स्थल चयन जैसी स्थिति के लिए राजस्व विभाग से पत्राचार के साथ संपर्क कर स्थल चयन भी किया जाए जिससे परियोजना का शुभारंभ किया जा सके। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि जो परियोजनाएं बनकर पूर्ण हो चुकी हैं और हस्तांतरण की स्थिति में है उनका जिला स्तरीय सत्यापन समिति से मानक व गुणवत्ता आदि नियमानुसार जांच आख्या प्राप्त करते हुए हस्तानांतरण की कार्यवाही कराये जिससे भवन आदि को उपयोग में लाया जा सके। उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में किसी भी स्तर पर मानक व गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो आपके विरुद्ध शासन को सूचित करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा सुनील कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

समस्त अधिकारी आईजीआरएस पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करे : जिलाधिकारी

निर्माण कार्यों को ससमय पूर्ण करते हुए हैंडओवर की कार्यवाही की जाए।

जिन कार्यों में बजट का आभाव हो वहां यूसी भिजवाए।

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास/ विद्युत/लोक निर्माण/पंचायती राज/ शिक्षा/वन/उद्योग/ श्रम/नियोजन विभाग/कृषि/ सिंचाई/गन्ना/ उद्यान/ मत्स्य/ लघु सिंचाई/सहकारिता/ दुग्ध एवं पशुपालन विभाग तथा 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

जनपद के विकास कार्यों को गति प्रदान करने एवं सीएम डैशबोर्ड पर सभी विकास कार्यों व योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट शत् प्रतिशत फीड कराने हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग शासन स्तर पर निरंतर होती है और डैशबोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है, इसलिए अधिकारीगण इसकी महत्ता को समझते हुए अपने-अपने विभागों में क्रियान्वन योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ससमय भरे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त अधिकारी आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण को ससमय पूर्ण करे। आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को प्रति दिन मॉनिटर करे, डिफॉल्टर होने पर उसकी पुनः जांच कर फाइनल रिपोर्ट लगाई जाए।

जिलाधिकारी ने 50 लाख रुपए से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। समस्त कार्यों की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों में धन अभाव से कार्य रूका हुआ है वे शीघ्र ही यूसी भिजवाने की कार्यवाही करें तथा जहां पत्राचार की आवश्यकता है उसके संबंध में पत्रावली प्रस्तुत की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जो कार्य पूर्ण हो गये हैं, उनकी जांच करायी जाये और सभी मानकों को पूर्ण कराते हुए संबंधित को हैण्डोवर कर दिये जायें। श्री सिंह ने कहा कि जो भी निर्माणाधीन कार्य प्रगति पर है वहा पर मूलभूत सुविधायें जैसे, पानी, विद्युत, शौचालय, रैंप, बाउंड्री वॉल आदि का कार्य समय से पूर्ण करते हुए जनप्रतिनिधियों से लोकार्पण करवाया जाये।

समस्त कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लायें और जहां पर समस्या उत्पन्न हो रही है वहां मुख्य विकास अधिकारी, संबंधित उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से समस्याओं का समाधान कराया जाये और टीम भावना के साथ कार्य किया जाये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी स्कूलों, सरकारी आवासों, समाज कल्याण विभाग योजनाओं के अंतर्गत छात्रावास व स्कूल, जिला कारागार में आवास आदि से संबंधित कार्य प्रगति पर हैं, उन्हें शीघ्रता एवं गुणवत्ता तथा पारदर्शिता के साथ पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि जहां कार्य धीमी प्रगति पर हो वहां पर आवश्यकतानुसार लेवर व कर्मचारी बढ़ाये जायें। श्री सिंह ने कहा कि जो भी निर्माणाधीन कार्य प्रगति पर हैं वहां पर रैन वॉटर हार्वेस्टिंग प्लांट अनिवार्य रूप से लगाया जाए।जिन निर्माण कार्यों में शिकायत प्राप्त हो वहां के कार्यों की सैम्पलिंग करायी जाये और यदि मानकानुसार कार्य नहीं है, तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाये। विभाग गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। किसी भी कार्य में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के लिए लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, डीएफओ रजनीकांत मित्तल, डीडीओ गरिमा खरे, डीसी मनरेगा विजय पांडेय, लोक निर्माण विभाग के एक्सचियन अजय कुमार, उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक भास्कर मिश्रा, रोडवेज, लोक निर्माण, सेतु निगम, जल निगम, नगर निगम, आरईएस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

विद्युत लाइन की चपेट में आने से चार बच्चे झुलसे से

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एक की हालत स्थिर तीन की हालत गंभीर सैफई रेफर

एटा अलीगंज एचटी लाइन की चपेट में आने से चार बच्चे झुलस गए ग्रामीणों की मदद से सभी बच्चों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया उपचार के बाद हालात को नाजुक देखते हुए तीन बच्चों को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया आपको बताते चलें कि बुधवार को चारे से भरे ट्रैक्टर पर बैठे चार बच्चे वापस घर जा रहे थे तभी जूनियर स्कूल के समीप से गुजरा तो तेजी से विद्युत लाइन की चिंगारी उठने लगी और ट्राली पर बैठे बच्चे विद्युत लाइन की चपेट में आ गये चपेट में आने से बच्चे झुलस गये ग्रामीणों ने सभी को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया घटना की सूचना पर परिवारी जन अस्पताल पहुंचे वहीं तीन बच्चों की हालत को नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया

पीड़ित अकील का कहना है की लाइन बषों से नीचे लटक रही थी मैं अपने ट्रैक्टर से जानवरों का चारा लेकर के घर वापस जा रहा था नीची लाइन होने की वजह से ट्राली में बैठे बच्चे लाइन की चपेट में आ गये जिसमें दो बच्चे ननिहाल घूमने के लिए आए थे नजरुल पुत्र अकील 10 वर्ष सोहेब पुत्र अकील 13 वर्ष फरमान पुत्र गुलफान एचटी लाइन की चपेट में आने से बच्चे झुलस गए उपकेंद्र अधिकारी सोनू कुमार ने बताया कि बच्चे चारे से भरे ट्रैक्टर में बैठकर जा रहे थे ऊंचाई अधिक होने की वजह से लाइन की चपेट में आने से तीन की हालत गंभीर है एक फिलहाल ठीक है।

मथुरा : भीषण हादसा पति-पत्नी और देवर की दर्दनाक मौत

गर्भवती महिला को लेकर अस्पताल जा रहे थे दोनों भाई

मथुरा। थाना मांट क्षेत्र अंतर्गत बुधवार सुबह पानीगांव पर हुये दर्दनाक हादसे में बाईक पर सवार होकर जा रहे पति पत्नी और देवर की दर्दनाक मौत हो गयी। मांट पानीगांव रोड पर हुए हादसे में कार सवार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार तीनों मौत के मुंह में समा गये। मृतक महिला गर्भवती थी। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव में शोक की लहर है। आज पोस्टमार्टम गृह पर भारी संख्या में गांव के लाग मौजूद रहे।

नौहझील थाना क्षेत्र के चांदपुरकलां गांव का रहने वाला पंकज चौधरी (23 वर्ष) पुत्र नरेन्द्र सिंह आज सुबह अपनी पत्नी राधिका (21 वर्ष) और छोटे भाई आकाश को साथ लेकर बाइक से वृन्दावन की ओर जा रहा था। पानीगांव-डांगौली के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे राधिका और देवर आकाश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पंकज ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी भुवनेश दीक्षित ने बताया कि कार चालक का पता नहीं चल सका है, कार मौके से बरामद कर ली गई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कार वृंदावन के समीप से आ रही थी जबकि बाइक सवार मांट की तरफ से आ रहे थे। कार की स्पीड बहुत तेज थी जिसके कारण ड्राइवर कंट्रोल नहीं कर पाया और हादसा हो गया।

गर्भवती राधिका को थे दोनों भाई

नौहझील के चांदपुर गांव निवासी पंकज की पत्नी राधिका गर्भवती थी। उसकी तबीयत खराब होने पर दोनों भाई राधिका को दिखाने के लिए वृंदावन में स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में डॉक्टर के पास ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में हुये इस दुखद सड़क हादसे में तीनों की जान चली गयी। आज सुबह हुये इस भीषण हादसे की खबर लगते ही गांव में सन्नाटा पसर गया।

50 मीटर तक बाइक को घसीटती ले गई कार

मांट पानीगांव रोड पर डंगौली गांव के समीप हुआ यह हादसा इतना भयंकर था कि टक्कर मारने के बाद कार 50 मीटर दूर तक बाइक को घसीटते हुये ले गये। बाद में गाड़ी भी सड़क किनारे करीब 20 फीट गहरे गड्ढे गिरकर पलट गई। आरोपी कार चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया।

ज़िला गंगा समिति द्वारा शेरगढ़ घाट पर यमुना नदी के किनारे योग सप्ताह के तहत किया गया योगा व यमुना आरती

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो चीफ विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया 19 जून । जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में जनपद में 15 से 21 जून 2024 तक मनाए जाने वाले योग सप्ताह के तहत ज़िला गंगा समिति द्वारा शेरगढ़ घाट पर योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान यमुना आरती करते हुए योग के महत्त्व पर चर्चा की और योग गुरु द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा आयुष मंत्रालय द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार युवाओं को नशे से दूर रहने हेतु शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी आर के सिंह, उपप्रभागीय वनाधिकारी एमएस खान, क्षेत्रीय वनाधिकारी , ज़िला परियोजना अधिकारी एवं समस्त कर्मचारी एवं आमजन आदि उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय प्रधान संगठन की कार्यकारिणी का हुआ गठन

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

प्रधान संगठन के लिए एक-एक कतरा न्योछावर संतोष यादव

एटा अखिल भारतीय प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी की सहमति से जनपद एटा में संगठन को मजबूत करने के लिए यमराज मैरिज होम एटा आगरा रोड पर प्रदेश अध्यक्ष संतोष यादव की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक की गई जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारीयों को संगठन में दायित्व देकर के संगठन को मजबूत करने की अपील की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विनय यादव, राजेश कुमार सिंह मंडल अध्यक्ष, सत्येंद्र सिंह उर्फ आल्हा प्रधान जिला प्रभारी, अनुज प्रताप सिंह बॉबी जिला कोषाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह जिला महासचिव राजेंद्र सिंह कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव जिला सचिव हनी यादव जिला सचिव संतोष यादव ब्लॉक प्रभारी सकीट शैलेंद्र कुमार ब्लॉक अध्यक्ष निधौली कलां सभी पदाधिकारीयों को नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर प्रदेश अध्यक्ष संतोष यादव ने 15 दिन के अंदर कार्यकारी गठन करने के दिए निर्देश बैठक के दौरान सैकड़ो प्रधान रहे उपस्थित नव

नियुक्त पदाधिकारीयों को फूलमाला पहना कर किया गया जोरदार स्वागत प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनपद एटा के साथ-साथ पूरे प्रदेश भर में प्रधानों के हितों के लिए संघर्ष का ऐलान जारी रहेगा प्रधानों के अधिकार और सम्मान के लिए अखिल भारतीय प्रधान संगठन आगामी समय में लखनऊ में बड़ा आंदोलन करेगा।

प्रधानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करूंगा संतोष यादव

अखिल भारतीय प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा की प्रधान संगठन के लिए मेरा एक-एक शरीर का कटरा समर्पित है प्रधानों का उत्पीड़न बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करूंगा पूरे प्रदेश भर में प्रधानों पर अत्याचार हो रहा है अगर प्रदेश सरकार ने किसानों के अत्याचार पर रोक नहीं लगाई तो लखनऊ में करूंगा बड़ा आंदोलन ब्लॉक तहसील में बैठे कुछ अधिकारी प्रधानों का काम बिना पैसा लिए नहीं करते हैं तमाम ऐसी योजनाओं को लागू किया गया है जिससे प्रधान अपनी पंचायत में काम ठीक से नहीं कर पा रहे हैं इन समस्याओं को लेकर के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन कई बार दिए जा चुके हैं उसके बावजूद भी उत्पीड़न रोकने का नाम नहीं ले रहा है अगर उत्पीड़न नहीं रुका तो पूरे प्रदेश भर के लोग लखनऊ में प्रधान संगठन आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।

ट्रैक्टर टैंकर की चपेट में आने से 6 वर्षीय बालक घायल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह कि रिपोर्ट

झांसी के कस्बा गुरसरांय जल संस्थान द्वारा संचालित टैंकरों से पेयजल सप्लाई दौरान ट्रैक्टर चला रहे ड्राईवर और ठेकेदार की लापरवाही के चलते ट्रैक्टर टैंकर गांधी नगर गुरसराय में एक 6 वर्षीय बालक के ऊपर चढ़ गया। जिसको देखते हुए पूरे मुहल्ले के लोग दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद टैंकर का पानी खाली कराकर लगभग 15 मिनट बाद बालक को गंभीर रूप से घायल होने पर उसे स्वास्थ्य केन्द्र गुरसरांय लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बालक की हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कालेज झांसी रिफर कर दिया गया है। बताया गया है कि गांधी नगर में सुरेन्द्र कुमार अहिरवार का 6 वर्षीय पुत्र कृष्णा सड़क पर अपने घर के आस पास खड़ा था। तभी 12 बजे लगभग दिन को एक ट्रैक्टर टैंकर सहित पानी भरा हुआ गांधी नगर पहुंचा लेकिन मौके पर ठेकेदार का कोई आदमी नहीं था और ड्राइवर द्वारा लापरवाही से ट्रैक्टर को गलत दिशा में मोड़ देने से उक्त बालक के ऊपर ट्रैक्टर और टैंकर के मध्य फस जाने से पूरे मुहल्लावासियों में कोहराम मच गया और मुहल्लावासियों के सहयोग से टैंकर को खाली करके किसी प्रकार बालक को

निकाला जा सका। इस घटना से लोगों में गैर जिम्मेदारान तरीके से ठेकेदार द्वारा ट्रैक्टर चलवाने से घटित घटना को लेकर आक्रोश बढ़ गया है। उधर गुरसरांय पुलिस द्वारा उक्त ट्रैक्टर को मौके से गुरसरांय थाना बरामद कर लिया गया है। उक्त ट्रैक्टर पर कोई भी नंबर अंकित न होने से ट्रैक्टर संचालन को लेकर जल संस्थान व ठेकेदार पर सवालिया निशान उठ रहे हैं। बताया तो यहां तक जा रहा है कि बड़ी मात्रा में फर्जी पेयजल सप्लाई टैंकरों द्वारा कागजों में दर्शाने के चक्कर में यह घटना लापरवाही के चलते घटी है। समाचार लिखे जाने समय तक मुकदमा दर्ज नही हुआ था।

हाईवे पर खड़े ट्रक से भिड़ी तेज रफ्तार बस, 18 यात्री घायल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह कि रिपोर्ट

झांसी से मध्यप्रदेश के पिछोर जा रही बेतवा बस सोमवार दोपहर करीब पौने चार बजे जिला शिवपुरी के दिनारा कस्बे के सिकंदरा आरटीओ बैरियर के पास सेठ जी ढाबा के सामने सड़क किनारे खड़े ट्रक से भिड़ गई। इस हादसे में बस में सवार 18 यात्री घायल हो गए। इनमें गंभीर घायल पांच यात्रियों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि तेज रफ्तार के चलते बस बेकाबू हो गई और पीछे से ट्रक में जा भिड़ी। सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे झांसी अंतर्राज्यीय बस अड्डे से 40 से अधिक सवारियों को लेकर बेतवा बस मध्यप्रदेश के पिछोर जा रही थी। बस में सवार यात्रियों का कहना है कि झांसी-शिवपुरी हाईवे पर पहुंचते ही चालक ने बस की रफ्तार बढ़ा दी। यात्रियों ने चालक को रफ्तार धीमी करने को कहा, लेकिन उसने रफ्तार कम नहीं की। बस जैसे ही दिनारा थाने से आगे सिकंदरा आरटीओ बैरियर के पास पहुंची, वहां सेठ जी के ढाबा के सामने सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था। चालक से बस बेकाबू हो गई और बस का बायां भाग ट्रक से जा भिड़ा। जोरदार टक्कर होने से बस के अगले

हिस्से के परखच्चे उड़ गए।टक्कर होते ही चीख पुकार मच गई। बस में सवार झांसी के गुमनावारा निवासी दिलीप, बेनी बाई, राकेश, बदौरा निवासी बन सिंह, राधिका, गीता, राजा, प्रवेश, बबीना निवासी दिलीप, क्रांति एवं अरुण, राम निवास, सुरेश निषाद, राजबिहारी, अशोक सिंह, गुड्डी घायल हो गए। सभी के हाथ, पांव और सिर में गहरी चोट आई। हादसे की सूचना पर जिला शिवपुरी के थाना दिनारा की पुलिस भी पहुंच गई। वहीं चालक बस छोड़कर फरार हो गया। एंबुलेंस से सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया, यहां दिलीप, बेनी बाई, राकेश, बन सिंह की हालत नाजुक होने पर उनको मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। यहां इनको इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है।

बालिका सशक्तिकरण अभियान समारोह के साथ संपन्न , जेम छात्राओं की दी गई भावभीनी विदाई

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो चीफ विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया 19 जून। जनपद औरैया में स्थित एनटीपीसी परियोजना में चौथी बार बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपर्युक्त कार्यशाला 21 मई, 2024 से प्रारम्भ होकर 17 जून, 2024 तक जारी रही। गत दिवस

बालिका सशक्तिकरण अभियान का समापन किया गया। श्री एन.एस. राव, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय लखनऊ, को समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था।मुख्य अतिथि के साथ श्री जयदेव परिदा, मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी औरैया, श्रीमती संघमित्रा परिदा, अध्यक्षा जागृति महिला मंडल एवं विभागाध्यक्षों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ जेम समापन समारोह का शुभारम्भ किया गया।

श्रीमती संघमित्रा परिदा, अध्यक्ष जागृति महिला मंडल ने बच्चियों को अपना स्नेहपूर्ण आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि इन बच्चों में कुछ कर गुजरने की इच्छाशक्ति है ये उनके आज के प्रस्तुतिकरण से पता चलता है। उन्होंनें बच्चों के माता-पिता से कहा कि इनके सपनों के उड़ान के बीच बाधक बनने की कोशिश न करें बल्कि उन्हें आगे बढ़ने दें, उन्हें चुनौतियों से लड़ना सिखाएँ। संघमित्रा जी ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि पढ़ो-लिखो, आगे बढ़ो और अपने माता-पिता, स्कूल तथा देश का नाम रोशन करते रहो।

इस अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए श्री जयदेव परिदा, मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी औरैया ने कहा कि ये बच्चियाँ बहुत ऊर्जावान हैं बस इन्हें समय-समय पर ऐसे अवसर प्रदान करने होंगे, जिससे इन बच्चियों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंनें यह भी कहा कि इन बच्चियों के शिक्षा स्तर में नए-नए आयाम जुड़ते रहे इसके लिए हमारी परियोजना एनटीपीसी औरैया सदैव प्रयासरत रहेगी। जयदेव परिदा ने उक्त एजेंसी के कॉर्डिनेटर श्री साहिल

मलिक एवं अन्य फैकल्टीज को भी एक माह तक बच्चों को ज्ञान का प्रसाद देने तथा अन्य गतिविधियों से संबंधित विस्तृत जानकारियां प्रदान करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री एन.एस. राव ने कहा कि बच्चों के आज के प्रस्तुतिकरण से यह ज्ञात हो गया कि ये बच्चे बड़े होकर इतिहास अवश्य रचेंगे, क्यों कि इन बच्चों ने स्वयं ही बताया है कि राह में आने वाली मुश्किलें इनका कुछ नहीं बिगाड़ सकतीं हैं। इनके जज्बे को देखकर मैं यही कहूँगा कि सचमुच एक माह के अंदर इन्हें हौसलों के पर मिल गये हैं बस इन्हें अपना आसमान तय करना है और उड़ान भरना है। उन्होंनें बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि केवल सपने देखना ही नहीं अपितु उन्हें साकार भी करना है तभी जीवन की सार्थकता है। तुम सभी भारत का उज्ज्वल भविष्य हो इसलिए शिक्षा का दामन थामे रहना। सफलता एक दिन तुम्हारे कदम अवश्य चूमेगी, कहकर बच्चों को आशीर्वाद भी दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि के साथ अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा बच्चों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किये गये। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में वॉटर डांस, योगा पर्फोर्मेंस, सेल्फ डिफेंस पर्फोर्मेंस, बालिका सशक्तिकरण अभियान पर आधारित नाटक अन्य इत्यादि प्रस्तुत किये, जिनका उपस्थित सभी ने मंत्रमुग्ध होकर अवलोकन किया। साथ ही मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा एक माह के दौरान बच्चों द्वारा बनाए गये आर्ट एवं क्राफ्ट की प्रदर्शनी का भी सहर्ष निरीक्षण किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि श्री एन.एस. राव, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक, उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय लखनऊ के साथ श्री जयदेव परिदा, मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी औरैया, श्रीमती संघमित्रा परिदा, अध्यक्षा जागृति महिला मंडल, श्री संजय कुमार बाल्यान, अपर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री वेद प्रकाश पांडेय, अपर महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री), श्री तन्मय दत्ता, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), डॉ. बिजय नायक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (स्वास्थ्य केंद्र), अन्य सभी विभागाध्यक्षगण, सुश्री जेनिट फर्नान्डिस, कार्यपालक मानव संसाधन-सी.एस.आर., जागृति महिला मंडल की समिति-सदस्य, उक्त एजेंसी के कोडिनेटर श्री साहिल मलिक के साथ अन्य जैम फैकल्टीस, एनटीपीसी के कर्मचारीगण, जेम की 40 छात्राएँ एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

स्कूल आने-जाने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो, वे सभी स्वस्थ बने रहें तथा बच्चियों के दिलों में एनटीपीसी औरैया की यादें तरो-ताजा रहें इसलिए जेम के अंतर्गत प्रशिक्षित 40 छात्राओं को भेंटस्वरूप आरोग्यम् किट एवं साइकिलें प्रदान कीं गयीं। इसके साथ ही बच्चियों को औरैया परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गयी।

1752 विद्यालयों के शैक्षणिक स्तर में होगा सुधार, मनमानी पर लगेगा अंकुश - डॉ.प्रेमलाल डीईओ

आधुनिक स्तर पर होगा विद्यालयों का निरीक्षण, लापरवाह विद्यालय स्टाफ पर गिरेगी कार्रवाई की गाज

सीधी।

विगत वर्षो से भी बेहतर वार्षिक परीक्षा का परिणाम लाने हेतु एवं जिले के शैक्षणिक स्तर में सुधार दर्ज कराने की मंशा लिये कलेक्टर के निर्देशन में पूरी तैयारियाँ कर ली गयी हैं। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशन में एक ओर जिले के 1752 शासकीय विद्यालयों में प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है, वहीं कलेक्टर द्वारा विद्यालयों में कार्यरत लगभग 6500 स्टाफ पर पैनी नजर बनाये रखने हेतु टीम गठित कर त्वरित रूप से उचित विधिक कार्रवाई हेतु निर्देशित भी किया गया है। ऐसे में लापरवाह शिक्षक एवं स्टाफ जो कार्य अवधि में कार्यालय में उपस्थित नही रहते हैं, उन पर कार्रवाई की गाज गिरनी लगभग तय मानी जा रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रेमलाल मिश्रा ने चर्चा के दौरान बताया कि नवीन शिक्षा सत्र में विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास हेतु पढ़ाई, खेल एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन सुनियोजित ढंग से किया जायेगा। सीधी जिले का मान प्रदेश एवं देश तक पहुँचाने का सपना लिये खाका तैयार किया गया है, जिसका क्रियान्वयन भी प्रांरभ हो गया है। वहीं मिल रही शिकायतो के आधार पर बताया गया कि शासकीय विद्यालयों में कई लापरवाह शिक्षक कार्य अवधि में भी कार्यस्थल से नदारत रहते हैं या फिर विद्यालय विलंब से पहुँचते हैं। इन पर अंकुश लगाने की मंशा लिये कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशन में टीम गठित की गयी है। जिनके द्वारा समय समय पर औचक निरीक्षण एंव आधुनिक उपकरण की मदद से गुणवत्ता सहित अन्य पहलुओं की जॉच भी की जायेगी साथ ही उचित विधिक कार्रवाई होगी। डॉ.मिश्रा ने बताया कि गठित टीम के सदस्य विद्यालयों में विद्यालय प्रारंभ होने के पहले पहुँच कर विद्यालय में स्वच्छता, प्रबंधन एवं विद्यालय संचालन की समस्त गतिविधियों का निरीक्षण कर साथ ही वीडियो कॉलिंग एवं अन्य माध्यमों से वरिष्ट अधिकारियों को भी विद्यालय से ही अवगत करेगें। इसके बाद अपने दायित्व निर्वहन में लापरवाही बरतने वाले स्टाफ के विरूद्ध त्वरित रूप से दण्डात्मक कार्रवाई प्रभावी की जायेगी।

ऐप के माध्यम से उपस्थिती की चल रही तैयारी -

राज्य शासन के आदेशानुसार सीधी जिले के शासकीय विद्यालयों में लापरवाहों की मनमानी पर अंकुश लगाने की तैयारियाँ कई स्तर पर चल रही है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी की निगरानी में टीम गठित हो गयी है साथ ही बायोमेट्रिक, ई अटेंडेंस एवं ऑन लाईन ऐप के माध्यम से कसावट लाकर शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने हेतु कार्ययोजना पर विचार चल रहा है। सूत्रो की माने तो देर से कार्यालय आने वाले एवं मनमर्जी से कार्यालय से गायब हो जाना अधिकतर सरकारी कर्मचारियों की आदत में शुमार है। लेकिन मध्यप्रदेश सरकार अब उनकी इस मनमानी पर अंकुश लगाने जा रही है।। सरकार बायोमेट्रिक फेस से उपस्थिति की व्यवस्था इस बार कड़ाई से लागू करने की तैयारी में जुटी है। यह व्यवस्था मंत्रालय से लेकर नीचे तक सभी विभागों के प्रत्येक कार्यालय में लागू करने की योजना है। सामान्य प्रशासन विभाग हाल में बायोमेट्रिक फेस अटेंडेंस सिस्टम लागू करने के संबंध में निर्देश दे चुका है। विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में दिशा.निर्देश जारी कर कहा गया है कि उन्हें मंत्रालय से लेकर मुख्यालय और जिला से लेकर तहसील कार्यालय तक कर्मचारियों की उपस्थिति की व्यवस्था लागू करनी होगी। इसके लिए आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली उपकरण खरीदे जाएंगे। खास बात यह है कि कर्मचारियों की ईएल और सीएल भी इसी प्रणाली के सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृति या खारिज की जाएगी। मंत्रालय के कर्मचारियों के स्मार्ट आईडी कार्ड बनाने पर भी विचार किया जा रहा है।

नपा ने चलवाया जेसीबी, नगर के प्रवेश द्वार से हटा गंदगी का अंबार

खबर का हुआ असर

सीधी।

नगर के प्रवेश द्वार जमोड़ी तिराहा पर चारो ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ था। जिसकी सड़न दुर्गंध से ग्रामींणो एवं यहॉ से गुजरने वालों का हाल बेहाल था। विगत दिवस समाचार माध्यम से उक्त समस्या को प्राथमिकता के साथ उजागर कर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया गया था। जहॉ जिला प्रशासन द्वारा खबर को प्राथमिकता देते हुए एक बार फिर जन समस्याओं से जुड़े मुद्दो पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गंदगी के अंबार पर जेसीबी चलवाते हुए मौजूद कचरे का उचित प्रबंधन कराया गया। जिसके बाद ग्रामींणो ने राहत भरी सांस ली।

आपको बताते चलें कि नगर के प्रवेश द्वार पर नगर से प्रतिदिन निकलने वाला गीला एवं सूखा कचरा यहॉ पर फेंका जा रहा था। जिसका ग्रामींणो के द्वारा महीनो से विरोध दर्ज कराया जा रहा था। जहां.तहां कूड़े.कचरे का अंबार और सड़कों पर बेतरतीब ढंग से पसरी हुई गंदगी सीधी की पहचान बन रही थी। वहीं मिनी अग्रवाल सीएमओ नगर पालिका परिषद सीधी के द्वारा जन समस्याओं के निवारण की दिशा में कदम उठाते हुए त्वरित रूप से विधिक कार्रवाई कर साफ तौर पर चेताया गया है कि नगर की स्वच्छता से खिलवाड़ करने वाले एवं नगर पालिका प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के विपरीत कार्य करने वालों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जायेगी।

विधायक धौहनी ने टीका लगाकर बच्चों का किया विद्यालय में स्वागत

टंसार में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित

सीधी

पीएम श्री स्कूल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विद्यालय टंसार विकासखण्ड कुसमी मे स्कूल चलें हम अभियान का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम के मुख्य आतिथ्य तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्यामवती सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। विधायक श्री टेकाम द्वारा कुसमी की शैक्षणिक उपलब्धि के लिए समस्त प्राचार्य, जन शिक्षक, शिक्षकों तथा विभाग के अमले की प्रशंसा की गई तथा 03 वर्ष से अधिक के सभी बच्चों का सर्वे कर व्हीईआर अद्यतन करने, शाला त्यागी, अप्रवेशी बच्चों का चिन्हाकंन कर सभी बच्चों को प्रवेश देने, बच्चों की वास्तविक शैक्षिक स्थिति का आकलन कर बच्चों की वास्तविक शैक्षिक स्थिति अनुसार शैक्षिक कार्य योजना बनाकर अध्यापन करने, शिक्षक, अभिभावक की मासिक बैठक आयोजित करने, अभिभावकों को बच्चों की उपस्थिति, शैक्षिक स्थिति, शासन से मिलने वाले लाभ की जानकारी देने, बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करने, माताओं की बैठक बुलाकर बच्चों के द्वारा किए गए कार्यो को अवगत कराने, प्रतिदिन प्राथमिक में पांच पन्ना तथा माध्यमिक, माध्यमिक तथा हायर सेकण्ड्री में 8 से 10 पन्ना बोलकर लिखाने हेतु प्रेरित किया गया।

जिला परियोजना समन्वयक राजेश तिवारी द्वारा अपने उद्बोधन में शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि सभी शिक्षक समय से समय तक विद्यालय में रहकर गुणवत्ता युक्त सर्वोन्मुखी शैक्षिक कार्य करें। छात्रों को शासन से मिलने वाले लाभ जैसे पाठ्य पुस्तक, गणवेश, साइकिल, छात्रवृत्ति आदि समय पर उपलब्ध कराने तथा इसकी जानकारी से समय-समय पर उनके अभिभावकों को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। एपीसी सीधी डॉ. सुजीत मिश्र द्वारा कहा गया कि विद्यालय में साप्ताहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करावें तथा प्रयास करें कि सभी बच्चे क्रमशः सहभागिता करें। विद्यालय की साफ -सफाई ,पुताई, रंगाई, पेंट, लेखन, शौचालय की क्रियाशीलता, पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु समझाइए दी गई।

बीआरसीसी कुसमी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी द्वारा शैक्षिक सुधार योजना का निर्माण एवं क्रियान्वयन, एफएलएन कक्षाओं का विधिवत संचालन, ऑनलाइन एवं निष्ठा आदि से प्रशिक्षण, स्वयं सिद्ध स्विफ्ट चौट एप से बच्चों का साप्ताहिक असेसमेंट पूरा कराने, नियमित मीनू अनुसार भोजन वितरित कराने हेतु अनुरोध किया गया तथा इस सत्र को शिक्षा गुणवत्ता सत्र के रूप में मनाएं जाने हेतु प्रेरित किया गया।

प्रवेश उत्सव में बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तथा सभी बच्चों के शाला में प्रवेश पर नाटिका प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम मे भूपाल सिंह उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कुसमी, जिला पंचायत सदस्य हीरावाई सिंह, जनपद सदस्य जमुनी देवी, मोनी प्रजापति, सरपंच टमसार मकरंद सिंह, सरपंच महखोर कैलास गुप्ता, एस डी एम कुसमी एस पी मिश्रा, बी ई ओ कुसमी, थाना प्रभारी कुसमी, नायब तहसीलदार कुसमी, रविचंद दास बीइओ कुसमी, पोंड़ी की मण्डल अध्यक्ष अनीता सिंह, कुसमी विकासखंड के सभी हायर सेकेंड्री तथा हाईस्कूल के प्राचार्य, सभी प्रधानाध्यापक, सभी जनशिक्षक, निपुण प्रोफेशनल विपुल चंद झा, एमआरसी कुसमी द्वय, कुसमी विकासखंड के सभी शिक्षक, अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

कोतवाली पुलिस ने नशा विक्रेता को धर दबोचा, 1.40लाख की बनाई जप्ती

सीधी। डॉ रविंद्र वर्मा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकअरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में हो रहे अवैध मादक प्रदार्थो के परिवहन विक्रय के विरूद्ध अभियान चलाकर सीधी के नौजवानो को नशे की गिरफ्त से बाहर लाने के प्रयास में लगातार जारी है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर 17 जून को थाना प्रभारी कोतवाली अभिषेक उपाध्याय को जरिये मुखबिर सूचना मिली की अपाचे मोटर सायकल से शिवम उर्फ शिवेंद्र सेन एवं मन्नत उर्फ राजीव सिंह अवैध कफ सिरफ विक्रय हेतु अमरपुर से सीधी तरफ लेकर आ रहे है। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा अविलम्ब वरिष्ठ अधिकारियो को सूचित किया जाकर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक टीम गठित कर मुखविर के बताये स्थान सैरपुर पुलिया के पास जाकर मोटर सायकल का इंतजार किया गया जहाँ एक अपाचे मोटर सायकल आती दिखाई दी, जिसे हाँथ देकर रोका गया तो मोटर सायकल के पीछे बैठा व्यक्ति आनरेक्स कफसिरफ मोटर सायकल मे रख कर अँधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। मोटर सायकल चला रहे व्यक्ति को पकड़कर उसका नाम पता पूछा गया एवं उसकी तलाशी ली गई तो एक झोले में अवैध आनरेक्स कफसिरफ की 50 नग कीमती लगभग 15,000 रूपये मिली जिसके रखने व विक्रय के संबंध में कागजात की मांग की गयी किन्तु किसी तरह के कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नही किया। जिस पर थाना कोतवाली द्वारा आरोपी के विरुद्ध ड्रग कंट्रोल अधिनियम 1949 की धारा 5/13 एवं एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21, 22 के तहत अपराध कायम कर 50 नग आनरेक्स कफसिरफकीमती 15 हजार एवं परिवहन मे प्रयुक्त अपाचे मोटर सायकल कीमती 1 लाख 25 हजार रुपये कुल कीमती 1 लाख 40 हजार जप्त कर विवेचना में लिया गया है तथा फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पृथक से टीम गठित कर लगाया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय, सउनि राजमणि अहिरवार, आरक्षक अक्षय तिवारी, संजय सोलंकी की सराहनीय भूमिका रही।



3 करोड़ 45 लाख रुपए का घोटाला, हितग्राहियों के खाते किए सील

प्रधानमंत्री आवास घोटाला- लाड़ली बहना और वृद्धावस्था पेंशन पर असर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान नर्मदापुरम स्थानीय संपादक

नर्मदापुरम-ः शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना में घोटाले का मामला सामने आया है। इस घोटाले में नगर पालिका के अधिकारियों की कथित संलिप्तता है। इस मामले में हितग्राहियों के बैंक खाते सील किए जा रहे हैं। घोटाले में नपा के कुछ अधिकारियों का हाथ है, जिन्होंने गरीब लाभार्थियों के खातों से अवैध वसूली की है। खाते सील होने से योजनाओं पर असर पड़ेगा। लाड़ली बहना योजना और वृद्धावस्था पेंशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का पैसा लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पा रहा है। कई गरीब परिवारों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष के कार्यकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना में घोटाले का मामला सामने आया है, जिसमें लगभग आधे दर्जन से अधिक अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। घोटाले की राशि लगभग तीन करोड़ पैंतालीस लाख रुपये बताई जा रही है। सब इंजीनियर रमेश वर्मा, जो इस घोटाले का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है को पदोन्नति दी गई है, जबकि शासन स्तर पर पदोन्नति बंद है। वर्मा को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के दबाव में दोबारा नगर पालिका में पदस्थ किया गया है। जो न केवल नियमों के खिलाफ है, बल्कि अन्यायपूर्ण भी है। यह स्थिति लोगों के लिए असहनीय है और उनके न्याय की मांग को और जोर देती है। लगभग 50 हितग्राहियों के खाते सील किए गए हैं, जिनके खाते में 5 से 6 लाख रुपये डाले गए थे। यह पैसा अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा निकालकर हड़प लिया गया था। अब नगर पालिका प्रशासन इन गरीब हितग्राहियों से वसूली करने के आदेश दे रहा है, जबकि गलती नगर पालिका प्रशासन की है।

घोटाले के मास्टरमाइंड को दोबारा लाए ताकि कर सके लीपापोती

प्रधानमंत्री आवास घोटाले में मास्टरमाइंड अधिकारी रमेश वर्मा को दोबारा नर्मदापुरम लाया गया है। कमिश्नर ने इनको आदेश भी दिए हैं। जब यह नगर पालिका में पदस्थ थे तब इन्हें कारण बताओ नोटिस भी दिया गया था। जिसमें कहा था कि हितग्राहियों के नाम कलेक्टर के अनुमोदन कराए बिना योजना का लाभ दे दिया गया । वहीं अनियमित भुगतान किया गया। इसके साथ ही हितग्राहियों का निर्माण कार्य नहीं हुआ । अनियमित भुगतान हुआ। लेंटर तक निर्धारित राशि से अधिक राशि का भुगतान हुआ। 2.50 लाख रुपए से अधिक की राशि का भुगतान किया गया। इस पर कार्रवाई करने का नोटिस दिया गया था। जिसका जवाब 15 दिन में मांगा गया था। अब इन्हें फिर से यहां दोबारा लाया गया है और सदस्य बनाया गया है ताकि मामले में लीपापोती कर सके। बताया जाता है कि तात्कालिक नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल के कार्यकाल में वर्मा पदस्थ थे। उनके खास थे और उन्हीं के इशारे पर रमेश वर्मा को यहां पदस्थ किया गया है ताकि मामले की लीपापोती कर की जा सके। इस घोटाला से गरीब हितग्राही काफी प्रभावित हुए।

इनका कहना है

जिन लोगों के खाते में प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि गई थी उनकी राशि वापस आ जाएगी। गलत तरीके से राशि चली गई थी। जब राशि वापस आ जाएगी तो उनका खाता ओपन कर दिया जाएगा। रही बात अधिकारियों की मिली भगत की तो इसमें जांच चल रही है।

हेमेश्वरी पटले
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नर्मदापुरम

प्रशासनिक समीक्षा बैठक में सम्मिलित हुए सांसद एवं विधायक

जनता की सुविधा के लिए कार्यों की समयबद्धता व गुणवत्ता करें सुनिश्चित ः सांसद दर्शन सिंह

प्रशासनिक अधिकारी रखें जनता की सुरक्षा व सुविधा का ध्यान - दर्शन सिंह चौधरी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान नर्मदापुरम

स्थानीय संपादक जितेंद्र व्यास

नर्मदापुरम -ः बुधवार को कृषि उपज मंडी नर्मदापुरम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ नर्मदापुरम - नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी राज्यसभा सांसद माया नारोलिया नर्मदापुरम विधायक सीताशरण शर्मा प्रशासनिक बैठक की। इस बैठक में तहसील एवं जिला स्तर के अधिकारियों को कार्यो को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को कहा कि शासन की योजनाओं को नीचे तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हमारी है। जन प्रतिनिधियों के साथ बेहतर संवाद-समन्वय बनाकर रखें और जनहित के प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखें। प्रत्येक प्रकरण के लिए उनकी जवाबदेही है। इसलिए समयबद्धता, गुणवत्ता सुनिश्चित कर कार्यों को गति प्रदान करें। बैठक में खाद्य विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आबकारी विभाग, पीएचई विभाग, भू विभाग, लोक निर्माण विभाग, एमपीईबी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में प्रमुखता से क्षेत्र में निवासरत नागरिकों, किसानों की सुरक्षा, सड़क एवं भवन निर्माण कार्य, यातायात व्यवस्था , ग्रामीणों एवं किसानों के लिए सेविंग ग्राम में एक्स्ट्रा ट्रांसफार्मर सहित नागरिकों की विभिन्न सुविधाओं और योजनाओं की समीक्षा की गई । अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के उचित समाधान के निर्देश दिए।

मुरार क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये व्यापारियों के साथ हुई बैठक

दुकान के बाहर सामग्री न रखने एवं लाइन के बाहर वाहन खड़ा न करने पर बनी सहमति

दुकान के सामने सड़क पर रखी सामग्री व लाइन के बाहर खड़े वाहन होंगे जब्त

, दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर -/* ग्वालियर शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये जिला प्रशासन, नगर निगम व पुलिस द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस कड़ी में मुरार क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये बुधवार को मुरार के व्यापार मण्डल के साथ अधिकारियों की अहम बैठक हुई।

मुरार के प्रभारी एसडीएम श्री सूर्यकांत त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में व्यापारियों से कहा गया कि मुरार क्षेत्र के बाजारों में दुकानदार अपना सामान व होर्डिंग इत्यादि दुकान के बाहर न रखें। साथ ही सड़क के दोनों ओर डाली गई सफेद लाइन के भीतर ही दुकानदार स्वयं और अपने ग्राहकों के वाहन खड़े कराएँ। लाइन के बाहर कोई भी वाहन खड़ा न हो। व्यापारियों ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि अब जो भी सामग्री व वाहन इत्यादि अवैध रूप से सड़क पर रखा पाया गया तो उसे जब्त करने की कार्रवाई की जायेगी। बैठक में जिला प्रशासन, नगर निगम व पुलिस के अधिकारी मौजूद थे।

अच्छी बरसात के लिए हुआ निर्जला एकादशी को प्रारंभ अखंड रामायण का पाठ बड़े मंगल को हुआ समापन

ग्वालियर 18 जून संकट मोचन हनुमान बालाजी धाम मंदिर गोलपाड़ा के चरण सेवक जगबीर दास ने बताया कि शहर में विगत वर्षो अल्प वर्षा के कारण वर्तमान में पानी का संकट गहराया हुआ है ऐसे में ईश्वर कलयुग के प्रधान हनुमान जी महाराज को को प्रसन्न करने के लिए 17 जून निर्जला एकादशी सोमवार शाम 6ः00 बजे से श्री रामचरितमानस अखंड रामायण का पाठ प्रारंभ किया गया जिसका समापन ज्येष्ठ मास के बड़े और चौथे आखरी मंगलवार को हुआ रात्रि 8ः00 बजे से सुरुचि भोजन प्रसादी का आयोजन भी किया गया

गंभीर मरीजों को इलाज नहीं मिलने से हो रहे रैफर,2 वर्षो से एमडी मेडिसिन डॉक्टर पदस्थ न होंने से बंद पड़ा मिनी हाई डिफिसियेंसी सेंटर, मशीनें हो रही खराब

सबलगढ़ सिविल हॉस्पिटल में गंभीर प्रसूति महिला और अन्य मरीजों को 12 बिस्तरों की हाई डेफिशिएंसी यूनिट में ऑक्सीजन सुविधायुक्त है।यह 50 बिस्तर के सिविल हॉस्पिटल पर हाई डेफिशिएंसी यूनिट 2 वर्ष पहले 56लाख की लागत से बनकर तैयार हो गई। लेकिन एमडी मेडिसिन डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने से अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। जिससे मरीजों को इलाज संभव नहीं हो पा रहा है। मंगलवार को गर्मी के कारण मरीजों की हालत बिगड़ रही हैं लेकिन मिनी आईसीयू की तरह हाई डिफिशिएंसी सेंटर सुविधा होने पर भी एमडी मेडिसिन डॉक्टर पदस्थ नहीं होने से इलाज नहीं मिल पा रहा है।लेकिन विगत 18 माह से यह यूनिट अपने शुरू होंने का इंतजार कर रही है।जिला चिकित्सालय से एमडी मेडिसिन डॉक्टर नहीं मिलने से थोड़ी परेशानी आ रही है।जबकि हास्पीटल में 600 के करीब ओपीडी रहती है।हाई डेफिशिएंसी यूनिट 2 वर्ष पहले बनकर तैयार हो गई थी।कोरम पूर्ति करने के लिए इसका लोकार्पण तत्कालीन एसडीएम मेघा तिवारी से 1.5 वर्ष पहले कराने के बाद भी अभी तक शुरू नहीं हो पाई है।हाई डिफेंसियेंशी यूनिट चालू नहीं होने से मरीज अभी भी लगातार रेफर हो रहे हैं।कई युवा एवं अधेड़ व्यक्ति काल के गाल में समा चुके हैं। शासन,प्रशासन एवं नवनिर्वाचित

जनप्रतिनिधियों का भी कोई ध्यान नहीं है। गंभीर एवं प्रसूति रोग के मरीजों को जिला चिकित्सालय रेफर करने का नहीं थम रहा सिलसिला। प्रसूति एवं गंभीर व सामान्य रोगियों का बीपी बढ़ने एवं ऑक्सीजन लेवल कम होने के कारण जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जाता है।क्योंकि सिविल हॉस्पिटल पर एमडी मेडिसिन डॉक्टर पदस्थ नहीं है।जिसके कारण हाई डिफिशिएंसी यूनिट भी शुरू नहीं हो पाई है।जिससे मरीजों को रेफर करने का सिलसिला नहीं थम पा रहा है।लेकिन स्वास्थ्य विभाग का कोई ध्यान नहीं है।जबकि सबलगढ़ से 70 किलोमीटर दूरी पर जिला चिकित्सालय स्थित है ।जिससे पड़ोसी जिले श्योपुर की वीरपुर और विजयपुर तहसील के मरीज भी रेफर होकर सबलगढ़ आते है।क्योंकि 125 किलोमीटर की दूरी पर जिला चिकित्सालय श्योपुर स्थित है लेकिन कुछ प्रसूताओं एवं सामान्य मरीज का इलाज सिविल हॉस्पिटल सबलगढ़ पर भी नहीं हो पा रहा है। महेश शर्मा की हालत गंभीर होंने ने से जिला चिकित्सालय रैफर किया जा रहा है। सिविल अस्पताल में मरीज सुबह से भर्ती है लेकिन बीपी लो हो रहा है। जिसका रैफर के अलावा कोई इलाज नहीं है। सीएमएचओ डॉक्टर राकेश शर्मा का कहना सिविल हॉस्पिटल सबलगढ़ पर एमडी मेडिसिन डॉक्टर भेजने के लिए पुनः प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। जिला चिकित्सालय पर अतिरिक्त एमडी मेडिसिन डॉक्टर उपलब्ध नहीं है।

स्मार्ट सिटी की सिटी लेवल एडवाइजर फोरम की बैठक 20 जून को

सांसद भारत सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में होगी बैठक

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर -/*/ स्मार्ट सिटी की सिटी लेवल एडवाइजर फोरम (सीएलएएफ) की बैठक 20 जून को सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में आयोजित होगी। इस दिन यह बैठक प्रातः 11 बजे मोतीमहल स्थित स्मार्ट सिटी के सभागार में होगी। बैठक में स्मार्ट सिटी के कार्यो की समीक्षा की जायेगी।

जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी जोरों पर

जगह-जगह दिया जा रहा है योग प्रभारियों को कॉमन योगा प्रोटोकॉल प्रशिक्षण

ग्वालियर -/- जिले में भव्यता के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए तैयारियाँ जारी हैं। इस कड़ी में योगाभ्यास के काउंटडाउन के तहत भितरवार विकासखंड में योग प्रभारियों एवं प्रतिभागियों को कॉमन योगा प्रोटोकॉल प्रशिक्षण दिया गया। भितरवार स्थित सरस्वती गार्डन में मुख्यमंत्री योग प्रशिक्षण केंद्र द्वारा जिला प्रशासन एवं जिला योग समिति के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल, उमावि माध्यमिक तथा प्राथमिक विद्यालयों के योग प्रभारी शिक्षकों को कॉमन योगा प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री लाखाराम जर्मन और ब्लॉक स्रोत समन्वयक श्री नरहरि मिश्रा के निर्देशन में जिला योग समिति के अध्यक्ष

श्री जयदयाल शर्मा सहित अन्य योग गुरूओं द्वारा शिक्षकों को इस अवसर पर प्रशिक्षित किया गया। जिला योग प्रभारी श्री दिनेश चाकणकर ने भी प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए योग अत्यंत महत्वपूर्ण है। योगाभ्यास से मनुष्य का शारीरिक, मानसिक, नैतिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक विकास होता है। योग हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाता है तथा हमे शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है। विकासखंड योग प्रभारी महेश सिंह बाथम, विकासखंड योग समिति के उपाध्यक्ष अश्विनी यादव, अनिल शिवहरे, शिवकुमार लक्ष्यकार, नरेंद्र सिंह रावत, देवेंद्र बघेल, राकेश यादव अर्जुन सर डॉक्टर इसरार ,डॉ अनिल गोयल,डॉ दीपक गोयल डॉ जितेंद्र बाथम , बलवीर सिंह जाट सहित आयुष विभाग के अधिकारी कर्मचारी ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर योगाभ्यास किया।

दारू के ठेके बने मौत के अड्डे

संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी 7354490175 भित्तरवार

भितरवार से ऐसा ही एक मामला आया सामने राकेश बाथम पुत्र मंगलिया बाथम निवासी भितरवार वार्ड नंबर चोहदा में मिला नसे की हालत में बेहोश पड़ा मिला इस की सूचना घर वालों को मिली दो घंटे बाद मौके पर घर वाले पहुंचे तो बेहोश मिलाराकेश बाथम उसे भितरवार हॉस्पिटल पहुंचाया गया हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने चेकप करके बताया की ये तो मर चुका हैभितरवार तहसील में बड़ता ही जा रहा है नसे का कारोबार ,हर रोज एक ना एक आदमी नसे की लत से ही गवाता हैं अपनी जानभितरवार में खुल्याम चलता हैनसे का कारोबार।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

भारतीय जनता पार्टी श्योपुर की जिला कार्य समिति की बैठक संपन्न

श्योपुर/भारतीय जनता पार्टी जिला श्योपुर की जिला कार्य समिति की बैठक आज दिनांक 19/6./2024 दिन बुधवार दोपहर 2 बजे स्थान भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई।

इस बैठक में अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता जिसमें समस्त जनप्रतिनिधी, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजराज सिंह चौहान, प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया,अशोक गर्ग,रामलखन नापाखेडली, विधानसभा प्रभारी राधेश्याम पारिक और नगर पालिका अध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग आदि उपस्थित रहे।इस अवसर पर संगठन को लेकर सभी ने मार्गदर्शन करते हुए आगामी कार्यक्रम को लेकर बारी-बारी से जानकारी दी। और मध्य प्रदेश में 29 लोकसभा क्षेत्र की 29 सीटों पर विजय प्राप्त की इस उपलक्ष पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देकर आभार व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष महामंत्री मोर्चा के जिला अध्यक्ष भी शामिल रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाट ने कहा कि यह बैठक आगामी भविष्य में होने वाले भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रमों की योजना के लिए बुलाई गई है उक्त जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी नरेश धाकड़ ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

श्री जाट ने कहा की पर्यावरण दिवस के अवसर पर हमारे मोदी जी ने कहा है कि किसी भी कार्य की शुरुआत करने से पूर्व एक पेड़ मां के नाम से ही हम कार्यक्रम की शुरुआत करें स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत के तहत कुआ बावड़ी अन्य जल स्रोतों की सफाई करने का कार्य भी हम करेंगे भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी बुथ स्तर पर इस बात की समीक्षा करे की हम जीते तो कारण क्या है और हारे तो उसका भी कारण का पता लगाना है वरिष्ठ नेतृत्व को जानकारी देना चाहिए समीक्षा करना हमारा कर्तव्य भी है हालाकि 29 की 29 सीट पर हम विजय हुए हैं हमारी भारतीय जनता पार्टी एक विचार धारा की पार्टी है हम विचारों के लिए ही काम करते हैं और हमारा जब तक भारत विश्व गुरु ना बन जाए तब तक हमको काम करना है हमारा उद्देश्य भारत को विकसित भारत बनाना है इसके लिए हम काम करते रहेगें विश्व योगदिवस के योगमें भागीदार बनकर सहयोग करते हुए कार्य करना है 21 तारीख को श्रीमोदी जी योग दिवस का कार्यक्रम श्रीनगर से संचालित करेगे इस कार्यक्रम को आपको अंतिम छोर तक पहुंचना है 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर हमको फूल माला अर्पण करना है यह कार्यक्रम सभी बुथ पर होना है इसकी चिंता हम सबको करना है यह कार्यक्रम 23 जून से लेकर 6 जुलाई मुखर्जी की जयंती तक अलग-अलग कार्यक्रम करना है श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन के बारे में पढ़ना है और अलग-अलग तरह की उनके जीवन पर व्याख्या करना है ताकि उनके जीवन केबारे में लोगों को भी जानकारी मिले। पूर्व समय में कांग्रेस के शासनकाल में इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू कर लोगों को प्रताड़ित करने का कार्यकिया पत्रकार समाज सेवक किसीको नहीं छोड़ा हमारे नेताओं को जेल में डालने का काम किया इस आपातकाल को भारत के अंदर कला दिवस के रूप में मानना है माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम को भी आवश्यक रूप से सुनकर लोगों तक पहुंचना है मीडिया और सोशल मीडिया पर अधिक से अधिक प्रचार करना है कार्यक्रम का संचालन शशांकभूषण एवम आभार व्यक्त गिरधारी लाल बैरवा ने किया।

पंचनद संगम के यमुना तट पर योग शिविर धूमधाम से संपन्न

अनुज शर्मा ब्यूरो चीफ जालौन*

जगम्मनपुर, जालौन। बुंदेलखंड के प्रमुख तीर्थ पंचनद संगम में यमुना के तट पर विशाल योग शिविर का अब आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ ।

दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के संदर्भ में जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे के निर्देशन में आयुष विभाग जनपद जालौन द्वारा संपूर्ण जनपद में योग सप्ताह मनाते हुए प्रमुख दर्शनीय स्थलों पर योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आज 19 जून बुधवार को उपजिलाधिकारी माधौगढ़ विश्वेश्वर सिंह के नेतृत्व में जनपद जालौन के प्रमुख तीर्थ स्थल पंचनद संगम कंजौसा भिटौरा (जगम्मनपुर) यमुना नदी के तट पर बृहद योग शिविर धूमधाम से संपन्न हुआ । बुधवार की ऊषा काल के 5-00 बजे ही योग शिविर में शामिल होने के लिए माधौगढ़ तहसील के विभिन्न विभागों के अधिकारी , कर्मचारी जनपद के अनेक आयुष चिकित्सालयों के प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं पंचनद क्षेत्र के आसपास के गांव के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ लोगों तथा ग्रामीण का एकत्रित होना प्रारम्भ हो गया था । नदियों के जल से गुंजित कलकल की मधुर ध्वनि , आसपास के मंदिरों से गूंजता घंटनाद, संगम तट पर बह रही शीतल वायु एवं पंचनद के जल में अरुणोदय (उगते हुए सूर्य) की सुनहरी रश्मियां प्रातः कालीन बेला को सुरम्य बनाते हुए इस योग शिविर व सम्पूर्ण वातावरण को आकर्षक बना रही थी। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक राजेंद्र राठौर ने गायत्री व महामृत्युंजय मंत्रोच्चारण के उपरांत विभिन्न रोगों में लाभकारी अनेक प्रकार की योग क्रियाओं का प्रदर्शन करते हुए शिविर में शामिल लोगों को भी प्रतिरूप क्रिया करने को कहा , लगभग 40 मिनट तक चले इस योग शिविर में डॉ. रश्मि वशिष्ठ

(प्रभारी चिकित्सा अधिकारी) हदरुख द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से योग के प्रादुर्भाव एवं उसकी उपयोगिता तथा योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया जाता रहा। कार्यक्रम के अंत में उपजिलाधिकारी माधौगढ़ विश्वेश्वर सिंह ने योग शिविर में उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी व क्षेत्रीय ग्रामीणों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह योग क्रिया मात्र एक दिन का कार्यक्रम नहीं अपितु निरोग रहने के लिए जीवन भर अपनाई जाने वाली सतत क्रिया है , इसके करते रहने से हम और हमारा समाज स्वस्थ व निरोगी होगा। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र वर्मा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी (आयुष) कोंच, डॉ. अंबर साहू प्रभारी चिकित्साधिकारी (आयुष) गधेला, तहसीलदार माधौगढ़ अमित शेखर , भुवनेन्द्र कुमार नायब तहसीलदार , खंड विकास अधिकारी रामपुरा गणेश कुमार मौर्य , भारत सिंह सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) नौशाद अली सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) , वीरसिंह निरंजन राजस्व निरीक्षक, राममोहन सचिव, दीपक कुमार वर्मा लेखपाल, विनोदकुमार सिंह उप निरीक्षक चौकी प्रभारी जगम्मनपुर, प्रमोद सिंह सेंगर हुसेपुरा,प्रज्ञादीप गौतम प्रधान जगम्मनपुर, मनोज कुमार सिंह सेंगर प्रधान प्रतिनिधि भिटौरा ,विजय द्विवेदी ,प्रमोद कुमार ÷भाई जी÷ जगम्मनपुर सहित दो सैकड़ा से अधिक लोगों ने योग शिविर में हिस्सा लिया।

बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार प्रदान किये जायें, ताकि गांव से लेकर प्रदेश तक नाम रोशन कर राष्ट्रहित में सहयोग प्रदान कर सकें- राज्यमंत्री श्री लोधी

सी.एम. राइज स्कूल जबेरा में आयोजित

शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुये राज्यमंत्री श्री लोधी

पुस्तकों का किया वितरण

राज्यमंत्री श्री लोधी ने वाद्ययंत्र बजाकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

छात्रों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार प्रदान किये जायें, ताकि गांव से लेकर प्रदेश तक नाम रोशन कर राष्ट्रहित में सहयोग प्रदान कर सकें।

दमोह से राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला प्रमुख

दमोह इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने जबेरा के सीएम राइज स्कूल पहुंचकर स्कूल चले हम अभियान के दौरान शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किये। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि सीएम राइज स्कूल जबेरा प्रदेश में अपनी एक अलग छवि बना रहा है। विद्यार्थियों ने इस वर्ष परीक्षा परिणाम में उत्कृष्टता प्राप्त की है। उन्होंने पालको से आग्रह करते हुये कहा कि बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग किया जाये साथ ही रुचि के हिसाब से भी उनका सहयोग करें, ताकि बच्चे अपनी रुचि के हिसाब से विषय चुनकर पढ़ाई कर सकें। राज्यमंत्री श्री लोधी ने छात्र-छात्राओं को पुस्तकें वितरित की, साथ ही विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये मॉडल आदि की प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री श्री लोधी ने स्वयं वाद्ययंत्र बजाकर किया। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री श्री लोधी ने सीएम राइज स्कूल बिल्डिंग निर्माण कार्य का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

29

मवेशियों की चोरी कर हांकते हुए ले जा रहे थे पशु चोर, पुलिस टीम ने चोरों को किया गिरफतार

देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

नागपुर।? जिले भर में पशु तस्करी के मामले काफी समय से सुर्खियों में नज़र आ रहे थे, जहां क्षेत्र के विभिन्न जगहों से मवेशियों की तस्करी की जा रही थी, जिस पर जिला एमसीबी पुलिस ने सख्त कार्यवाही को अंजाम देते हुए पशु तस्करों को पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि दिनांक 17.06.2024 की मध्य रात्रि जिला एमसीबी के नागपुर क्षेत्र के स्थानीय पशु पालक प्रार्थी

राजा रामपाल, प्रार्थी प्रभावती कुर्रे और प्रार्थी लालमन यादव के कोठार से अज्ञात चोरों द्वारा उनके पशुओं को चोरी करने की रिपोर्ट थाने में दिनाक 18.06.2024 दिन मगलवार सुबह करीब दस बजे प्रार्थी द्वारा दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस चौकी नागपुर द्वारा गंभीरता बरतते हुए तत्काल जांच शुरू कर दी गई, पुलिस टीम गठित कर मुखबिरों को इस संबंध में सुचित किया गया और पतासाजी शुरू कर दी गई, जहां मात्र कुछ ही देर में हाईवे पुलिस चौकी की टीम को सफलता मिली। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डंगौरा रेलवे लाईन के पास चार आरोपियों को पुलिस टीम ने धर दबोचा, जो मवेशियों को हांकते हुए चुरा कर ले जा रहे थे, पुछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुल्म कुबूल किया और बताया कि ग्राम सेमरा से दो मवेशी और ग्राम तुलसीपारा नागपुर से दो मवेशियों को आरोपियों ने चुराया था, और हांकते हुए बाहरी क्षेत्र मनेंद्रगढ़ की ओर ले कर जा रहे थे, जिनमें

वन विभाग की बड़ी कार्यवाही

अवैध लकड़ियों के चिरान और की गईं जब्त, वन मंडल बैकुंठपुर कोरिया एवं वन मंडल मनेंद्रगढ़ द्वारा सम्मिलित कार्यवाही

देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

उजियारपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश के जिला एमसीबी और जिला कोरिया के बॉर्डर में में वन विभाग ने बड़ी कार्यवाही करते हुए लाखो रूपये के लकड़ी की सिल्ली जप्त किया गया, मिली जानकारी अनुसार 40 नग साल का चिरान, 4 नग सागौन पटरा, इस्तेमाल किया गया एक बड़ा आरा लकड़ी फाड़ने के लिए जब्त किया गया, जानकारी मिल रही है कि वन मंडल बैकुंठपुर कोरिया एवं वन मंडल मनेंद्रगढ़ द्वारा की गई इस सम्मिलित कार्यवाही में मुख्य लोगों के नाम सामने आए हैं जिनमें हरि शंकर वर्मा निवासी उजियारपुर, गुलशन निवासी उजियारपुर, नरेंद्र सुर्यवंशी निवासी उजियारपुर, रवि सिंह निवासी उजियारपुर और एक अन्य व्यक्ति भी सम्मिलित है।

छत्तीसगढ़ सरकार के वनविभाग के निर्देश पर लगातार अवैध प्रतिबंधित लकड़ियों की कटाई और तस्करी करने वालो कार्यवाही की जा रही है. इस क्रम में एम सी वी जिले के उजियार पुर में वन विभाग ने बड़ी कार्यवाही की है. वन विभाग ने भारी मात्रा में साल की लकड़ियों के सिल्ली सहित तस्करी के आरोप दो लोगो को पकड़ा है. विभाग ने इनके पास से लाखो रूपये की अवैध लकड़ी जप्त किया है. दरअसल वन विभाग के निर्देश पर वन विभाग द्वारा लकड़ियों के अवैध परिवहन और कटाई पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है. एमसीबी जिले के वन मंडल की टीम द्वारा भारी मात्रा में साल लकड़ी की सिल्ली पकड़ी गई वनमण्डलाधिकारी के निर्देश पर वन विभाग के संयुक्त दल ने एक साथ बैकुंठ पुर या मनेंद्र गढ़ रेंज के अंतर्गत अबैध लकड़ी पकड़ी गई

साल की लकड़ी समेत लाखो का माल जप्त किए गए, वन विभाग के द्वारा मौके पर लगभग 40-45 नग लकड़ी की सिल्ली समेत चिरान को अवैध कटाई कर संग्रहण कर रखा हुआ पाया गया , क़ीमत लगभग लाखो रूपये आंकी गई. वन विभाग अब इस मामले की जांच में जुट गया है विभाग जप्त लकड़ी का माप-जोख कर रहे हैं.

भारतीय वन अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही की जा रही है

वन विभाग के टीम ने मौके पर लकड़ी के संबंध में कोई वैध कागजात की माँग की गई लेकिन कोई कागजात नहीं दिखाने विभाग आरोपियों पर भारतीय वन अधिनियमके तहत कारवाही करने की बात कह रही है डीएफओ के निर्देश पर कार्यवाही की जा रही हैं।

बर्ग ए गुल का विमोचन

नगीना । नगीना की बेटी अजीमा निशात नगीनवी के प्रथम शेअरी मजमूए (काव्य संग्रह) ÷ बर्ग- ए- गुल ÷ का विमोचन नगर के साहित्यकारों बुद्धिजीवियों,शिक्षा एंव राजनीति के क्षेत्र की प्रतिभाओं के बीच हुआ।

क़ाज़ी सराय स्थित ब्रेनमार्ट अकादमी के प्रांगण में सम्पन्न कार्यक्रम में शहर इमाम मुफ़्ती उवैस अकरम, क़ाज़ी अरशद मसूद,डा0 दाऊद मुल्तानी, साईमा फ़हीम ,तुफैल अहमद एड0,डा0 शेख़ नगीनवी,अतहर शकील , अब्दुल कुद्दूस , परवेज़ आदिल माही डा 0 वसीम इकबाल ने काव्य संग्रह ÷बर्ग ए गुल ÷ का विमोचन किया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नगीना जिला बिजनौर की बेटी का काव्य संग्रह आना गर्व की बात है।बर्ग ए गुल की शायरी मुहब्बत, एकता,भाई चारा का पाठ बताती है।उनकी शायरी देश प्रेम , अमन.शान्ति का सन्देश देती है।बर्ग ए गुल उर्दू साहित्य में धरोहर साबित होगी । इस अवसर पर डा0 अब्दुल्ला सबीह,अस्मा रियाज़ हकीम बहार शमसी मौजूद रहे।इंजी0फहीम अहमद ने मेहमानों का आभार प्रकट किया।अध्यक्षता मुफ़्ती अवैस अकरम व संचालन डा0 शेख़ नगीनवी ने किया।

लू के थपेड़ों से आम जनमानस का बुरा हाल

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

आसमान से बरस रही आग लोग बेचैन लेकिन नहीं रहता के आसार

एटा कड़क धूप के साथ उमस व भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल है बुधवार को सुबह से अहले और प्रचंड होती दिखी चिलचिलाती है धूप के

साथ लू चलने से लोग बुरी तरह परेशान दिखे गर्मी की वजह से बिजली विभाग भी लोड को झेलने में नाकाम साबित हो रहा है। लगातार टिरपिंग से बिजली की आंख मिचोली जारी है भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचोली से लोगों की परेशानियों को लगातार बल मिल रहा है लोग घरों में भी बिजली की कमी से बेचैन हो रहे हैं मौसम का मिजाज बेहद गर्म हो जाने के कारण जिले में किसानों के साथ-साथ रोजमर्रा की जिंदगी व्यतीत करने वाले लोगों को परेशानियों के दौर से गुजरना पड़ रहा है गर्मी से परेशान लोग आकाश की ओर टकटकी लगाकर राहत के बादलों की तलाश कर रहे हैं बुधवार सुबह से ही आसमान पूरी तरह साफ हुआ धूप अपने पूरे तेवर में दिख रही थी प्रचंड गर्मी में घर से लेकर बाहर भी कामकाजी लोग दिनभर परेशान रहे भीषण गर्मी तथा चिलचिलाती धूप होने के कारण सुबह 8-00 बजे से ही दोपहर की गर्मी का एहसास हो रहा था नतीजन अधिकांश लोग घर में दुबकने के लिए विवश हो गए प्रचंड गर्मी एक चिलचिलाती धूप से राहत पाने के लिए इन दिनों लोग मौसमी फल का प्रयोग अधिक जोर दे रहे हैं जिसके कारण बाजारों में इसकी मांग बड़ी है बुधवार को जनपद का अधिकतम तापमान 41 और न्यूनतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है जनपद में प्रचंड लू चलने की भी आशंका जताई जा रही है।

ग्राम मदारीपुर में दिवंगत सैनिक को गार्ड ऑफ ऑनर के द्वारा मातमी धुन के साथ किया गया अंतिम संस्कार

सेना के अधिकारियों द्वारा मृतक सैनिक को थाना कुठौंद परिसर में लाया गया यहां पर सभी सरकारी अमला एकत्रित हुए इसके बाद गांव के लिए किया गया प्रस्थान

अनुज शर्मा ब्यूरो चीफ जालौन

कुठौंद जालौन !भटिंडा (पंजाब) में तैनात सैनिक की ड्यूटी के दौरान अचानक दर्द होने से वहीं पर मृत्यु हो गई! मृत्यु की सूचना पाकर घर में कोहराम मच गया आज मृतक की बटालियन द्वारा सेना के जवान का शव भटिंडा (पंजाब) गांव मदारीपुर लाया गया जहां पर सेना के अधिकारियों के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर मृतक सैनिक अंतिम संस्कार कर दिया गया।

विवरण के अनुसार विवरण के अनुसार मदारीपुर निवासी हरी सिंह भास्कर भारतीय थल सेना में नायक के पद पर तैनात थे बीते दिनों उनके सीने में अचानक दर्द हुआ तभी सैनिक को सेना के अस्पताल ले जाया गया जहां उनका निधन हो गया निधन की सूचना परिवारी जनों को दी गई।

सूचना मिलते ही पूरे परिवार में गम का माहौल व्याप्त हो गया दिवंगत सैनिक हरी सिंह भास्कर पुत्र छक्की लाल भटिंडा में तैनात थे! उनका वहीं पर निधन

हो गया उनके निधन की सूचना पाकर निधन की सूचना पाकर मदारीपुर गांव में सन्नाटा छा गया ! गम व देशभक्ति के बीच गांव में ही नही पूरे क्षेत्र के लोग कर्तव्य पथ पर अपना बलिदान देने वाले सैनिक हरी सिंह के अंतिम दर्शन करने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। जन सैलाब को नियंत्रित करने के लिए लोगों ने पूरे धैर्य की परीक्षा दी और कर्तव्य पथ पर शहीद जवान के अंतिम दर्शन करने की होड़ मच गई। सेवा कल के दौरान भारत माता की रक्षा करते-करते अपनी जान की बाजी लगाने वाले दिवंगत सैनिक हरी सिंह के निधन की सूचना पाकर नवनिर्वाचित सांसद नारायण दास अहिरवार ,उप जिलाधिकारी जालौन उप जिलाधिकारी जालौन अतुल कुमार नायब तहसीलदार जालौन मुकेश कुमार ,पुलिस क्षेत्राधिकारी राम सिंह ,थाना अध्यक्ष कृष्ण पाल सरोज, थाना अध्यक्ष सिरसा कलार ब्रजेश बहादुर सिंह प्रशासनिक अमला तथा पूर्व सैनिक व ग्राम प्रधानगण एवं मीडिया के लोग भी मौके पर मौजूद रहे। मौके पर पहुंचे सभी लोगों के द्वारा मृतक सैनिक को श्रद्धांजलि अर्पित की गई! सेना के जवानों द्वारा मातमी धुन के बीच दबंग हरी सिंह को अंतिम विदाई दी हरी सिंह को मुखाग्नि उनके भाई ने दी बताया जाता है हरी सिंह एक मिलनसार व्यक्तित्व के थे तथा जब भी वह अवकाश पर घर आते थे तो युवाओं को सेवा में जाने के लिए भी प्रेरित किया करते थे जाने के लिए प्रेरित भी किया करते थे। इनका परिवार मदारीपुर में लगभग 25 वर्षों से रह रहा है यह पूर्व में ग्राम लोहई दिवारा के निवासी थे! उनके परिवार में उनकी पत्नी तथा दो पुत्र दो पुत्रियां नाबालिक हैं! पत्नी तथा बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है!

समूह से जुड़कर पूजा ने सुधारी अपने परिवार की आर्थिक स्थिती

जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मो. 9424075866

धार- महिला विकास संस्था ने कई ग्रामीण क्षेत्रों मे स्वयं सहायता समूह का गठन कर के कई गरीब परिवारों की महिलाओं को जोड़कर उन्हे रोजगार दिया आज कई महिलाएं समूह से जुड़कर अपने पति और अपने परिवार का सहारा बनी है और अपने परिवार की आर्थिक स्थिती भी सुधारी है यही पूजा पति अनिल गामड ग्राम रूपाखेडा की रहने वाली है पूजा ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपने पति को सहयोग किया और अपने परिवार की आर्थिक स्थिती को भी सुधारा ! पूजा बताती है की मेरे परिवार में 4 सदस्य है मेरे पति सलावटी का कार्य करते है

और मेरे यहाँ 3 गाय है हम 2 गाय का दूध गॉव की एक डेयरी पर देते है और हमारा मकान कच्चा होने के कारण हमें बारिश के दिनों में कई परेशानियां होती थी जिससे हमने 2 समूह से ऋण लिया था

की जिससे हम हमारा मकान बना सके लेकिन अचानक कुछ दिनों से हमारी एक गाय ने दूध देना बंद कर दिया मेरे यहाँ 3 बीघा में खेती है पर बारिश के कारण हमारी फसल खराब हो जाती और हमें खेती से भी कुछ मुनाफा नही मिलता जिससे मेरे परिवार की स्थिती धीरे-धीरे खराब होने लगी ! फिर एक दिन मेरे पड़ोस में रहने वाली ललिता दीदी ने बताया की गॉव में महिला विकास संस्था ने स्वयं सहायता समूह का गठन किया है जिससे जुड़कर आप अपने पति और अपने परिवार की आर्थिक स्थिती को सुधार सकते हो उनकी बात मुझे अच्छी लगी में महिला विकास संस्था के कार्यलय गई ! कार्यलय के सदस्यों ने मुझे जानकारी दी और मेने कार्यलय में आवेदन दिया ! जिससे में स्वयं सहायता समूह में जुड़ गई ! और सोसायटी के द्वारा मुझे समूह के माध्यम से 40 हजार रुपये का ऋण मिला जिससे मेने एक भेस खरीदी ! मेरे पास एक गाय थी और एक भेस खरीदने के बाद में गाय व भेस का दूध में प्रतिदिन गॉव की एक डेयरी पर 45 रुपये फेट की दर से देती हूँ जिससे मुझे अच्छी आमदनी मिल जाती है और आज मेरे परिवार की स्थिती भी धीरे-धीरे ठीक होने लगी ! मुझे समूह से ऋण नही मिलता तो में अपने पति व अपने परिवार की आर्थिक स्थिती कभी नही सुधार सकती थी मुझे रुपयों की आवश्कता थी जो मुझे समूह से जुड़ने के बाद मिले !

धार्मिक गाँव बरमंडल में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित

जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मो. 9424075866

धार/बरमंडल - गोवर्धन गौशाला में विराजित श्री ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर एवं स्थानीय कचहरी चौक में विराजित श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाई गई। श्री ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार रात्रि में भजन कीर्तन की गई साथ ही मंगलवार को प्रातः यज्ञाचार्य पंडित उमेश दुबे के आचार्यत्व में भगवान का अभिषेक, पूजन कर हवन किया गया व पूर्णाहुति के पश्चात महाआरती की गई तत्पश्चात महाप्रसादी वितरित की गई। प्रथम वर्षगांठ के पावन अवसर पर ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पौधारोपण भी किया गया। मंदिर में भगवान ऋण मुक्तेश्वर बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। इसी प्रकार श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया भजन संध्या में रामायण मंडल बरमंडल के भजन गायकों ने आकर्षक भजनों की प्रस्तुतियां दी वही मंगलवार को प्रातः ललिता त्रिपुर सुंदरी आश्रम वैदिक पंडित प्रतीक मेहता (उज्जैन) के आचार्यत्व में भगवान का लघु रूद्र महाभिषेक, पूजन कर हवन किया गया हवन पूर्णाहुति के पश्चात महाआरती की गई तत्पश्चात पिपलेश्वर महादेव मंदिर में नगर चौरासी का आयोजन किया गया जिसमे बरमंडल सहित आसपास से बड़ी संख्या में भक्तो ने भोजन महाप्रसादी का लाभ लिया। ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर एवं पिपलेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा गौशाला में गौमाता को थूली का भोग लगाया गया।

नारायणगढ पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट मे वर्ष 2020 से फरार ईनामी आरोपी को जिला गुना से गिरफ्तार किया गया

कमल कुमार जैन जिला ब्यूरो मंदसौर

मन्दसौर,आरोपी थाना नारायणगढ़ के अपराध में 100 किलो डोडाचूरा मे वर्ष 2020 से फरार था आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 5000 रुपये ईनाम की उद्घोषणा की गई थी।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मंदसौर श्री अनुराग सुजानिया के द्वारा एनडीपीएस एक्ट के फरार आरोपियों की धरपकड हेतु निर्देशित किया गया था जिसके तारतम्य में दिनांक 18.06.2024 को श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री गौतम सौलंकी, अनुविभागीय अधिकारी मल्हारगढ श्री नरेन्द्र सौलंकी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नारायणगढ़ अनील रघुवंशी के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम नारायणगढ द्वारा थाना हाजा के अपराध क्रमांक 213/20 धारा 8/15,25,29 एनडीपीएस एक्ट मे फरार आरोपी मनोज सिह पिता भगवान सिंह उर्फ भगवान दास मोर्य उम्र 38 साल निवासी पृथ्वीनगर हरीजन बस्ती सिरोल जिला ग्वालियर को जिला गुना से गिरफ्तार किया गया। आरोपी से प्रकरण के संबंध में पुछताछ की जा रही है।

गिरफ्तारशुदा आरोपी

मनोज सिंह पिता भगवान सिंह उर्फ भगवान दास मोर्य उम्र 38 साल निवासी पृथ्वीनगर हरीजन बस्ती सिरोल जिला ग्वालियर ।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अनिल रघुवंशी, उनि भारत भाबर, आर 874 आनन्द मालवीय व आर चालक 689 हुकुम सिंह की सराहनिय भूमिका रही।

श्रीमती मीरादेवी गुर्जर के निधन पर कृषि विभाग एवं व्यापारी संघ श्रद्धाजंलि अर्पित की

ओमप्रकाश परमार,

देवास। खातेगांव में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एनएस गुर्जर की पत्नी

श्रीमती मीरादेवी गुर्जर का निधन उनके निवास ग्वालियर में हो गया। श्रीमती गुर्जर के निधन पर खातेगांव विकासखण्ड के कृषि विभाग के अधिकारी एवं कृषि आदान विक्रेता संघ द्वारा श्रद्धांजलि देकर आधे दिन का अवकाश रखकर दुकाने बंद रखी। साथ ही विकास खण्ड कार्यालय मे सभी व्यापारी एवं विभागीय स्टाफ ने प्रातः 10.30 बजे दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजली सभा आयोजित की। इस दौरान कैलाश टाडा,

शंकर घुड़िया, कमल टाडा अध्यक्ष व्यापारी यूनियन एवं कृषि विभाग से

जेपीएस तोमर, केएस यादव, बृजेश उपाध्याय सहित समस्त कृषि विभाग के अधिकारी एवं व्यापारी गण मौजूद थे।

मलवाड़ा में किसानों की मोटरों से कॉपर वायर चोरी की घटना से किसानों में आक्रोश*

इंदौर(संभाग ब्यूरो भगवान मुजाल्दा)

गणपुर आसपास के क्षेत्र में आए दिन नर्मदा किनारे किसानों की मोटरो से कॉपर वायर चोरी की घटना बढ़ती जा रही है चोर नए तरीको से चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। पिछले दिनों गांगली नर्मदा किनारे भी कई बार विद्युत मोटरों



से कापर वायर चोरी हो गए हैं लेकिन आज तक चोर नहीं पकड़े गए ग्राम मलवाड़ा के किसानों ने पुलिस चौकी निसरपुर आवेदन देकर घटना की जानकारी दी किसानों ने कहा कि मंगलवार की रात्रि को मलवाड़ा नर्मदा किनारे जितेंद्र पिता रमेश चंद्र कुमावत जाती मारु की 10 हॉर्स पावर की मोटर दिनेश पिता सीताराम मालवीय की 10 हॉर्स पावर की मोटर मोहन पिता कमल वीर गोस्वामी की 7.5 हॉर्स पावर की मोटर विशाल पिता दिनेश चंद्र कुमावत की 10 हॉर्स पावर की मोटर तेजा पिता भेरुलाल मुकाती की 15 हॉर्स पावर 7.5 हॉर्स पावर की मोटर लक्ष्मी बाई की 7.5 हॉर्स पावर की मोटर धुरजी लाल धनगर 5 हॉर्स पावर महेश पिता सीताराम 10 हॉर्स पावर की विद्युत मोटरों के तार चोर चुरा ले गए आए दिन इस प्रकार के चोरी से किसान परेशान है किसानों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरों को पकड़ा जाए।

रायपुरिया ग्राम पंचायत स्थित चंबल नदी पेयजल वितरण क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने जानवरों के अपशिष्ट डालें

सत्यनारायण बैरागी पत्रकार भानपुरा

... ग्राम पंचायत ने हिंदूवादी संगठनों के साथ पुलिस थाना भानपुरा में तथा तहसीलदार भानपुरा को पत्र सौंपकर असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की मांग की ... चंबल नदी से कई गांव में होता है पेयजल वितरण

....लोगों में भारी आक्रोश

.... पुलिस ने मोंके पर पहुंच कर कई अपशिष्ट निकलवा कर जमीन में गढ़वायें

भानपुरा नि.प्र. भानपुरा नगर मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर मोड़ी क्षेत्र चंबल नदी ग्राम पंचायत रायपुरिया व अन्य अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल वितरण केंद्र 400 फिट लम्बें नाले में 18 जून को अनेक पशुओं के अपशिष्ट बोरों में बंद कर डाल दिए घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रवासियों में जबरदस्त आक्रोश का वातावरण व्याप्त है। 19 जून शाम 4ः00 बजे बाद ग्राम पंचायत रायपुरिया की ओर से सरपंच श्रीमती ज्योति केवट के प्रतिनिधि तौफान सिंह केवट, ग्राम पंचायत सचिव रमेश चंद्र मेघवाल एवं सनातन धर्म मंडल भानपुरा के वरिष्ठ पदाधिकारी व सदस्यों ने तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा व पुलिस थाना भानपुरा में थाना अधिकारी रोहित कच्छावा को पत्र सौंपकर जघन्य अपराध में शामिल असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। सरपंच प्रतिनिधि तौफानसिंह केवट ने बताया कि रायपुरिया के क्षेत्र में चंबल नदी से पूरी पंचायत सहित अनेक गांव में कुड़ी क्षेत्र के उपरोक्त चंबल नदी के नल से पेयजल सप्लाई होता है यहां मृत पशुओं के अपशिष्ट कई बोरों में भरकर डाल दिए गए हैं जो शुद्ध पेयजल के स्थान पर पानी में तेरे रहे हैं सूचना मिलने पर अपशिष्ट पदार्थों को मंगलवार 18 जून की रात्रि में 1बजे पुलिस थाना भानपुरा स्टाफ के साथ मिलकर समीप स्थित भूमि में गढ़वायें हैं।

इस मामले में तहसीलदार भानपुर?

वायडी. नगर पुलिस की प्रभावी कार्यवाही, 16 वर्ष के नाबालिग बालक को किया दस्तयाब

***दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कमल कुमार जैन मंदसौर जिला**

ब्यूरो चीफ*

मन्दसौर,श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मंदसौर श्री अनुराग सुजानिया जिला मंदसौर के द्वारा गुम नाबालिग बालक-बालिकाओ के दस्तयाबी हेतु दिये गये निर्देश पर कार्यवाही करते हुवे एवं श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय श्री गौतम सोलंकी एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय मंदसौर श्री सतनाम सिंह के मार्गदर्शन में तथा

श्री संदीपसिंह मंगोलिया थाना प्रभारी थाना वायडी नगर के नेतृत्व 16 वर्षीय नाबालिग बालक को किया दस्तयाब । दिनांक 15.06.24 को सूचनाकर्ता महेश पिता कालुराम लोहार उम्र 54 साल निवासी अयोध्या बस्ती इन्द्रा कालोनी मंदसौर द्वारा अपने घर से नाबालिग बालक के अपहरण होने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी रिपोर्ट पर से थाना वायडी. नगर मंदसौर पर अपराध क्रमांक 214/2024 धारा 363 भादवि का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना मे लिया गया बाद थाना प्रभारी महोदय द्वारा टीम गठित कर उपनिरीक्षक रितेश डामोर को तत्काल मय फोर्स रवाना कर घटना स्थल अन्य संभावित स्थानो पर तलाश करते विश्वश्नीय मुखबीरो एवं सूचनाकर्ता के रिश्तेदारो की मदद से सुचना संकलन कर अपने व्यवसायिक कौशल का उपयोग कर नाबालिग बालक को इन्दौर से थाना वायडी नगर पर लाकर दस्तयाब किया गया बाद माता पिता को सुपुर्द किया गया इस प्रकरण में निरीक्षक सँदीपसिंह मंगोलिया, उनि रितेश डामोर, प्र.आर.476 मुकेश दिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

थाना टाण्डा क्षेत्र में समृद्धि हेतु सुंदरकांड करवाया गया

जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मो. 9424075866

गंधवानी तहसील के थाना टाण्डा पर मंगलवार को रात्रि में सुंदरकाण्ड पाठ क्षेत्र में समृद्धि हेतु सुंदरकांड करवाया गया । सुंदरकांड में मनीष जैन द्वारा भजनो की प्रस्तुति दी गई । साधना हरि मानस सुंदर कांड मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड की प्रस्तुति दी गई । जिसमें ग्राम के ग्रामीण व पत्रकार उपस्थित रहे । इस दौरान एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति भी मंडल द्वारा दि गई । संगीतमयी सुंदरकांड की समाप्ति के पश्चात थाना प्रभारी जी एस भयडिया व पुलिस स्टाफ़ द्वारा हनुमानजी

की आरती उतार कर समापन हुआ।

पाच मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रेलवे स्टेशन से चुराते थे बाइक

रिपोर्टर - दिनेश शुक्ला

आलोट- लगातार आलोट नगर में चोरियों की वारदातें बढ़ती जा रही है जिस पर पुलिस प्रशासन कार्रवाई भी कर रहा ये परंतु फिर भी चोरियां रुकने का नाम नहीं ले रही है नगर में आए दिन दो पहिया वाहन की चोरी की वारदात लगातार बढ़ती जा रही है जिसके चलते आम नागरिक परेशान हो गया ये। आज आलोट थाना पुलिस के द्वारा दो चोरों को पकड़ा है और उनके पास से पांच मोटरसाइकिल जप्त की है जिसको लेकर पुलिस प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया है कि शंकर सिंह पिता मानसिंह सोंधिया राजपूत निवासी चौहानों का खेड़ा थाना बडौद जिला आगर एवं बबलू सिंह पिता मोहन सिंह झाला जाति राजपूत निवासी मुकड़ा खान थाना मोढक जिला कोटा राजस्थान के द्वारा स्टेशन से मोटरसाइकिल चोरी की जाती थी। जिन्हें मूकबीर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है और भी चोरियों की वारदातों के लिए उनसे पूछताछ की जा रही है इस पूरी कार्रवाई में एसडीओपी शक्ति सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह गडरिया एवं स्टाफ ने इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

भागवत कथा के चौथे दिन हुआ भगवान का अवतार बामन, राम के बाद जन्मे भगवान कृष्ण

सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर

मो.7509091263

धूमधाम से मनाया गया नंदोत्सव गाई बधाईयां नाचे झूमे नर नारी

नौगांव। नगर से लगे ग्राम बिलहरी में निरंतर चल रही सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के चौथे दिन भगवान के जन्म की लीलाओं का वर्णन किया गया। जिसमें कथा व्यास आचार्य पंडित श्री राजेंद्र दास जी महाराज ने चौबीस अवतारों की कथा सभी को विस्तार से श्रवण कराई जिसमें मत्स्य, परशुराम, बाराह, नृसिंह, बामन भगवान के साथ साथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्म की कथा सुनाई तत्पश्चात चंद्र वंश का वर्णन करते हुए भगवान कृष्ण जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, जिसमें अनेक भक्तगण बधाई गायन में झूम कर नाचे।

बिलहरी के धनुषधारी मंदिर परिसर में साहू परिवार द्वारा संगीतमय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे वृंदावन धाम से आए पंडित रमाकांत पटेरिया जी के शिष्य आचार्य पंडित श्री राजेंद्र दास जी महाराज के मुखारविंद से सभी धर्मप्रेमी बंधुओं को कथा श्रवण कराई जा रही है7 भागवत कथा के चौथे दिन भगवान के अवतारों का वर्णन करते हुए भक्तों को कथा रस पान कतरे हुये श्रीमद् भागवत के पुनीत प्रसंगों में प्रकाश डाला कि जीवन में जो भक्ति का आश्रय लेता है। उनके घर में कपिल भगवान जैसे पुत्र प्रकट

होते हैं जो यथार्थ का ज्ञान कराते हैं संसार के काल चक्र से बचने के लिये निरंतर सत्संग करना चाहिये। कथा व्यास ने बताया लोग सबसे से ज्यादा शक्तिशाली है लोभ के दो स्वरूप है पहला हिरण्याक्ष जो पूरी पृथ्वी को अपना मानता है और दूसरा हिरण्य कश्यप जो अजर अमर बनने की कामना करता है एवं अपनी शक्ति का प्रदर्शन करता है इस लोभ के समापन के लिए भगवान को दुबारा धरती पर अवतार लेना पड़ा।

इसके बाद ध्रुव चरित्र एवं प्रह्लाद चरित्र का वर्णन करते हुऐ हिरण्यकश्यप का वध किया इसके बाद वामन भगवान का अवतार हुआ, जिसमें कथा के दौरान बावन भगवान की दिव्य झांकी का दर्शन भी श्रोताओं ने किया, इसके बाद भागवत कथा के चलते सूर्यवंश का वर्णन करते हुए श्री राम जन्म की कथा के दौरान चारों भाई राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का जन्म हुआ एवं राम जन्म की बधाईयां गाई गई। भागवत कथा के चलते चंद्रवंश का वर्णन करते हुए कथा व्यास राजेंद्र दास जी महाराज ने कृष्ण जन्म की कथा के माध्यम से भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया7 जिसमें कथा श्रवण कर रहे नर-नारी भागवत दरबार में झूमते नजर आए सभी को बधाई लुटाई गई, भागवत कथा में वृन्दावन से आये कलाकारों के द्वारा बधाई गायन किया गया जिसमें नर नारी, युवक युवती झूम कर नाचे । कथा के बाद बाल कृष्ण भगवान की आरती की गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। आज की कथा में भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन एवं गोवर्धन पूजा की कथा का वर्णन किया जाएगा और 56 भोग का प्रसाद लगाया जाएगा।

फुर्सत में नहीं विभागीय अधिकारी मजदूरों का हो रहा शोषण

श्रम पदाधिकारी एवं लेबर इंस्पेक्टर साधे बैठे चुप्पी।

ब्लीचिंग पाउडर के गंध से सांस लेना हुआ दूभर

अखण्ड प्रताप सिंह संभागीय ब्यूरो केसरिया हिंदुस्तान

अनूपपुर। जिला अंतर्गत जिले की सीमा में चल रहा पूर्व नाम हुकुमचंद जूट मिल प्राइवेट लिमिटेड फिर हैवी केमिकल प्लांट एच जे आई फिर जिमको इंडस्ट्रीज लिमिटेड अब वर्तमान में नया नाम सोडा कास्टिक यूनिट ओरिएंट पेपर मिल कई बार इस उद्योग के नाम परिवर्तन और अंततः अब की स्थिति में इस उद्योग में हैवी रासायनिक पदार्थ अम्ल एवं द्रव्य के साथ सूखा कास्टिक, एसिड, क्लोरीन ब्लीचिंग पाउडर सहित कई रासायनिक उत्पाद का उत्पादन निरंतर हो रहा है कई बार इस उद्योग से क्लोरीन गैस के रिसाव के कारण क्षेत्रीय जनमानस एवं उद्योग में कार्यरत कर्मचारी मजदूर हताहत हो चुके हैं किंतु एशिया के ख्याति प्राप्त कागज कारखाना ओरिएंट पेपर मिल की आड़ में ओपीएम उद्योग से सर्वाधिक या फिर कहें अत्यधिक मात्रा में आमदनी कमाने वाला उद्योग दिखता छोटा जरूर है लेकिन कागज कारखाना से दो कदम आगे है और जनहित के मुद्दों से सदैव अपने आप को सुरक्षित करते हुए स्थानीय निवासियों एवं उद्योग में कार्य कर्मचारियों की सुविधाओं को लेकर वह चाहे मूलभूत एवं बुनियादी सुविधाएं हैं जल की समस्या शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल भवन कर्मचारियों की सुविधा के लिए अमलाई स्टेशन तक लगाए गए वाहन या फिर स्कूल बस आज की स्थिति में इस उद्योग के द्वारा पर्यावरण को लेकर किसी भी तरह से वृक्षारोपण तक नहीं कराए जाते हैं यही नहीं इनके चिकित्सालय के नाम से एम्बुलेंस वाहन तो रखा गया है किंतु उसे एंबुलेंस वाहन में आज तक मरीज नहीं स्टेशन से सवारी ढोंए जाते हैं।इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की यह शासन प्रशासन की आंखों में जनहित में कोई कार्य न कर धूल झोंक रहे हैं।

वर्तमान स्थिति में इनके द्वारा सोडा कास्टिक यूनिट के अंदर ब्लीचिंग उद्योग का निर्माण किया गया है जहां ब्लीचिंग पाउडर बनाया जाता है और उस उद्योग में कार्य करने वाले मजदूर या तो स्थानीय मजदूर हैं या फिर बिहार और झारखंड से लाए गए मजदूरों से कार्य कराया जा रहा है जिन्हे यह नहीं पता की ब्लीचिंग उद्योग में कार्य करने से उसमें उपयोग किए जाने वाले रासायनिक पदार्थ या अन्य घटक द्रव्य जिनका उनके दिनचर्या व जीवन शैली में क्या दुष्प्रभाव पड़ रहा है उससे अनभिज्ञ है किंतु सोडा कास्टिक यूनिट का प्रबंधक वर्ग उन्हें मानवीय संवेदनाओं और मानव जीवन के मूल्यो से कोई सरोकार नहीं है सिर्फ अपने उद्योग के उत्पादन और आमदनी को बढ़ाना इनका उद्देश्य है।

गौर तलब हो कि सोडा कास्टिक यूनिट हैवी केमिकल प्लांट में संचालित ब्लीचिंग उद्योग में ठेका श्रमिक के रूप में कम मजदूरी भुगतान करते हुए या फिर कहें स्थानीय जनों के द्वारा उन्हें दैनिक मजदूरी भुगतान श्रमिक वेतन मजदूरी अधिनियम के तहत निर्धारित मजदूरी दर के अनुरूप मजदूरी प्रदान न करना पड़े इसलिए अपने जान जोखिम पर डालकर दुर्गंध या कहें की भीषण गंध के बीच कार्य करने के लिए मजबूर हैं।

बड़ी विडंबना है की आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में उद्योग संचालित हो रहे हैं जहां सीधे-साधे गरीब तबके के लोगों या फिर काहे मजदूर श्रमिकों के साथ वर्षों से भीषण अन्याय पूर्ण हरकतें करने में आमदा है उद्योग के अधिकारी, जहां पर उन्हें बिना किसी सुविधा के या फिर सुरक्षा उपकरणों के बिना भविष्य निधि योजना या राज्य कर्मचारी बीमा या कार्य के दौरान उनका इंश्योरेंस कुछ भी नहीं सबसे बड़ी बात सुरक्षा की दृष्टिकोण से सभी सुरक्षा नियमों को दाग पर रखकर कुशल श्रमिकों के उद्योग के अंदर कार्य पर जाने के बाद मुख्य द्वार से ठेकेदार के मुंशी एवं सुरक्षा अधिकारी सुरक्षा विभाग चुपचाप उन्हें उद्योग के अंदर प्रवेश दिलाया जाता है और मजदूरी भुगतान कम करते हुए उनसे काम लिया जाता है।

और इस कार्य को ठेका में लिए हुए ठेकेदार अपनी कमाई करने में इस कदर मशगूल है कि उसे मजदूरों की जिंदगी और मौत से कोई लेना देना नहीं है उद्योग के अंदर कार्य के दौरान होने वाली घटना और दुर्घटनाओं से अपना पल्ला झाड़ कर उद्योग के अधिकारी प्रबंधक जी एम सुरक्षा अधिकारी पूरा का पूरा ठेकेदार के ऊपर मढ देते हैं जिससे मजदूरी कर रहा मजदूर अपने हक एवं अधिकारों से वंचित हो जाता है।

*अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट से परेशान होकर पांच सूत्री मांगों को लेकर सोनवारी सरपंच ने कलेक्टर को सोपा ज्ञापन

मैहर के सरलानगर में स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के द्वारा लगातार मनमानी की जा रही है और इस मनमानी से अब स्थानीय लोग परेशान होते हुए नजर आ रहे हैं जिसको लेकर सोनवारी सरपंच कृष्णा उमाकांत उपाध्याय के द्वारा ग्रामीणों के साथ उपस्थित होकर मैहर कलेक्टर को पांच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा है वही इस ज्ञापन के माध्यम से अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के द्वारा किए जा रहे मनमानी रवैया से लोगों को निजात दिलाने के लिए यह ज्ञापन सौंपा गया है जिसको लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में सोनवारी ग्राम के सैकड़ो ग्रामीण सरपंच के साथ पहुंचे और वहां पर अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट से संबंधित पांच समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है ज्ञापन में पंचायत की जमीन पर अतिक्रमण करने का आरोप लगा है और बिना किसी जानकारी के अवैध पार्किंग बनाई जाने के संबंध पर, अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के द्वारा बनवाए गए टमस नदी पर स्टाफ डैम की साफ सफाई नहीं होने के संबंध पर और इसके साथ-साथ कंपनी के द्वारा हो रहे प्रदूषण से स्थानीय लोक परेशान हो रहे हैं जिसको लेकर कंपनी के द्वारा किसी प्रकार की कोई सुविधा स्थानीय लोगों को उपलब्ध नहीं कराई जा रही है और तो और कंपनी के द्वारा ग्राम पंचायत को गोद लेने के बाद भी स्वास्थ्य शिक्षा जैसी सुविधाएं तक मुवैया नहीं कराई जा रही हैं इन समस्याओं को लेकर सोनवारी सरपंच के द्वारा मैहर कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह को ज्ञापन सौपा है और जल्द से जल्द कार्रवाई किए जाने की मांग की है वहीं अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह के द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत मैहर एसडीएम को मामले की जांच करने के आदेश जारी कर दिए अब देखना होगा कि आखिर किस तरह से स्थानीय लोगों को अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के मनमाने रवैया से राहत मिलेगी या फिर यह एक कागजी कार्रवाई तक ही सीमित रह पाएगी

तेजू और उसके परिवार का पता नहीं उसकी मृत्यु का फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर अनिल चौकसे उसकी करोड़ की जमीन पर कर रहा है राज

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान राजू मेहरा

भोपाल.9425727854

भोपाल।। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक मामला संज्ञान में आया है कि एक आदिवासी की जमीन पर पेशेवर पार्टी ने कब्जा कर रखा है मामला कुछ ऐसा है कि तेजू पुत्र लालू की भूमि लगभग 3 एकड़ है जो कि ग्राम पंचायत इमलिया में है जिसको लेकर एक चर्चा का विषय बना हुआ है कि अनिल चौकसे पिता ओम प्रकाश चौकसे जो की निवासी जेपी नगर भोपाल के है इनका कहना है कि तेजू की पत्नी मेरी मुंह बोली बहिन है जिसका वसीयतनामा मेरे पास है इतना ही नहीं अनिल चौकसे ने मृत्यु प्रमाण पत्र लगा नामांतरण के लिए भोपाल लोक सेवा केंद्र में आवेदन किया नामांतरण के लिए जिसको लेकर तहसील हुजूर में जिसे काफी समय तक प्रकरण चला पर तहसीलदार द्वारा उसको खारिज किया गया इसके बाद भी उस भूमि पर अनिल चौकसे द्वारा अवैध कब्जा कर रखा है आखिर तेजू की मृत्यु कहां हुई कैसे हुई अभी तक यह पता नहीं है तेजू जिंदा भी हो सकता है शासन प्रशासन द्वारा इसकी खोजबीन की जाए तो सच्चाई का पता चल सकता है हो सकता है तेजू की मृत्यु उसकी करोड़ों की जमीन हो सकती है उसका पूरा परिवार कहां है अनिल चौकसे द्वारा बताया गया कि तेजू की पत्नी उसकी मुंह वाली बहिन थी आखिर बहिन कहां है इसका भी पता नहीं है आदिवासी का परिवार संदेह के घेरे में

राजस्व निरीक्षक पटवारी से झूमा झटकी हमलावर के खिलाफ थाना में शिकायत

शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने एवं अभिलेख व दस्तावेज छीनने के प्रयास में राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी ने की शिकायत

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विनोद कुमार पांडे अनूपपुर / कोतमा

कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उरतान में जमीन का सीमांकन करते समय हल्का पटवारी से अभिलेख एवं दस्तावेज छीनने का प्रयास करने पर नाराज पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक ने कोतमा थाना पहुंचकर उरतान निवासी विष्णु सिंह गोड़ पिता दशरथ सिंह के विरुध्द शिकायत दर्ज कराया है। जिस पर कोतमा पुलिस ने धारा 294, 353,186 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को विवेचना में लिया गया है।उल्लेखनीय है कि राजस्व निरीक्षक सूरज भान टाण्डिया द्वारा विक्रम सिंह पिता रामनाथ सिंह गोड़ कि आवेदित भूमि जिसका खसरा नं. 25, 186, 1356 है। का सीमांकन करने हल्का पटवारी के साथ पहुंचे उसी वक्त गांव का ही विष्णु सिंह गोड़ पिता दशरथ सिंह द्वारा उक्त स्थान पर पहुंचकर अभद्र गाली-गलौज करते हुए, पंचनामा को फाड़ दिया गया, साथ ही उरतान के शासकीय अभिलेख नक्शा, खसरा व अन्य दस्तावेजों को छीनने का प्रयास किया गया। जिस पर हल्का पटवारी द्वारा जैसे ही अपना अभिलेख बचाने का प्रयास किया गया वैसे ही विष्णु सिंह द्वारा पटवारी का मोटर साइकिल छीनने का प्रयास किया गया। जिसमें असफल होने पर विष्णु सिंह द्वारा मोटर साइकिल कि चाबी छीनकर भाग गया। जिससे सीमांकन पूर्ण नही सका व शासकीय कार्य पूर्ण रूपेण बाधित होकर रह गया।

100 डायल भी नही आया काम, कोतमा थाना आने का देते रहे ज्ञान

शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले शख्स कि शिकायत करने हल्का पटवारी द्वारा मौका स्थल से जब 100 डायल कर पुलिस अमला से सम्पर्क किया गया तो पुलिस विभाग द्वारा घटना स्थल पर पहुंचने के बजाए पटवारी को ही कोतमा थाना पहुंचने का उपदेश देते रहे। जिससे हताश पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा कोतमा थाना पहुंचकर उक्त शख्स विष्णु सिंह गोड़ के विरुद्ध थाना में शिकायत दर्ज करायी गयी।

सीएम स्वेच्छानुदान से 2.20 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर.7509091263

सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित चार लोगों के बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 2.20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।हतग्राही विनोद मिश्रा निवासी ग्राम किशनगढ़ को 1 लाख, चन्द्रप्रताप सिंह निवासी गायत्री मंदिर के पीछे छतरपुर को 50 हजार, राधिका प्रसाद पटेल निवासी ग्राम गोमाकला को 40 हजार और मजीद खान निवासी ग्राम अलीपुरा को 30 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी गई है।

कभी किसी गरीब की भी सुनो सरकार,क्या गरीब शिर्फ़ संघर्ष के लिए पैदा हुआ है

मैहर जिले में स्थापित अल्ट्राट्रैक सीमेंट उद्योग के गुनाहों की आज हम एक ऐसी करतूत बताने जा रहे है जिसे देख सुन जान आप सभी यही कहेंगे कि गरीब सिर्फ़ उद्योग पतियों से जीवन पर्यंत संघर्ष और लोहा लेने को पैदा हुआ है। कहानी है भदनपुर के समीप मोहरबा गाँव के एक आदिवासी परिवार की जिसकी जमीन अल्ट्राट्रैक सीमेंट ने वर्षो पूर्व लीज पर ली थी। लेकिन इस उद्योग ने न ही लीज की शर्तों का पालन किया न ही लीज समाप्ति के बाद किसान को लौटाया और न ही लीज समाप्ति के बाद दुबारा कभी किसान से कोई अनुबंध किया। गरीब किसान की लगभग 14 एकड़ भूमि पर एकाधिकार जमा उत्खनन और उपभोग लगातार कर रहा है। बदले में केवल एक वर्ष का प्रतिफल दिया गया जबकि प्रतिफल तब तक देना था जब तक लीज स्वीकृत थी। इसके बाद जमीन विधि सम्मत जमीन के मालिकान को वापस किया जाना था। लेकिन उद्योग और उसके अधिकारियों ने एक आदिवासी परिवार के साथ ऐसा खेल खेला की पूरा परिवार सड़क में आ गया मतलब उद्योग ने उक्त आदिवासी परिवार के धन और धर्म दोनों का सौदा कर लिया।

उद्योग की यातनाओं से परेशान आदिवासी परिवार तमाम तरह के चक्कर काटने के बाद अदालत की शरण मे जाने को मजबूर हुआ। मामले को लेकर सहेश सिंह बताते है कि उस वक्त उनकी माँ जिंदा थी तो उसने एसडीएम मैहर के न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया जिसमें लगभग 20 वर्ष बाद

उसे न्याय मिला उसकी जीत हुई। इसके बाद मामले को फैक्ट्री कलेक्टर महोदय की अदालत में ले गयी जहां भी जीत आदिवासी परिवार की ही हुई। फिर उद्योग कमिश्नर रीवा के यहां अपील किया लेकिन कोई पैतड़े काम नही आये और फैसला आदिवासी परिवार के ही पक्ष में आया । जिसमे आदेश हुआ कि लीज समय का भुक्तताम मय ब्याज के उद्योग करे व साथ मे ज़मीन का अधिग्रहण करे। लेकिन उद्योग पुनः रेवेन्यू बोर्ड ग्वालियर में केश दायर कर दिया जिसमें भी मामला फैसले में है। यानी एक आदिवासी परिवार न्याय पाने के लिए अपने दो दो पीढ़ियों की कुर्बानी दे दी लेकिन अभी भी इंतजार ही है। आज सहेश सिंह ने पूरा जीवन आभाव में गुजार दिया और स्वयं बूढ़ा तो हो गया लेकिन इंसाफ की जंग जारी है। ये उद्योग तो आया था क्षेत्र का विकास करने लोगो की जीवन शैली बदलने लेकिन क्षेत्र और लोगो को नारकीय जीवन जीने को मजबूर कर दिया।

आखिर कब इस आदिवासी परिवार को न्याय मिलेगा कितनी पीढियां न्याय पाने में गुजर जाएगी। सरकार दावा करती है कि हम आदिवासियों का जीवन बदल रहे है लेकिन इन उद्योगों द्वारा किये जा रहे अत्याचार प्रताड़ना से कैसे मुक्त होंगे लोग यह बड़ा सवाल है। आज सहेश सिंह के पास खाने को नही दो पैरों में अलग अलग चप्पल पहनता है। उसके पास अदालत जाने का पैसा नही तो केश कैसे लड़ रहा है चिंतन का विषय है। क्या उद्योग सहेश सिंह की मृत्यु का इंतजार कर रहा है कि सहेश सिंह के जाने पर केश खत्म हो जाएगा। इन तमाम अभी तक के फैसलों में किसी अदालत ने उद्योग को स्टे नही दिया मामला अदालत दर अदालत प्रचलन में है ऐसे में जिले का जिम्मेवार तंत्र उस जमीन जिसमे उद्योग ने जबरन कब्जा कर रखा है उत्खनन कर रहा है उस जमीन पर सहेश सिंह को कब्जा क्यो नही दिलाता क्योकि वह जमीन तो आज भी सहेश सिंह के नामपर ही दर्ज है यानी जमीन का मालिकाना हक होने के बावजूद अपनी ही जमीन से बेदखल किया जाना भी अपराध है। तो इस अल्ट्राट्रैक सीमेंट उद्योग को कितने खून माफ होंगे।

ज्येष्ठ पूर्णिमा पर सन्त उमाकान्त जी महाराज का सतसंग व नामदान आश्रम जोधपुर में 21-22 जून को

जोधपुर राजस्थान)निजधामवासी बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी, इस समय के पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज का सतसंग व नामदान 21 जून, शुक्रवार, सायं 5ः30 बजे से व 22 जून, शनिवार, प्रातः 5 बजे से स्थान बाबा जयगुरुदेव आश्रम, जयगुरुदेव नगर, ओसियां रोड, दईजर, जोधपुर, राजस्थान में समय परिस्तिथि अनुकूल होने पर होगा। संपर्क- 9799948007, 8005833615, 9462709190. इस समय कलियुग में सन्त और सतसंग न मिलने से लोगों को अच्छे व बुरे की जानकारी खत्म होती जा रही है। यह मनुष्य शरीर जो भगवान ने भजन-इबादत के लिए दिया है, इसको गुनाहगार बनाकर इंसान कर्मों की सजा भुगत रहा है। गरीब गरीबी से, बीमार बीमारी से, गृहस्थ परिवार से, धनी-मानी, पद-प्रतिष्ठा वाले लोग शान्ति न मिलने की वजह से दुखी हैं। इसलिए इस समय पर सन्त और सतसंग की ठीक उसी तरह जरूरत है जैसे संभाल करने के लिए छोटे से बच्चों के लिए माता पिता की। इस समय पर घर-घर लड़ाई-झगड़ा, बीमारी, रुपया-पैसा में बरकत न मिलने से पूजा-पाठ इबादत करते हुए भी शान्ति नहीं मिलने से जो लोग दुखी हैं, खासतौर से उन्हीं लोगों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी वक्त गुरु परम् पूज्य बाबा उमाकान्त जी महाराज सतसंग व नामदान देने के लिए पधार रहे हैं। जो चीज रुपया-पैसा, राज पाठ, धन-दौलत से मिलने वाली नहीं है, ऐसी अमोलक दौलत आपको बख्शेंगे। अतः आप सभी जात-मजहब के मानने वाले लोगों को बुलावा दिया जा रहा है। आप परिवार, बच्चों सहित आइए, सतसंग सुनिए, पाँच नाम का दान लीजिए। जब तक इस धरती पर रहिए, सुख-शान्ति महसूस कीजिए, समय पूरा होने पर मुक्ति-मोक्ष प्राप्त कर लीजिए। याद रहे- दुनिया के काम कभी कम नहीं होंगे, पर बंदे एक दिन हम नहीं होंगे। ÷जयगुरुदेव जयगुरुदेव जयगुरुदेव जय जयगुरुदेव÷ नाम की ध्वनि रोज एक घंटा लगातार बोलने से तकलीफों में आराम मिलने लगता है। बाबा जी के मुख्य आश्रम का पता ः- बाबा जयगुरुदेव धर्म विकास संस्था, पिंगलेश्वर रेलवे स्टेशन के सामने, मक्सी रोड, उज्जैन (म.प्र.) छ्ठ्ठद्बद्बह्वह्लद्द1ह्वद्ब 9575600700, 9754700200. विश्व बने धर्मात्मा, पापों का हो खात्मा। हाथ जोड़कर विनय हमारी, तजो नशा, बनो शाकाहारी।

विजय प्लास्टिक द्वारा भ्रष्टाचार का बोया गया बीज, सुचारू रूप से नहीं मिल रहा शुद्ध पेयजल

***मामला नगर परिषद चाकघाट का**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान *रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह

मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना के अंतर्गत नगर परिषद चाकघाट में 7 वर्ष पूर्व शुद्ध पेयजल को लेकर एक बड़ा सौगात प्राप्त हुआ था। 7 वर्ष बीत जाने के पश्चात भी इस योजना का लाभ नियमित रूप से नगरवासियों को नहीं मिल पा रहा है। इस योजना के अंतर्गत बिछाए गए पाइप लाइन के माध्यम से निर्भर परिवारों के बीच प्रतिमाह वार्डों में पानी को लेकर हाहाकार मचा रहता है। इसमें सबसे बड़ी बात यह सामने आ रही है कि उक्त कार्य का दायित्व लेने वाले संबंधित जिम्मेदार मे. विजय प्लास्टिक जयपुर द्वारा मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना के अंतर्गत कार्य में जमकर अनियमितता और भ्रष्टाचार का बीच बोया गया है। पेयजल सप्लाई हेतु जिस वार्ड 12 में प्लांट स्थापित किया गया है एवं वहां से गुजरने वाली पाइप लाइन आए दिन फट जाती है। जिससे कई-कई दिनों तक पानी सप्लाई बंद रहता है। ऐसा कोई घर का द्वार नहीं बचा है जहां दो बार- चार बार पाइपलाइन में मरम्मत नहीं की गई हो। सूत्रों की माने तो ठेकेदार के मनमानी पर नए कार्यकाल में नोटिस भी जारी हुआ हैं। परंतु ठेकेदार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। इसी प्रकार से प्लांट में लैब टेक्नीशियन और अन्य जिम्मेदार कर्मचारियों की पदस्थापना नहीं की गई है। लैब टेक्नीशियन नहीं होने से पानी के शुद्धता पर भी प्रश्न चिन्ह बना हुआ है।नगर परिषद चाकघाट क्षेत्र अंतर्गत साढ़े छः करोड़ की लागत से शहरी पेयजल योजना का कार्य शुरू होने के पश्चात लोगों को यह उम्मीदें जगी थी कि अब उन्हें शुद्ध पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और घर-घर शुद्ध पेयजल की प्राप्ति होगी। परंतु नए कनेक्शन धारी पूरी तरह से त्रस्त हो चुके हैं। बता दे कि पुराने पाइप लाइन पर निर्भर लोगों को किसी प्रकार से पानी मिल जाता है। लेकिन नए कनेक्शन पर निर्भर सभी परिवार को कई-कई दिन पानी नहीं मिलता हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि पेयजल आपूर्ति को लेकर ठोस कदम उठाया जाए और संबंधित कंपनी पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उक्त एजेंसी द्वारा नगर के कई सड़कों को भी नष्ट कर दिया है जिससे आवागमन के मार्ग में भी लोगों को परेशानियां हो रही हैं। *कई परिवार ऐसे भी* नगर परिषद चाकघाट क्षेत्र अंतर्गत कुल 15 वार्ड है। शुद्ध पेयजल समुचित रूप से और सुचारू ढंग से प्राप्त हो यह सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। बता दे कि कहीं पाइप लाइन नहीं पहुंच पाई है तो कहीं कनेक्शन लेने के पश्चात उपभोक्ताओं को पानी प्राप्त नहीं हो रहा है। पानी की समस्याओं को लेकर पूर्व में नगर परिषद का घेराव और तालाबंदी जैसी कार्रवाई भी की गई परंतु ठेकेदार पर लगाम लगे ऐसा कोई सकारात्मक पहल देखने को नहीं मिला है। आखिर तक नगर के साथ सौतेला व्यवहार जिले भर के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के द्वारा किया जाएगा।

बाइक सवार पति पत्नी से जंगल मे लूट, महिला के गहने व नगदी लेकर लूटेरे फरार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विनोद कुमार पांडे अनूपपुर /शहडोल

जिले का ब्यौहारी क्षेत्र आपराधिक घटनाओं के मामले में बिहार की ओर अग्रसर है। इस क्षेत्र में आये दिन कोई न कोई संगीन वारदात होती है। जिसके कारण आम लोग अब अपने आपको असुरक्षित सा महसूस करने लगे हैं। कोठिया के जंगल में दिनद?हाड़े बाइक में सवार दम्पत्ति के साथ लूटपाट की

घटना को के साथ बेरहमी पूर्वक पिटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

घटना के संबध में मिली जानकारी के अनुसार कटनी जिला के बरही थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया से सुनील चौधरी पिता संतोष चौधरी 24 वर्ष अपनी पत्नी का इलाज करवाने छतैनी थाना ब्यौहारी सोमवार की सुबह आया था। इलाज करवाने के बाद दोपहर में दोनो दम्पति मोटर सायकल में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इस दौरान उन्हे प्यास लगी तो ग्राम कोठिया के जंगल में मोटर सायकल रोककर महुआ वृक्ष की छांव में पानी पीने लगे। इसी दौरान चार अरोपी उनके पास आये बातचीत करते-करते लूट पाट करने लगे। जिसका विरोध उन्होने किया तो चारों आरोपियों ने पति-पत्नी दोनों को बेरहमी पूर्वक पीटना शुरु कर दिया। जिसका नजारा कई राहगीरों ने देखा लेकिन कोई बचाव करने को नहीं रुका। मारपीट करने के बाद चारों आरोपियों ने महिला के पायल एवं मंगलसूत्र लूट लिये। वहीं सुनील चौधरी का मोबाइल और 4000 रुपये लूटकर चलता बने। इधर मारपीट व लूट से आहत दम्पत्ति ब्यौहारी थाना पहुंचे और आप बीती दास्तान पुलिस के समक्ष बयां कर दी । आनन-फानन में घटना स्थल और कोठिया गांव पुलिस पहुंची तो जांच में चारों आरोपियों का सुराग व लूटपाट किये जाने का मामला प्रकाश में आ गया। ब्यौहारी थाना पुलिस ने ग्राम कोठिया निवासी शिब्बू सिंह गोंड, अरुण सिंह गोंड, मस्कू सिंह गोड और सोनू सिंह गोंड के खिलाफ धारा 395, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है। इस मामले में ब्यौहारी थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय ने बताया कि लूट की घटना के बाद चारों आरोपी फरार हो गये हैं। जिनकी तलाश सरगर्मी के साथ की जा रही है। आरोपियों के घरों में भी दबिश दी गई है। शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

एसडीओ को जनपद सीईओ का प्रभार, डीएम का आदेष और प्रषासनिक कायदें तार-तार

स्टाप डेम में हैवी ब्लास्टिंग का वीडियो ग्रामिणों ने किया सोशल मीडिया में वायरल

बतौर एसडीओ इंजीनियर अशोक मरावी का कार्यकाल शहडोल में विवादों से घिरा रहा भ्रष्टाचार के कई आरोप श्री मरावी पचा चुकें है लेकिन न जाने कौन सी खूबी सीईओ जिला पंचायत और जिला प्रशासन को मरावी जी ने दिखी कि उन्हें जनपद सीईओ का प्रभार सौंप दिया गया और अब आलम यह है कि इंजीनियर के सह इंजीनियरस बे लगाम हो गए है और मेरी मर्जी की तर्ज पर न सिर्फ ठेकेदारो को उपकृत कर रहें है अपितु भ्रष्टाचार की पट कथा लिखते हुए गरीब मजदूरों के पेट पर भी लात मार रहे हैं, मामला जयसिंहनगर के मुदरिया टोला में 25 लाख की लागत से बनने वाले स्टाप डैम में हैवी ब्लास्टिंग के वायरल हो रहे वीडियो का है।

गजेन्द्र परिहार

शहड़ोल। कहते है भारत की आत्मा गांव में बसती है, आज वही देश की आत्मा वाले गाँव मे भारी भ्रस्टाचार वयाप्त है । भ्रस्टाचार का ताजा मामला शहड़ोल जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत मुदरिया टोला से सामने आया है। जंहा नियमो कानूनों को ताक में रखकर सचिव उपयंति मिलाकर 25 लाख की लागत वाले स्टॉप डैम में बिना अनुमति के हावी ब्लास्टिंग करा डैम निर्माण कार्यकराया जा रहा है। और जिम्मेदार अधिकारी जान कर अनजान बने सबकुछ खुली आँखों से देख कर अनदेखा कर रहे है । नियम विरुद्ध तरीके से ट्रेक्टर से ड्रिल मशीन लगाकर ड्रिल कर हैवी ब्लास्टिंग कर रहे है। इस ब्लास्टिंग के लिए किए जा रहे ड्रिल का एज जागरूक ग्रामीण ने वीडियो बना सोसल मीडिया में अपलोड कर दिया है। जो अब सोसल साइट पर तेजी से वायरल हो रही, और ग्रामीण क्षेत्रो में भ्रस्टाचार की पोल खोल रही है।

डीएम का सोशल मीडिया मूहीम

शहड़ोल कलेक्टर तरुण भटनागर ने सोसल मीडिया के माध्यम से लोगो की समस्या का समाधान करने की अनूठी पहल की थी, जिसका असर देखने को मिलने रहा लोग अपनी समस्याओं का वीडियो बनकर सोसल में मीडिया में अपलोड कर सोसल मीडिया के माध्यम से जिला प्रशासन तक अपनी समस्याएं पहुचा रहे है। ताजा मामला शहड़ोल जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत मुदरिया टोला 25 लाख की लागत से स्टाप डैम निर्माण कराया जाना है। यह कार्य मनरेगा के तहत मजदूरों को लगाकर कराया जाना है, लेकिन पंचायत का तानशाह सचिव उपयंत्री व जिम्मेदार अधिकारी

नियम विरुद्ध तरीके से ट्रेक्टर से ड्रिल मशीन लगाकर ड्रिल कर हैवी ब्लास्टिंग कर रहे है। इस ब्लास्टिंग के लिए किए जा रहे ड्रिल का एज जागरूक ग्रामीण ने वीडियो बना सोशल मीडिया में अपलोड कर दिया है। जो अब सोशल साइट पर तेजी से वायरल हो रही, और ग्रामीण क्षेत्रो में भ्रष्टाचार की पोल खोल रही है।

क्या लिया जायेगा संज्ञान

आपको बता की शहड़ोल कलेक्टर के अनोखी पहल का असर देखने को मिलने लगा है, आलम ये है कि लोग अपनी समस्या का विडियो बनाकर सोसल मीडिया के माध्यम से जिले के अधिकारियों तक पहुचा रहे है, जिनको संज्ञान में लेकर अधिकारी समस्याओ का निराकरण भी कर रहे है। अभी हाल के ही शहड़ोल कलेक्टर तरुण भटनागर ने अनूठी पहल करते हुए ओस बात पर जोर दिया था, कि अब लोगो के सोशल मीडिया के माध्यम से समस्याओ का त्वरित निराकरण किया जाएगा। वही इस मामले में मुदरिया टोला सचिव राम प्रकाश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह डैम निर्माण कार्य मनरेगा के तहत होना है। जिसके लिए मजदूर लगाए गए है रही बात ब्लास्टिंग करने की तो मुलायम करने के लिए एक दो घंटे ब्लास्टिंग है। नही करना चाहिए ही इस पूरे मामले में इंजीनियर मनोज शुक्ला का कहना है कि ब्लेस्टिंग किये जाने की उनकी जानकरी में नही है। उनका यह भी कहना है कि वो वंहा 24 घण्टे तो नही रह सकते, आपके माध्यम से जानकरी मिली है तो उसको दिखवाते है।

इनका कहना है

कहां ब्लास्टिंग हुआ है ऐसा तो नहीं है मुदरिया टोला में कोई काम नहीं चल रहा, मुदरिया टोला में कांक्रीट का कार्य चल रहा है ब्लास्टिंग के संबंध में मुझे कुछ नहीं मालूम, वायरल वीडियो का मुझे नहीं मालूम।

अशोक मरावी
प्रभारी सीईओ, जयसिंहनगर

रंग लाई साइबर सेल की मेहनत, मोबाइल धारकों की लौटी खुशी, बीते डेढ वर्ष में 1171 गुम मोबाईल बरामद

शहडोल पुलिस कप्तान के निर्देश पर साइबर सेल का सराहनीय कार्य, बुधवार को 211 मोबाइल किये धारकों को वितरित

गजेन्द्र परिहार

इंट्रो। मिडिल क्लास आदमी के जीवन में मोबाइल की क्या कीमत होती है यह हमसे बेहतर बेहतर कौन जानता है खैर बेरंग चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए बुधवार को लगभग दो सैकड़ो लोगों ने शहडोल पुलिस कप्तान कुमार प्रतीक एडीजीपी सहित साइबर टीम को धन्यवाद जरूर व्यापित किया होगा बीते डेढ़ वर्षो में कुमार प्रतीक के मार्गदर्शन में शहडोल साइबर टीम ने 1171 मोबाइल जोकि गुम हो चुके थे उन्हें मध्य प्रदेश के चार अलग-अलग राज्यों से बरामद कर उनके मूल धारकों को वापस किया है तो वहीं बुधवार को 211 मोबाइल कीमत लगभग 52 लाख रुपए के मोबाइल धारकों को लौट आए गए धारकों ने इस अवसर पर पुष्प कुछ भेंट कर एडीजीपी और कप्तान शहडोल कुमार पति का धन्यवाद ज्ञापित किया।

शहडोल। मध्य प्रदेश के शहडोल में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुम या चोरी हुए 200 से अधिक मोबाइल फोन को ढूंढ निकाला है। बताया जा रहा है कि शहडोल पुलिस पिछले कई दिनों से जिले के नागरिकों के गुमशुदा मोबाइल को ढूंढने के लिए अभियान चला रही थी. इसके बाद पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश,छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश के कई जिले से मोबाइल फोन को ढूंढ निकाला है। शहड़ोल पुलिस के सायबर सेल ने 52 लाख कीमत के दो सौ से अधिक मोबाइल खोजकर उनके मालिकों को लौटाए, अपने गुम हुएमोबाईल वापस मिलने पर मोबाईल मालिकों के चेहरे खुशी से खिल उठे... मध्य प्रदेश के शहडोल में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुम या चोरी हुए 2 सौ 11 मोबाइल फोन को ढूंढ निकाला है। बताया जा रहा है कि शहडोल पुलिस पिछले कई दिनों से जिले के नागरिकों के गुमशुदा मोबाइल को ढूंढने के लिए अभियान चला रही थी, इसके बाद पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद मध्य प्रदेश समेत देश के अलग-अलग राज्यों से मोबाइल फोन को ढूंढ निकाला।

चार राज्यों से बरामद हुए फोन

शहडोल के पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने सभी थाना प्रभारियों को गुम या चोरी हुए मोबाइल ढूंढने के लिए निर्देश दिया था, साथ ही साइबर सेल को भी इस अभियान में शामिल किया था, इसके बाद पुलिस ने साइबर की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद शहडोल पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश के कई जिले से मोबाइल फोन को ढूंढ निकाला है। शहड़ोल पुलिस के सायबर सेल ने 52 लाख कीमत के दो सौ से अधिक मोबाइल खोजकर उनके मालिकों को लौटाए, अपने गुम हुएमोबाईल वापस मिलने पर मोबाईल मालिकों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

इनका कहना है

शहडोल पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने फिर एक बार अपनी कर्मठता षिद्ध की है उनकी टीम ने पूरी कर्मठता से मिसिंग मोबाइलस को बहुत ही कम समय में खोज निकाला इनकी कीमत लगभग 52 लाख है, उन मोबाइलों को आज धारकों को वितरित किया गया जो हर्ष का विषय है।

डी.सी. सागर
एडीजीपी, शहडोल

कमिश्नर ने शासकीय माध्यमिक शाला पचगांव का किया निरीक्षण

मनमाने तौर पर स्कूल से अनुपस्थित 3 शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के दिए निर्देश

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने बुधवार को शहडोल जिले के सोहागपुर विकासखंड के माध्यमिक शाला पचगांव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने स्कूल में पदस्थ अमले के संबंध में प्रधानाध्यापक से जानकारी ली। प्रधानाध्यापक ने बताया कि शासकीय माध्यमिक शाला पचगांव में 9 शिक्षक एवं एक भृत्य पदस्थ हैं। जिनमें से 3 शिक्षक मनमाने तौर पर बगैर सूचना दिए अनुपस्थित हैं। कमिश्नर ने शिक्षकों के मनमाने तौर पर अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए की स्कूल से मनमाने तौर पर अनुपस्थित शिक्षक श्रीमती सरिता द्विवेदी, श्रीमती कामना श्रीवास्तव, सुग्रीव मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश मौके पर उपस्थित सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग आनंदराय सिन्हा को दिए। इस दौरान कमिश्नर ने कक्षा छठवीं एवं सातवीं के छात्रों से किताब पढ़ाई। कक्षा छठवीं एवं सातवीं के विद्यार्थी सही ढंग से किताब भी नहीं पढ़ पाए जिस पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। शासकीय माध्यमिक शाला पचगांव के बच्चों की पढ़ाई का स्तर काफी कम होने एवं शिक्षकों पर कड़ी निगरानी नहीं रखने पर प्रधानाध्यापक की जवाबदेही तय करते हुए प्रधानाध्यापक शासकीय माध्यमिक शाला पचगांव बैजनाथ प्रजापति को भी निलंबित करने के निर्देश सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा को दिए। इस दौरान कमिश्नर ने छात्रों से चर्चा भी की। चर्चा के दौरान कमिश्नर ने छात्रों से देश का नाम, देश की राजधानी, देश के प्रधानमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री के बारे में भी पूछा जिस पर काफी कम बच्चों ने ही सही दिए। इस दौरान कमिश्नर ने उपस्थित छात्रों से कल प्रवेश उत्सव के समय अभिभावकों की उपस्थिति की भी जानकारी ली। जिस पर छात्रों ने बताया कि स्कूल में किसी भी छात्र-छात्राओं के अभिभावक नहीं आए थे। जिस पर कमिश्नर ने शिक्षकों से वस्तुस्थिति की जानकारी ली तथा अभिभावकों को प्रवेश उत्सव के दिन नहीं आमंत्रित करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, खण्ड शिक्षा अधिकारी सोहागपुर भी कमिश्नर के साथ रहे।

अवैध उत्खनन होने पर संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार पर होगी कार्यवाही- कमिश्नर

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने निर्देश दिए हैं कि खनिज और रेत के उत्खनन पर सख्ती से रोक लगाएं। कमिश्नर ने कहा है कि जिस क्षेत्र में खनिज और रेत का अवैध उत्खनन होगा उस क्षेत्र के तहसीलदारों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही होगी। कमिश्नर ने शहडोल संभाग के सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे वर्षा पूर्व नगरीय क्षेत्रों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को चिन्हित करें तथा बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि प्रदेश शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान एवं पौधरोपण कार्यक्रम में जनमानस की भागीदारी सुनिश्चित करें तथा जनमानस के साथ मिलकर जल संरचनाओं की साफ-सफाई एवं पौधरोपण का कार्य करना सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने उक्त निर्देश मंगलवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि हम सब को मिलकर जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य प्राथमिकता के साथ करना होगा। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि वर्षा काल में पौधरोपण के लिए कार्य योजना बनाएं और इस कार्य योजना के अंतर्गत शहडोल संभाग में वृहद स्तर पर पौधरोपण कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि वर्षाकाल में वर्षा के जल को रोकना हम सभी की जवाबदेही है। उन्होंने कहा कि वर्षा काल में जल संरक्षण और पौधरोपण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। वर्षा के जल को रोकने का प्रयास करें यह हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में कमिश्नर ने 21 जून को होने वाली योग दिवस की तैयारियों को भी समीक्षा की। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती ऊषा सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

महिलाओं को सशक्त बनाने रूचि के अनुसार दिलाएं कार्य- कलेक्टर

कलेक्टर ने आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा की

शहडोल। कलेक्टर तरूण भटनागर ने बुधवार को आजीविका मिशन द्वारा महिलाओं को स्वावंलबी बनाने हेतु किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं को हर क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए उनके रूचि के अनुसार कार्य दिलाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं को जैसे नीम का पाउडर बनाने, सब्जी उत्पादन, कृषि के कार्यां में रूचि लेने वाली महिलाओं को कृषि के कार्य, बिस्कुट बनाने, दलिया बनाने जैसे अन्य कार्यों को प्राथमिकता के साथ दिलाया जाए जिससे महिलाए हर क्षेत्र में सशक्त बने और मजबूत समाज का निर्माण कर सकें। कलेक्टर ने आजीविका मिशन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आजीविका मिशन के अंतर्गत जो महिलाएं जुड़ी हुई है उन्हें वर्षाकाल में पौधारोपण के कार्य का दायित्व भी सौंपे जिससे पर्यावरण के प्रति भी सजग रहें और पर्यावरण के क्षेत्र में भी अपनी महती भूमिका अदा कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि इच्छुक

स्व सहायता समूह की महिलाओं को नगरपालिका द्वारा प्रदाय किये जा रहे दुकानों के संचालन का कार्य भी महिलाओं को प्रदान किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के साथ दिलाया जाए जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर हो सकें। समीक्षा के दौरान कृषि सखी श्रीमती ममता बरगाही ने कलेक्टर को बताया कि स्व सहायता समूह से जुड़कर कृषि सीआरपी का प्रशिक्षण प्राप्त कर प्राकृतिक खेती का कार्य कर रही हूं। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित स्व सहायता समूह से जुड़कर ने कृषि सखी का प्रशिक्षण प्राप्त किया और अब मै स्वयं प्राकृतिक खेती करती हूं साथ ही अपने गांव में 145 महिलाओं को भी प्राकृतिक तरीके से खेती करवा रही हूं। गौरतलब है कि मंगलवार को वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शहडोल जिले की आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम कोलुहा निवासी श्रीमती ममता सिंह बरगाही को कृषि के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर कृषि सखी के रूप में प्रमाण-पत्र प्रदान किया। समीक्षा के दौरान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, जिला प्रबंधक मूल्याकंन एवं अनुसरण संदीप सिंह, डीपीएम अजय सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल, भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

कोर्ट में एसडीएम और वकील भिड़े, बार ने किया वर्क सस्पेंड

महमूदाबाद सीतापुर।

एसडीएम कोर्ट में अधिवक्ताओं के बिना ही वादकारो की सुनवाई कर रहीं एसडीएम की वकीलों से तीखी नोक-झोंक हो गई। इस दौरान काफी शोरशराबा देख एसडीएम ने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने किसी तरह हंगामे को शांत कराया। जिसके बाद नाराज अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन सभागार में बार के अध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक की। बैठक में वकीलों द्वारा एसडीएम न्यायालय के कार्य का पूर्ण बहिष्कार करने का ऐलान किया, जिसमे सीआरपीसी 107 और 151 की कार्यवाही भी शामिल है। मालूम हो कि बीती 4 मई को महमूदाबाद तहसील स्थित बार एसोसिएशन में एक बैठक वकीलों द्वारा की गई थी। जिसके बाद अधिवक्तों ने एसडीएम न्यायालय का कार्य बहिष्कार करने का प्रस्ताव पारित करते हुए एसडीएम शिखा शुक्ल पर भ्रष्टाचार करने व तानाशाही रवैये जैसे गंभीर आरोप मढ़े थे। उस दौरान वकीलों का आरोप था कि एसडीएम शिखा शुक्ला द्वारा न्यायालय में भ्रष्टाचार करते हुए तानाशाही रवैया अपनाते हुए वादों के विधि विरुद्ध निर्णय पारित किए जाते हैं। बस इन्हीं वजहों से क्षुब्ध होकर लायर्स एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा एसडीएम न्यायालय के कार्यों का अनिश्चितकाल तक बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया था। अधिवक्ताओं का आरोप है कि बुधवार दोपहर एसडीएम बिना वकीलों के वादकारों और अपत्तिकर्ताओं की सुनवाई कर रहीं थी। बस इसी बात को लेकर जब वकीलों द्वारा कोर्ट में पहुंचकर इस बात का विरोध किया गया तो, एसडीएम ने अधिवक्ताओं से बदसलूकी की और दुर्व्यव्वहार किया। जिसके बाद एसडीएम और वकीलों में तीखी नोक-झोंक शुरू हो गई। बढ़ते हंगामे के बीच एसडीएम ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कोर्ट और तहसील परिसर को छावनी में तब्दील करते हुए वकीलों को समझाया और किसी तरह मामला शांत कराया। जिसके बाद नाराज वकीलों ने बार एसोसिएशन सभागार में बैठक कर सीआरपीसी 107, 151 की कार्यवाही के बहिष्कार का ऐलान एसडीएम के स्थानांतरण होने तक किया।

हाई कोर्ट के निर्देश हैं, ऐसे बहिष्कार का कोई आधार नहीं- एसडीएम

एसडीएम ने बताया कि कोर्ट न चलने के कारण आम जनमानस की परेशानी देखकर जब हमने कोर्ट में वादकारियों को बिना वकीलों के सुन रहीं थीं कि, तभी अधिवक्ताओं का समूह एकत्रित होकर विरोध करने आ गया, इस दौरान न्यायलय का कार्य बाधित हो गया, जिसके बाद सभी अधिवक्ता तो नही लेकिन कुछ अधिवक्ताओं ने अमर्यादित भाषा का भी प्रयोग किया। साथ ही दो दिन पहले अभी कुछ अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव के साथ अभद्रता की थी। और मारपीट करने की बात अधिवक्ताओं द्वारा कही गई थी। इतना ही नहीं हमने अधिवक्ताओं से बैठ के बात करने की भी गुजारिश करी थी।

लगातार हो रही चोरी और चोर को पकड़ने में सीतापुर पुलिस हो रही फेल

पत्रकार नवनीत दीक्षित के घर से चोरी के एक महीने बाद भी पुलिस के हाथ खाली,

एसपी के आश्वासन के बावजूद कार्यवाही शून्य

अवैध धन उगाही का अड्डा बन चुकी बिजावर चौकी

सीतापुर ।चोरी की घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रही है। चोर आए दिन वारदात अंजाम दे रहे हैं। लेकिन खुलासे के नाम पर पुलिस नाकाम साबित हो रही है। अधिकारियों द्वारा किए जा रहे सुरक्षा के दावे भी फेल होते नजर आ रहे हैं। बीते एक माह में दर्जनों से अधिक वारदात हो चुकीं हैं। लेकिन खुलासे के नाम पर पुलिस खाली हाथ है।

पुलिस अधिकारी भले ही दावा करते हों कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जबकि हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करने वाली है। बात करें बीते एक माह की तो करीब कई चोरी की सीतापुर में अलग अलग वारदात अंजाम दी जा चुकीं हैं। खुलासे के नाम पर सिर्फ घटनास्थल का निरीक्षण और पीड़ित को आश्वासन ही हाथ लगता है। न तो पुलिस चोर का पता लगा पा रही है न हीं वारदात पर रोक ही लगा पा रही है। परंतु चोरी के बाद संदिग्धों को पूछताछ के नाम पर अनुचित तरीके से प्रताड़ित कर धन उगाही अवश्य कर ली जाती है और चोरी का मामला धीरे धीरे ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता हैआपको बताते चले की सीतापुर के कोतवाली देहात स्थित बीते 14 मई की रात को पत्रकार नवनीत दीक्षित के वहा अज्ञात चोरों ने घर पर धावा बोल दिया। चोरों ने पत्रकार के घर से लाखों रुपए का माल पार कर दिया। 15 मई को सीतापुर देहात में पुलिस ने चोरी का मुकदमा पंजीकृत किया। चोरी की घटना को लगभग एक महीने से अधिक बीत चुके हैं लेकिन पुलिस को अभी तक कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। चोरी की घटना के अत्यधिक दिन बीत जाने के कारण ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बढ़ते अपराध पर सीतापुर पुलिस अंकुश लगाने में नकारा साबित हो रही है। पत्रकार संगठन ने पुलिस अधीक्षक से पत्रकार के घर हुई चोरी के खुलासे की मांग किया था जिसके खुलासे का आश्वासन दिया गया था पर इतने दिन बीत जाने के बाद भी मामला वही दबा पड़ा हुआ है।वही सीतापुर कोतवाली देहात की बिजवार चौकी काफी सुर्खियों में रहती है चाहे मामला अभी हाल ही में एक सब इंस्पेक्टर को सिपाहियों द्वारा पीटने का हो या चौकी के अंतर्गत चल रहे अन्य वसूली का हो चौकी के सिपाही के संरक्षण में सब संभव है।

एसडीएम शिखा शुक्ला ने किया निरीक्षण

रामपुर मथुरा, सीतापुर। ग्राम पंचायतो को बाढ़ से बचाने के लिए एसडीएम शिखा शुक्ला ने किया निरीक्षण

महमूदाबादएसडीएम शिखा शुक्ला ने बाढ़ प्रभावित इलाके अखरी, बाबाकुटी,शंकर पुरवा,प्यारे पुरवा का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अखरी में चल रहे बाढ़, कटान राहत कार्यों में समय से कार्य पूरा न होते देख संबंधित को समय से कार्य पूर्ण करने के शख्त निर्देश दिया, सड़को की मरम्मत के लिए भी संबंधित अधिकारी पी डब्लू डी को निर्देशित किया।

साथ में पीडब्ल्यूडी,सिंचाई विभाग, रामपुर मथुरा रामपुर बीडीओ संदीप कुमार एडीओ पंचायत ज्ञानेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार, जलनिगम, लेखपाल रवींद्र वर्मा,बाढ़खंड के अधिकारी मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाके का निरीक्षण किया गया है जिसमे बाढ़ प्रभावित परिवारों को चिन्हित किया जा रहा है समस्याओं का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया है,कटान प्रभावित 26 परिवारों के पट्टे बने हैं जिन्हे जल्द ही वितरित किया जाएगा।

निजी कार्य से आये युवक की चौकी के पास खड़ी बाइक चोरी

महमूदाबाद सीतापुर। सदरपुर थाना इलाके के गोडैचा चौराहे के पुलिस चौकी के समीप एटीएम स्थल से एक बाइक अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। युवक ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तो वहीं थानाध्यक्ष इस वारदात से अनजान हैं।

बता दें कि बुधवार सुबह रेउसा थाना इलाके के खानपुर निवासी निज़ामुद्दीन पुत्र अख्तर ने थाना सदरपुर में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह अपने निजी कार्य से सुबह लगभग साढ़े 10 बजे गोडैचा चौराहा आया था, और उसने अपनी बाइक गोडैचा स्थित एटीएम के पास खड़ी की थी, इसी बीच उसकी टीवीएस स्पोर्ट बाइक अज्ञात चोरो ने गायब कर दी, विदित हो कि जिस एटीएम के पास से बाइक गायब हुई है उसी एटीएम को अभी कुछ दिन पूर्व नकाबपोश हथियारों से लैस बदमाशों ने एटीएम तोड़कर उसे ले जाने का प्रयास किया था, जिसका खुलासा सदरपुर पुलिस अभी तक नही कर पाई है। थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं आया है। फिर भी चौकी इंचार्ज से पता करवाता हूँ।

सोलर पम्प की सुविधा का लाभ उठायें किसानः उप कृषि निदेशक।

अनुदान पर सोलर पम्प लेने के लिये बुकिंग प्रक्रिया जारी 2650 है जनपद का लक्ष्य

सीतापुर । उप कृषि निदेशक ने बताया कि पी0एम0 कुसुम योजनान्तर्गत सरकार द्वारा किसानों को अनुदानित धनराशि पर सोलर पम्प की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। जनपद में सोलर पम्प स्थापना के इच्छुक किसान कृषि विभाग की वेवसाइट द्धह्लह्लश्चह्य=//ड्डद्दद्बष्ह्वद्यह्लह्वह्लस्द्र.ह्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ/पर सोलर पम्प की बुकिंग कर सकते है। उप कृषि निदेशक, सीतापुर द्वारा बताया गया कि जनपद में वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु कुल 2650 सोलर पम्प की स्थापना का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसकी बुकिंग प्रक्रिया जारी है, अभी तक कुल 324 किसानों द्वारा सोलर पम्प की बुकिंग की गयी है। किसान भाई विभागीय वेबसाइट के माध्यम से स्वयं अथवा जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कर अनुदान पर सोलर पम्प की सुविधा का लाभ उठा सकते है। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये किसान भाई अपने विकासखण्ड के राजकीय कृषि बीज भण्डार अथवा कृषि भवन खैराबाद में सम्पर्क कर सकते है।

कवि सम्मेलन आयोजित

विसवां सीतापुर । जनपद के ख्यातिप्राप्त कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु की सहधर्मिणी स्व. श्रीमती अनीता मौर्या की स्मृति मे बरेली में आयोजित हुआ कवि सम्मेलन। राष्ट्रीय कवि संगम और संस्कार भारती बरेली के संयुक्त तत्वाधान में स्वर्गीय अनीता मौर्य की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर मेगामेंशन कॉलोनी के कम्युनिटी हॉल में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की अध्यक्षता संस्कार भारती बरेली के अध्यक्ष हिमांशु श्रोत्रिय निष्पक्ष ने की। कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने स्वर्गीय अनीता मौर्य जी के बारे में अनेक मार्मिक प्रसंग सुनाये। कार्यक्रम के शुभारम्भ में हिमांशु श्रोत्रिय, कमल सक्सेना व कमलेश मौर्य ने माँ शारदे के चित्र पर दीप जलाकर एवं पुष्पार्पण कर कविसम्मेलन की सफलता का आशीर्वाद लिया। इसके बाद पीलीभीत से आयी कवयित्री कु. सरोज सरगम ने माँ वाणी की वंदना की।कवि सम्मेलन में कमलेश मौर्य मृदु, गीतकार कमल सक्सेना, हिमांशु श्रोत्रिय निष्पक्ष, उमेश त्रिगुणायत ÷अद्भुत÷, बाराबंकी के हास्य कवि संदीप अनुरागी, मैलगंज खीरी से पधारे कवि अरविन्द रस्तोगी ,रोहित राकेश , किरण प्रजापति दिलवारी, सरोज सरगम व अनुभव मौर्य ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन का संचालन हास्य व्यंग्य कवि रोहित राकेश ने किया। देर रात तक श्रोता तालियां बजाकर कवियों का उत्साह बढाते रहे.। अंत में संयोजक अनुभव मौर्य व डा लक्ष्मी मौर्या ने सभी कवियों व श्रोताओं के प्रति आभार प्रकट किया।

मृतक श्रवण अपने मचाने पर नहीं था

सीतापुर ¬ थाना मछरेहटा क्षेत्र की हेतपुर गांव के बाहर खेत में श्रवण कुमार पुत्र फकीरे उम्र 42 वर्ष निवासी बिठौरा का रहने वाला था प्रतिदिन शाम को लगभग 7¬00 बजे 2 महीने से अपना गन्ने की फसल की रखवाली करने निकल जाता था और शाम सुबह को लगभग 7¬00 बजे तक अपने घर वापस आ जाता था लेकिन बुधवार की सुबह जब श्रवण कुमार अपने घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने फोन लगाते हुए उसकी तलाश करते हुए खेत तक पहुंचे देखा मृतक श्रवण अपने मचाने पर नहीं था तो खेत के आसपास तलाश करने लगे तभी खाली खेत में सव पड़ा मिला श्रवण कुमार के मुंह से काफी ब्लड निकला हुआ था ।

तीन दिन बीत जाने के बाद नही हुआ ई रिक्शा चोरी की घटना का खुलासा

सीतपुर।लहरपुर में नहीं थम रहा चोरियो का सिलसिला... लगातार हो रही चोरियो से क्षेत्र में मचा हड़कंप....

लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में लगातार एक पर एक चोरियां हो रही है लेकिन किसी भी घटना का खुलासा स्थानीय पुलिस के द्वारा नहीं किया जा रहा बीते दिनों लहरपुर नगर में हुई एटीएम चोरी की घटना बाद अब ई रिक्शा चोर गिरोह सक्रिय हो गया है । बीती 18-19 जून की रात शाहकुलीपुर निवासी मोहम्मद हनीफ का ई रिक्शा मैन रोड पर खड़ा था । अज्ञात चोरों के द्वारा ई रिक्शा के चारों बैटरी खोल ले गए । सुबह होने पर पीड़ित को जानकारी हुई तो उसके माथे पर चिंता के लिए की लकीर सवार हो गई । पीड़ित ई रिक्शा चालक अपने परिवार के भरण पोषण के लिए ई रिक्शा चलाता था । वही बीते 17 जून को नगर के मोहल्ला मीरा टोला निवासी आफताब का ई रिक्शा अज्ञात चोर चुरा ले गए चोरी की घटना कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई ।

वही दूसरी तरफ नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला निवासी लतीफ ने बताया की उनकी मोटर साइकिल बीते 17 जून को घर के बाहर खड़ी थी तभी रात लगभग 9 बजे अज्ञात चोरों ने मोटर साइकिल पर हाथ साफ कर दिया ।

पीड़ित पक्ष ने बताया की कोतवाली में तहरीर दी गई लेकिन पुलिस के द्वारा किसी भी तरह की कोई रिसीविंग नही दी गई ।

ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि रात भर पुलिस का पहरा रहता है और उसके बाद भी नगर में दिन प्रतिदिन चोरी की वारदात बढ़ रही है ऐसे में कहीं ना कहीं पुलिस के पहरे पर सवालिया निशान जरूर खड़े हो रहे हैं ।

जिला स्तरीय समिति की बैठक विजुअल कांफ्रेंस के माध्यम से सम्पन्न हुयी

सीतापुर । कलेक्ट्रेट स्थित एन0आई0सी0 में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एन0आर0सी0) से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक विजुअल कांफ्रेंस के माध्यम से सम्पन्न हुयी, जिसमें नागरिकता से संबंधित प्राविधानों को राज्य स्तरीय जनगणना निदेशक श्रीमती शीतल वर्मा व उच्च अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया व जिला स्तरीय समिति के कार्यों को विस्तारपूर्वक बताया गया। नागरिकता से संबंधित आवेदन पत्र के स्वीकार्य व लिए जाने वाले निर्णय को स्पष्ट करने के साथ ही छः धर्मो से आने वाले नागरिक, तीन देशों के नागरिक अपना आवेदन कहा जमा करेंगे व आवेदन की सत्यता प्रमाणित करने के मानकों को भी स्पष्ट किया गया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस एवं जनपदीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का किया गया आयोजन

खरीफ फसलों की उत्पादन रणनीति पर की गयी चर्चा।

कृषि एवं अनुषांगिक विभागों के अधिकारी व किसान रहे मौजूद

सीतापुर । जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें खरीफ फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के सम्बन्ध में सभी विभागों द्वारा रणनीति का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा कृषि निवेशों की उपलब्धता के बारे में जानकारी देते हुये बताया गया कि खरीफ हेतु आवश्यक खाद एवं बीज सहित सभी कृषि निवेशों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है। शासन द्वारा इस बार धान की उत्पादकता का लक्ष्य 30.50 कु0/हे0 निर्धारित किया गया है जिसे पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। श्री अन्नों के विषय में जानकारी देते हुये जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में 9000 हे0 क्षेत्रफल में श्री अन्नों की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके लिये अगले सप्ताह से बीज राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर उपलब्ध करा दिया जायेगा। किसान दिवस के अंतर्गत कुल 19 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 8 विद्युत विभाग की रही। शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी द्वारा समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

डा0 दयाशंकर श्रीवास्तव, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र-कटिया द्वारा धान की सीधी बिजाई के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये बताया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र पर विगत दो वर्षो के ट्रायल में इसका अच्छा परिणाम मिला है। वर्तमान प्रतिकूल मौसम में धान की खेती का यह अच्छा विकल्प है।

उप कृषि निदेशक, सीतापुर द्वारा किसानों को अवगत कराया गया कि वर्तमान मौसमीय प्रतिकूल परिस्थितियों में सोलर पम्प सिंचाई का एक बेहतरीन साधन है। वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा जनपद में कुल 2650 सोलर पम्प स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष मात्र 324 कृषकों द्वारा ही बुकिंग की गयी है। वर्तमान में बुकिंग प्रक्रिया जारी है, इच्छुक किसान भाई स्वयं अथवा जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से सोलर पम्प की बुकिंग कर अनुदान पर सोलर पम्प की स्थापना का लाभ प्राप्त कर सकते है। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल द्वारा बताया गया कि गांव के तालाबों में अवांछित रूप से जलकुम्भी पनपती है जिससे तालाब देखने में अच्छा नहीं लगता किसान भाई सम्बन्धित ग्राम पंचायत में अनुबन्ध करके अपने आस-पास के तालाबों में कमल, सिंघाड़ा, तालमखाना, आदि उगाकर स्वयं एवं ग्राम पंचायत हेतु अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते है।

विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा

सीतापुर । उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर '' मनोज कुमार-द्धद्धद्ध'' के निर्देशानुसार, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा यह जानकारी दी गयी कि उच्चतम न्यायालय द्वारा लम्बित मामलों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए 29 जुलाई 2024 से 03 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त विशेष लोक अदालत का आयोजन शीर्ष अदालत की स्थापना के 75वें वर्ष में किया जाएगा। मा0 उच्चतम न्यायालय 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के साथ अस्तित्व में आया था। लोक अदालत में वैवाहिक विवाद, सम्पत्ति विवाद, मोटर दुर्घटना दावे, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, सेवा और श्रम से जुड़े हुये मामले जिनमें समझौता सम्भव है और वे लम्बित हैं को जल्द निपटाया जाएगा।

इसी क्रम में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक-13.07.2024 को आयोजित होने वाली लोक अदालत के सन्दर्भ में भी जानकारी दी गयी कि उक्त लोक अदालत में अपने-अपने वादों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराने का कष्ट करें तथा साथ ही प्री-लिटिगेशन वैवाहित विवादों का भी उक्त लोक अदालत में निस्तारण किया जायेगा।

आपूर्ति कार्यालय है या जनसुविधा केंद्र

(प्राइवेट कर्मियों का है बोलबाला, सरकारी अभिलेखों से करते है छेड़ छाड़,पूर्ति निरीक्षक करते हैं मनमानी ,बात करने पर करते हैं अभद्रता । आर ओ गौरव चौधरी व जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव को है सारी जानकारी , फिर भी नही कर रहे कोई कार्रवाई)

सीतापुर ।

लहरपुर तहसील लहरपुर में पूर्ति निरीक्षक रूपेश जैन चर्चाओं में बने रहते है । अभद्रता करना इनके आचरण में सम्मिलित हैं उपभोक्ता हो या कोई दुकानदार या फिर पत्रकार ही क्यों न हो सबसे एक भाषा में बात करते हैं।और यही नही इनके किस्से फिल्मी अंदाज जैसे हैं। पान मसाला खाकर और कानों में ईयर फोन लगाकर कार्यालय में बैठना इनकी आदत का हिस्सा है। जिसके लिए निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह ने इन्हे कड़ी फटकार लगाई थी। लेकिन उसके बाद भी इनका रवैया जैसे का तैसा है । पचास हजार के लगभग वेतन प्राप्त करने वाले पूर्ति निरीक्षक एक्सयूवी 700 से बहराइच से लहरपुर कार्यालय आते जाते हैं उसमें क्षेत्र भ्रमण भी शामिल है । जिसमें लाखों का खर्चा हर महीने आता है ।अब प्रश्न यह उठता है कि योगी जी के जीरो टॉलरेंस की नीति को चुनौती दी जा रही है। पूर्ति कार्यालय में चार चार प्राइवेट व्यक्तियों को बैठाया जाता है किसके आदेशों पर बल्कि जिलाधिकारी का शक्त आदेश है कि किसी भी सरकारी कार्यालय में कोई भी प्राइवेट व्यक्ति काम नहीं करेगा । परन्तु पूर्ति निरीक्षक लहरपुर का कानून अलग है ।अब इन व्यक्तियों लवकुश त्रिवेदी ,नीरज ,अतीक ,विशाल जयसवाल इन्हे किस पर्पज से बैठाया जाता है इन्हे वेतन कौन देता है । इन सब बातों की जानकारी आर ओ व जिला पूर्ति अधिकारी को है । परन्तु उनके द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई है। इन गतिविधियों से आम जनता व कई उचित दर विक्रेताओं में बहुत रोष है। नाम न बताने की शर्त पर कई दुकानदारों ने बताया है की सभी प्राइवेट कर्मियों को वेतन देने के लिए कार्ड धारकों से वसूली कराई जाती है यूनिट काटने व बढ़ाने के नाम पर कार्ड काटने व बढ़ाने के नाम पर तथा दुकानदारों से भी ब्लॉक वाइज वसूली करने के लिए ये प्राइवेट कर्मी बैठाए गए है । और यह बात अधिकारियों की जानकारी में भी है। उन्होने बताया की ये प्राइवेट कर्मचारी व पूर्ति निरीक्षक कई लोगों से अभद्रता कर चुके हैं। अब देखना यह है कि इनके ऊपर कानून का हंटर कब चलेगा।

22 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

मछरेहटा सीतापुर।थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेनपुर के मजरा संम्भू पुरवा में 22 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप बताते चलें मछरेहटा थाना क्षेत्र के भटेलिया गांव निवासी बिहारी ने अपनी छोटी बेटी बबली कि शादी 1 साल पहले थान मछरेहटा के ग्राम पंचायत सेनपुर के मजरा संम्भू पुरवा निवासी धीरज पुत्र बालक राम के साथ कि थी लड़की के परिजन दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि मेरी बेटी को बहुत मारते पीटते थे और कल रात में मेरी बेटी को मार पीट कर फांसी के फंदे पर लटका दिया वही थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भदेभर के मजरा यारपुर निवासी विनोद अपने परिजनों के साथ छत पर लेटे हुए थे रात्रि करीब ग्यारह बजे विंदेश्वरी छत से नीचे गिर गई। विंदेश्वरी उम्र 35 पत्नी विनोद छत से गिर जाने से चोटिल हो गई परिजनों ने रात्रि में ही निजी वाहन से जिला अस्पताल ले जाए गई जहा डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी जे बी पांडे ने बताया कि दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है लड़के को हिरासत में ले लिया गया है लड़के की मां व पिता की तलाश है शव का पंचनामा भरकर शव विच्छेदन गृह भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

कसरत कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

महमूदाबाद सीतापुर।

कसरत कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने व का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कर लिया।

महमूदाबाद थाना क्षेत्र के गड़रियन पुरवा माजरा डफरा निवासी मंगलेश (26) बुधवार सुबह करीब 4 बजे घर से कसरत करने के लिए निकले थे। बताते हैं कि महमूदाबाद-रेउसा मार्ग स्थित गड़रियन पुरवा गांव के समीप ब्रह्मचारी बाबा के स्थान के पास कसरत कर रहे थे, तभी महमूदाबाद की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मंगलेश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए ज़िला मुख्यालय भेज दिया। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए मुख्यालय भेजा है। मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

अपर जिला अधिकारी ने 24 अप्रैल को ठेकेदार द्वारा वसूली किए जाने पर रोक

अधिशासी अधिकारी को वसूली करने का निर्देश दिया जिससे राजस्व को हानि न हो परंतु अधिशासी अधिकारी ने वसूली नहीं की

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में टैक्सी स्टैंड की नीलामी को लेकर कई बार टेंडर निकाले गए हैं कई बार खारिज हुआ टेंडर बोली भी हुई बोली में भी गड़बड़ झाला हुआ जानकारी के मुताबिक बोली जिला अधिकारी के देख-रेख में कलेक्ट्रेट सभागार में बोली निर्धारित थी।लेकिन गुपचुप तरीके से एक बाबू के कमरे में 3 लोगों के बीच बोली करा दी गई। बोली जीतने वाले को को कार्यादेश जारी हुआ उसपर भी केवल नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता के हस्ताक्षर थे।अधिशासी अधिकारी के हस्ताक्षर के बिना ही कार्यादेश जारी कर दिया गया। सुनने में आया कि नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता मनमानी तरीके से बोली लगवा कर अपने चाहते को ठेका दे दिया। यह खबर सोशल मीडिया से लेकर अखबार तक में बराबर प्रकाशित होती रही।लोग शिकायत भी करते रहे। जिला अधिकारी ने जांच टीम गठित कर दी। अपर जिला अधिकारी ने 24 अप्रैल को ठेकेदार द्वारा वसूली किए जाने पर रोक लगाकर अधिशासी अधिकारी को वसूली करने का निर्देश दिया जिससे राजस्व को हानि न हो परंतु अधिशासी अधिकारी ने वसूली नहीं की और ठेकेदार ही वसूली करता रहा। इस बीच ठेकेदार ने अपर जिला अधिकारी के आदेश के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय में रिट याचिका दाखिल की वहां से भी ठेकेदार को राहत नहीं मिली।नगर पंचायत अध्यक्ष ने जिला अधिकारी को पत्र लिखा की जांच पूरी होने तक ठेकेदार को वसूली करने दें वरना राजस्व की हानि होगी जिला अधिकारी ने अध्यक्ष के पत्र का संज्ञान ही नही लिया।क्योंकि जब वसूली अधिशासी अधिकारी को करनी है तो राजस्व की हानि कैसे होगी। इधर जिला अधिकारी ने जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर 7 जून 2024 को पूर्व की बोली को निरस्त कर दिया। उसके बाद भी पुराने ठेकेदार द्वारा निरंतर वसूली का काम जारी है जबकि 24 अप्रैल 2024 के बाद पुराने ठेकेदार को वसूली नहीं करना था उसके द्वारा की गई सारी वसूली अवैध है और यह काम अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा का था उसे वसूली करके शासकीय खाते में पैसा जमा करना था। परंतु आज अधिशासी अधिकारी ने अपने दायित्व का निर्वहन नहीं किया उच्च अधिकारियों के आदेशों की लगातार अवहेलना की। साथ ही झूठा हवाला देकर की माननीय उच्च न्यायालय में प्रकरण लंबित है अध्यक्ष महोदय ने जिला अधिकारी को आवेदन किया है। यही सब टाल मटोल करके पुराने ठेकेदार से वसूली कराते रहे अब जब जिला अधिकारी महोदय ने बोली निरस्त कर दी उसके बाद भी अधिशासी अधिकारी ने आज तक एक पैसे की वसूली नहीं कराई जिससे लाखो रुपए का सरकारी राजस्व की हानि हुई है। जिसका पूरा उत्तरदायित्व अधिशासी अधिकारी के साथ उन उच्च अधिकारियों का भी है जो आदेश करके शांत बैठ जाते हैं। अपने आदेशों पर नजर नहीं रखते। देखते है लाखो रुपए की हुई राजस्व की हानि की भरपाई जिला प्रशासन किस तरह करता है।किसी न किसी को तो जिम्मेदारी लेनी ही पड़ेगी।

कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया गैस के रिसाव से पाइपलाइन में विस्फोट

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या।जिले के एक कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया गैस के रिसाव से पाइपलाइन में विस्फोट हो गया। इस घटना से कोल्ड स्टोरेज की एक दीवार ढह गई। जिससे किसानों के जमा आलू कोल्ड स्टोरेज के बाहर जाकर गिरे। इससे किसानों का लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है। साथ ही यह हादसा देर रात का बताया जा रहा है।घटना के बाद मौके पर पहुंचे फायर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कोल्ड स्टोरेज के एक कर्मचारी का रेस्क्यू कर उसे बाल-बाल बचा लिया। जानकारी अनुसार घटना थाना रौनाही के जुबेरगंज स्थित नूर कोल्ड स्टोरेज का है।कोल्ड स्टोर में अचानक विस्फोट होने से आसपास के साथ स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर एसडीएम सोहावल अशोक कुमार सैनी थाना प्रभारी पंकज सिंह फायर विग्रेड के दलबल के साथ मौके पर पहुंचे।ब्लास्ट से दोनो ओर की दीवार एवं रखी गयी आलुओ की बोरी के गिरे ढेर के बीच लिफ्ट का काम चलने के कारण लोगो के फंसे की जानकारी होते ही रेस्क्यू शुरु की गयी।गनीमत रही कि चार कर्मी स्वतः किसी प्रकार सकुशल बाहर निकलते दिखाई दिये। लेकिन पांचवीं मंजिल पर एक आदमी कार्यरत सुपर वाईज़र के फंस होने की आवाज़ सुनाई पड़ते एसडीएम सोहावल एवं थाना प्रभारी के लगभग आधे घंटे के प्रयास से बदहवास लेकिन सकुशल मसौधा निवासी परमानंद को बाहर निकालने में कामयाबी हासिल हुई।कोल्ड स्टोर सुपरवाइजर ने पुलिस की छानबीन में बताया कि घटना के दौरान स्टोर में लिफ्ट का काम चल रहा था। एक लाईन से गैस खाली कर ली गयी थी। दूसरी लाईन लिफ्ट लाईन के बीच आ गयी। कटाई के दौरान उक्त लाईन के भी आ जाने से विस्फोट हो गया। जिससे उत्तर एवं पूरब की दीवार ढह गयी तथा काम कर रहे चार अन्य कर्मी फंस गये। किसी तरह चारो बाहर निकलने में कामयाब हो गये। लेकिन मै उसमे पांचवीं मंजिल पर फंस गया। पुलिस की मदद से बाहर निकल पाया हूं।स्टोर मालिक गौरा पट्टी नियांवा निवासी फरीद अहमद ने स्थानीय प्रशासन से संतुष्ट होते हुए कहा कि

लगभग तीन से साढ़े तीन करोड़ का नुकसान होने का अनुमान है। मामले में एसडीएम सोहावल तथा थाना प्रभारी ने बताया कि कोई जन नही हुई है। ब्लास्ट की घटना को लेकर छानबीन की जा रही है।

ग्राम प्रधान हुसेनपुर मुसलमान विकासखंड रामनगर द्वारा ग्राम वासी को दी जारही गाली और धमकी , आडियो वायरल

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।अब्दुल अजीज ग्राम प्रधान हुसेनपुर मुसलमान विकासखंड रामनगर द्वारा ग्राम वासी को दी जारही गाली और धमकी जिससे शिकायतकर्ता दहशत में है। प्रशासन कोई मदत नही कर रहा। ग्राम प्रधान जो देवस्थान जाने वाले रास्ते पर चकबंदी के जमाने से अतिक्रमण कर रखा हैं उसी ग्राम पंचायत के गौरव यादव नामी एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण खाली करने के संबंध में दी गई शिकायत पर नाराज होकर गौरव यादव को फोन करके गाली गलौज करने लगे और डंडा डालकर उलटने की बात की। साथ में यह भी कहा कि हुसेनपुर मुसलमान में तुम लोगों की नहीं चलेगी अर्थात हिंदुओं का कुछ नहीं चलेगा प्रधान का ऑडियो सुनने के बाद पता चलता है कि उसके अंदर कितनी गर्मी है गौरव यादव से बात करने पर पता चला कि प्रधान के घर के पीछे डीह स्थान है जिसमें चकबंदी के समय ही जाने के लिए चक रोड छोड़ा गया था परंतु प्रधान और उनके सभी खातेदारों ने उस चकरोड का अतिक्रमण कर रखा है गौरव द्वारा 3 साल पहले शिकायत दी गई थी जिसकी जांच नायब तहसीलदार और लेखपाल द्वारा की गई जांच रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार की अदालत में मुकदमा दर्ज कर लिया गया 2 साल बाद तहसीलदार में 18000 रुपए का जुर्माना लगाकर अपील को निस्तारित कर दिया बाद में पता चला कि तहसीलदार ने पुनः उसी मुकदमे को जीवित कर लिया है और अभी भी सुनवाई चल रही है न अतिक्रमण के खिलाफ प्रधान के विरुद्ध आज तक पुलिस में मुकदमा दर्ज किया गया नया अतिक्रमण खाली कराया गया। न डीह स्थान के लिए कोई रास्ता ही निकला गया। यह सब विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है और प्रधान बदतमीजी से बात करता है एक तो उसने डीह स्थान पर जाने वाले रास्ते का कब्जा भी किया है दूसरे शिकायत करने पर शिकायतकर्ता को डंडा डालकर उलटने की बात और गाली गलौज कर रहा है इतने पर भी प्रशासन मौन है। गौरव ने बताया कि प्रधान के विरुद्ध लगभग 10 लाख रुपए गबन का आरोप है जांच हो चुकी है सारे आरोप सिद्ध हो गए परंतु बृजेश वर्मा सहायक का सरकारी पंचायत कार्रवाई करने के बजाय बार-बार शिकायतों का फर्जी निस्तारण कर रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक ने चलाई तबादला एक्सप्रेस ,सात निरीक्षक एवं उपनिरीक्षक के कार्य क्षेत्र में बदलाव

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक ने चलाई तबादला एक्सप्रेस जनपद में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने सात निरीक्षक एवं उपनिरीक्षक के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है, जिसमें अहिरौली थानाध्यक्ष विवेक कुमार अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। उन्हें जन सुनवाई सेल में भेज दिया गया। चुनाव के बाद पहली बार थानाध्यक्ष के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया।एसपी डॉ कौस्तुभ ने बताया कि निरीक्षक दर्शन सिंह यादव को प्रभारी मॉनिटरिंग सेल से प्रभारी साइबर थाना, निरीक्षक संजय कुमार पांडेय को प्रभारी साइबर सेल से प्रभारी निरीक्षक हंसवर, उपनिरीक्षक प्रेमचन्द्र को पीआरओ से थानाध्यक्ष बेवाना, उपनिरीक्षक शशांक शुक्ला को प्रभारी निरीक्षक बेवाना से प्रभारी निरीक्षक अलीगंज, उपनिरीक्षक सुनील पांडेय को प्रभारी निरीक्षक हंसवर से प्रभारी निरीक्षक अहिरौली, उप निरीक्षक सर्वेश अस्थाना को एसएसआई बसखारी से चौकी इंचार्ज किछौछा, उपनिरीक्षक विवेक कुमार को थानाध्यक्ष अहिरौली से जनसुनवाई सेल भेज दिया गया है।पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने सभी को तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए है।

कार्यो में लापरवाही बरतने पर लेखपाल निलंबित

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर। बगैर सूचना के गायब रहने व सरकारी कार्यों में रुचि न लेने समेत अन्य लापरवाही बरतने पर एसडीएम टांडा मोहनलाल गुप्त ने तहसील क्षेत्र में कार्यरत एक लेखपाल को निलंबित कर दिया। साथ ही मामले की जांच तहसीलदार बसखारी को सौंपी है। संबंधित लेखपाल को राजस्व निरीक्षक कार्यालय टांडा से संबद्ध किया गया है।

टांडा तहसील क्षेत्र के केवटला में लेखपाल अशोक कुमार की तैनाती है। उन पर आरोप है कि वह बीते 12 जून से 15 जून तक बगैर किसी सूचना के अनुपस्थित रहे। यहां तक कि उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में भी भाग नहीं लिया। क्षेत्र में भी उपलब्ध नहीं रहने की शिकायत अधिकारियों से हुई थी। उनका फोन भी अक्सर बंद रहता है। अधिकारियों के निर्देश के बाद भी उनकी कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ। यह भी आरोप है कि लेखपाल द्वारा आईजीआरएस, जनसमस्याओं के निस्तारण, एग्रीस्टैग व आपदा जैसे कार्यों में भी रुचि नहीं ली जा रही। इससे क्षेत्र में योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा।

राजस्व निरीक्षक मुंडेरा की आख्या पर तहसीलदार टांडा ने लेखपाल के निलंबन की संस्तुति कर दी। इसके बाद एसडीएम ने लेखपाल अशोक कुमार निलंबित करते हुए उन्हें राजस्व निरीक्षक टांडा कार्यालय से संबद्ध कर दिया है। साथ ही तहसीलदार बसखारी को जांच अधिकारी नियुक्त करते हुए जल्द रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

राम मंदिर की सुरक्षा में तैनात एस.एस.एफ जवान की गोली लगने से मौत

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या।रामनगरी अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा में तैनात एस?एस?एफ के जवान शत्रुघ्न विश्वकर्मा की गोली लगने से मौत हो गई।घटना से परिसर में हड़कंप मच गया।घटना बुधवार सुबह 5 बजकर 25 मिनट की है। 25 वर्षीय शत्रुघ्न विश्वकर्मा अंबेडकरनगर का रहने वाला था।राम मंदिर परिसर में सुबह गोली चलने की आवाज आई।गोली की आवाज सुनकर साथी सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे।वहां देखा कि शत्रुघ्न खून से लथपथ हालत में पड़ा हुआ है।उसे गोली लगी थी।साथी जवान उसे अस्पलात

लेकर पहुंचे।यहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर किया गया,लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एस?एस?एफ जवान की मौत से मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया।आईजी और एसएसपी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच की। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की।शुरुआती जांच में इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा है।फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।रिपोर्ट आने के बाद मौत की असल वजह स्पष्ट हो पाएगी।

शत्रुघ्न विश्वकर्मा 2019 बैच अंबेडकरनगर के थाना क्षेत्र सम्मनपुर के गांव कजपुरा का शत्रुघ्न रहने वाला है।

अवध विवि के विभिन्न कोर्सों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन 30 जून तक

परास्नातक में प्रवेश के लिए स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी भी कर सकेंगे आवेदन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सों में प्रवेश के लिए आनलाइन तिथि बढ़ाई गई। अब अभ्यर्थी स्नातक, परास्नातक, वोकेशनल, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट के संग संघटक राजकीय महाविद्यालयों के समस्त कोर्सों व सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय, एमएड, बीपीएड, एमपीएड कोर्सों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन 30 जून तक सकेंगे। इससे पहले विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई थी। वहीं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय, एमएड, बीपीएड, एमपीएड कोर्सों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों को आनलाइन आवेदन करना होगा। इसके बिना अभ्यर्थियों को परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित कोर्सों में प्रवेश नही दिया जायेगा। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विभिन्न कोर्सों में प्रवेश आवेदन की तिथि विस्तारित किए जाने से संबंधित पत्र जारी कर दिया गया है। जिनमें स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी भी परास्नातक में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है। आवासीय प्रवेश समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि परिसर के कोर्सों के साथ संघटक राजकीय महाविद्यालय तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय, एमएड, बीपीएड व एमपीएड कोर्सों में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन की तिथि 30 जून तक विस्तारित की गई है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

भ्रष्टाचार की हद, खुलेआम खाते में कमीशन ले रहे अफसर

जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी पर रिश्वतखोरी का आरोप

प्रधानमंत्री रोजगार योजना की सब्सिडी दिलाने के नाम पर लिया 7500 रुपये कमीशन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

सुलतानपुर। जिले में भ्रष्टाचार की हदें पार हो गयी हैं। चोरी छिपे नहीं, खुलेआम योजनाओं की सब्सिडी दिलाने के नाम पर लाभार्थी से अफसर खाते में कमीशन की धनराशि ले रहे हैं। ऐसा ही सनसनीखेज़ मामला पकड़ में आया है।

जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी पर रिश्वतखोरी का सनसनीखेज आरोप लगाया गया है। जनसुनवाई पोर्टल पर मुख्यमंत्री से शिकायत करके नीतू पत्नी श्रवण कुमार ने कहा है कि उसने प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2028-19 में इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रानिक उद्योग के लिए 15 लाख रूपये का लोन केनरा बैंक धनपतगंज शाखा से लिया था। ब्याज की सब्सिडी 35000 रूपया जिला खाद्यी ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा दिया जाना था। आरोप है कि सब्सिडी दिए जाने के लिए जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी रामसुरेश यादव द्वारा 7500 रूपये की बतौर रिश्वत मांग की गई। शिकायकर्ता महिला का आरोप है कि उसने जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राम सुरेश यादव के मोबाइल नंबर 9452842150 पर 16.11.2023 को फोन के माध्यम से 7500 रूपया दिया। इसके बाद भी आज तक न तो सब्सिडी दी गई और न ही रिश्वत में लिया गया पैसा वापस किया गया। पीडिता ने मामले में कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस बावत जिला खाद्यी ग्रामोद्योग अधिकारी राम सुरेश यादव ने गोलमोल जवाब देते हुए कहाकि नीतू कभी हमारे पास आई नहीं। फोन पे पर पैसा लिए जाने के बावत उन्होंने स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

चौधरी चरण सिंह टांडा पंप नहर का खरीफ फसल 1432 के लिए संचालन किया गया प्रारंभ

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर ।सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अंतर्गत आने वाली नहर चौधरी चरण सिंह टांडा पंप नहर का संचालन आज दिनांक 19.06.2024 से आने वाली खरीफ फसल 1432 हेतु किया गया है, चौधरी चरण सिंह टांडा पंप नहर का हेड डिस्चार्ज 450 क्यूसेक है,कुल पंप 10 पंप हैं 5 पंप 60 क्यूसेक एवं 5 पंप 50 क्यूसेक,एनटीपीसी को सम्मिलित करते हुए प्रारंभ में 3 पंप संचालित किए गए हैं,संचालित निष्सरण 170 क्यूसेक है,धीरे धीरे पंपों के संचालन की संख्या बढ़ाई जाएगी ,आने वाली खरीफ फसल 1432 हेतु वांछित क्षमता से नहर का संचालन किया जायेगा ,दिनांक 20.06.2024 से एनटीपीसी को सम्मिलित करते हुए कुल 5 पंप का संचालन किया जायेगा कुल निष्सरण 230 क्यूसेक किया जायेगा ,नदी में पानी की उपलब्धता बनी रहने पर पंपों के संचालन की संख्या और निष्सरण क्षमता बढ़ाई जाएगी,कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु नहर संचालन कार्य निरंतर जारी किया जाएगा , शारदा सहायक नहर से दरियाबाद शाखा,फैजाबाद ब्रांच में भी पानी की उपलब्धता आगामी 30.06.2024 तक जनपद अंबेडकर नगर में आने की संभावना है जिससे जनपद अंबेडकर नगर के लगभग 55000 हजार कृषक लाभान्वित होंगे जिससे जनपद अंबेडकर नगर में 725 किमी0 एवं 131 नहरों में पानी पहुंचाया जाएगा।

तमसा की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर नोटिस जारी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर। तमसा नदी को अतिक्रमणमुक्त करने को लेकर प्रशासन ने शिकंजा कसना प्रारंभ कर दिया है। तमसा मार्ग स्थित डॉ. अशोक स्मारक महाविद्यालय के प्रबंधक को नगर पालिका प्रशासन ने नोटिस जारी कर अविलंब नदी की पटाई रोकने व डाली गई मिट्टी हटाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही नदी के किनारे अन्य लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए भी जरूरी तैयारियां नगर पालिका प्रशासन ने प्रारंभ कर दी हैं।

गंगा नदी में विलय होने वाली नदियों को अतिक्रमण व प्रदूषणमुक्त करने को लेकर शासन ने जिम्मेदारों को कड़े निर्देश दिए हैं। इसी के तहत बीते वर्ष अकबरपुर नगर से होकर गुजरने वाली तमसा नदी के किनारे किए गए अतिक्रमण का सर्वे राजस्व नगर पालिका परिषद की संयुक्त टीम ने किया था। इसमें नदी की बीच धारा से सौ-सौ मीटर में आने वाले अतिक्रमण को चिह्नित किया गया। इसके साथ ही संपूर्ण रिपोर्ट राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) को भेजी गई है।

इस बीच तमसा मार्ग स्थित डॉ. अशोक स्मारक महाविद्यालय की शिकायत हुई कि नदी में मिट्टी पटाई का कार्य किया गया है। साक्ष्य के रूप में वीडियो उपलब्ध कराते हुए कहा गया कि अंत्येष्टिस्थल पर भी अतिक्रमण किया जा रहा है। इसे गंभीरता से संज्ञान लेते हुए सोमवार को नगर पालिका परिषद की ईओ बीना सिंह ने डॉ. अशोक स्मारक महाविद्यालय को नोटिस जारी कर कहा कि मिट्टी पटाई से न सिर्फ नदी की धारा के परिवर्तन होने की संभावना है बल्कि अंत्येष्टिस्थल पर भी अतिक्रमण हो रहा है। यह एनजीटी की गाइडलाइन का पूरी तरह से उल्लंघन है। ऐसे में अविलंब नदी से मिट्टी हटाकर स्पष्टीकरण दिया जाए। ऐसा न होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उधर, महाविद्यालय प्रबंधन के अनुसार किसी तरह से कोई अतिक्रमण नहीं हो रहा है। कुछ लोगों द्वारा अनायास शिकायत की गई है। जांच में यह सब स्पष्ट हो जाएगा।

अन्य पर भी होगी कार्रवाई

तमसा नदी के किनारे किए गए अन्य अतिक्रमण पर भी शीघ्र ही नगर पालिका प्रशासन कार्रवाई करने की तैयारी में है। इस बीच नदी के किनारे नए निर्माण पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार पूर्व में जो सर्वे हुआ था उसके आधार पर एनजीटी के निर्देशानुसार किए गए अतिक्रमण को हटवाया जाएगा। इसके साथ ही नदी की मध्य धारा से सौ-सौ मीटर सीमा में आने वाले घरों के नक्शे को मंजूरी नहीं प्रदान की जाएगी।

भेजा गया नोटिस

तमसा मार्ग स्थित एक महाविद्यालय को नदी में पाटी गई मिट्टी हटाने का नोटिस दिया गया है। शीघ्र ही अन्य अतिक्रमण को हटाने को लेकर भी ठोस कदम उठाया जाएगा। - बीना सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर

युवक ने जज बन पुलिस अफसरों को किया फोन, रिपोर्ट दर्ज

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या। एक युवक द्वारा खुद को जज बताकर जिले के पुलिस अधिकारियों को फ़ोन किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह फोन रौनाही थाना क्षेत्र निवासी एक किशोरी को अगवा किए जाने के मामले में पैरवी के लिए किया गया। पहले सीओ सिटी को फोन किया गया और उनकी ओर से रौनाही थाने में दर्ज मामले का क्षेत्राधिकार सीओ सदर का होने का हवाला देने पर खुद को जज बताने वाले ने सीओ सदर एएसपी अरुण कुमार सिंह को फोन किया और आरोपी की पैरवी करते हुए कहा कि 15 दिन बाद लड़की वापस आ जाएगी। ऐसे में कानूनी दबाव न बनाया जाए। इसी मामले में उसने अपर पुलिस अधीक्षक देहात को भी फोन किया और मामले में कोई कार्रवाई न करने की हिदायत दी।

क्षेत्राधिकारी नगर शैलेन्द्र सिंह का कहना है कि मामले में तौसीफुल हक निवासी उत्तर धौना तिवारीगंज तारा का पुरवा थाना चिनहट जिला लखनऊ के खिलाफ नगर कोतवाली में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। तहरीर में उसकी ओर से इस्तेमाल दोनों मोबाइल नंबर का जिक्र किया गया है। उन्होंने बताया कि तौसीफुल हक पहले भी इस तरह की वारदात कर चुका है और उसके खिलाफ इलाहाबाद, लखनऊ व जिले में रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

कोतमा रेंज में वन भूमि पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा, विभाग सुस्त

खादी खाकी के संरक्षण में अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंदी पर

पी यूआर बना महज दिखावा परदे के पीछे मिली-भगत सांठगांठ का बड़ा खेला

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
अनूपपुर/ कोतमा
******म**********

कोतमा वन परिक्षेत्र अंतर्गत फुलवारी टोला में वन भूमि पर अवैध निर्माण करने की होड़ लगा हुआ है सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार फुलवारी टोला हाइवे मार्ग के दोनों तरफ लगातार भवन निर्माण का कार्य अनवरत चल रहा है। शासन द्वारा परिक्षेत्र अंतर्गत पदस्थ अधिकारी कर्मचारी की ऐसे अवैध निर्माण की,जानकारी नहीं है संलिप्तता नहीं है। यह बात तो सिरे से खारिज हो जाती है। विभाग के मिलीभगत संरक्षण के बगैर संभव नही कोई एक ईंट रख सकता है बहरहाल उन्हें तो कमीशन से मतलब है और उसके लिए प्राइवेट लोगों को एजेंट बनाकर अवैध वसूली की जन चर्चा चाय पान ठेलों पर जोरो से चल रही है फुलवारी टोला हाइवे पर गुप्ता नामक व्यक्ति वन भूमि पर अतिक्रमण कर बना रहा भवन वर्ष 2023-24में वन भूमि पर अतिक्रमण कर झिरिया टोला फुलवारी टोला आमाडांड बरतराई में दर्जनों मकान बन कर खड़े हो गए वहीं वन अधिकारी पी यूआर काटने के बाद स्वयं की पीठ थपथपाते नहीं थकते मानो अवैध कब्जा धारियों के खिलाफ बहुत बड़ी जंग जीत लिया इसी तारत्म्य में ताजा घटनाक्रम में फुलवारी टोला हाइवे मार्ग पर गुप्ता नामक व्यक्ति वन भूमि पर बाकायदा चारों ओर से तिरपाल तानकर भवन निर्माण कर रहा है। गौरतलब है की बेखौफ दिन दहाड़े अतिक्रमण कर मकान का काम चल रहा

है इससे सिद्ध होता है की ,,सैंया हैं कोतवाल तो डर काहे का,,वनरक्षकों को सात तोपों की सलामी पेश हैं ।

सवाल यह महज पी यूआर काटने के बाद अधिकारियों को समस्त जिम्मेदारी से मुक्ति मिल जाती है!

क्या वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी को वन अधिनियम के अंतर्गत अवैध कार्य में लिप्त वन माफियाओं के खिलाफ़ पी यूआर काटने के बाद आगे जांच पड़ताल शुरू करने के लिए कोई बंदिश है! अगर ऐसा नहीं है तो फिर मकान एक दिन में तो किसी का बनता नही महीनों लग जाते हैं और उस बीच में विभाग के द्वारा अतिक्रमणकारियों पर कितने बार कार्यवाही की गई मटेरियल जप्ती पंचनामा कर सिलसिले वार कार्यवाही की जाती तो मकान बनना संभव नहीं फिर ऐसे कार्य प्रणाली पर आरोप लगता है की आरोपियों से मिलीभगत सांठगांठ से जंगल की वैशकिमति भूमि का लूट तंत्र हावी

दिखाई दे रहा है ।भालूमाड़ा जमुना आमाडांड राजनगर रामनगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में वन भूमि पर कब्जा

शासन द्वारा करोड़ों रुपए का बजट दिया जाता है जंगल के सुरक्षा रखवाली करने के लिए लेकिन जब रक्षक हि भक्षक बन जाए तो फिर यक्ष प्रश्न खड़ा हो जाता है आखिर जंगल के रखवाली कैलिए टैक्स पैअर का पैसा भारीभरकम राशि क्यों बरबाद हो रही है। जब जंगल नहीं बचाया जा सकता बावजूद वन अधिकारी कर्मचारीगण कोई जुगत लगा लैते हैं की हमने ऐसा किया वैसा किया और अंत में ऐसा प्रतीत होता है की हम्माम मै सब. ..हैं ।हमारी टीम के द्वारा गहन जांच पड़ताल शुरू आत हो गई है अगले अंक में वन माफियाओं अतिक्रमणकारियों खाकि खादि पर बड़ा खुलासा करने की ओर हम अग्रसर हैं जनहित में आवाज शासन प्रशासन तक स्वतंत्र पत्रकार ।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए रासेयो ने रैली निकाल कर ग्रामीणों को किया आमंत्रित

28
अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

अम्बाह/मुरैना। रासेयो क्षेत्रीय केन्द्र भोपाल एवं म.प्र.शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 21 जून 2024 को रासेयो युक्त संस्थाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए योग थीम पर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में अम्बाह के महात्मा लोचनदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा योग दिवस का आयोजन गोद लिए गांव चांद का पुरा में किया जाएगा। जिसमें महिलाओं की सहभागिता हेतु बुधवार को रासेयो स्वयं सेवकों ने गांव में जन जागरुकता रैली निकाली। रैली के दौरान छात्र छात्राओं ने योग के मोनो युक्त टी शर्ट पहन कर हाथों में बैनर थामे और करें योग- रहें निरोग । तन


N.C.R.B. (एन.सी.आर.बी.)
I.I.F.-I (पहिला सूचि शर्त-I)

FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 154 Cr.P.C.)
प्रथम सूचना रिपोर्ट
(दण्ड 154 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत)

1. District (जिला): सूरत
P.S. (थाना): सचिन
FIR No. (के.ई.डी. नं.):0268
Year (वर्ष): 2024
Date and Time of FIR (के.ई.डी. की दिनांक और समय): 16/06/2024 00:21 बजे
2. S.No. (क्र.सं.) Acts (अधिनियम) Sections (धाराएँ)
1 भा.दं.सं. 1860 294
2 भा.दं.सं. 1860 353
3 भा.दं.सं. 1860 332
4 भा.दं.सं. 1860 509
3. (a) Occurrence of offence (अपराध की घटना):
i. Day (दिन): सोमवार
Date From (दिनांक से): 15/06/2024
Date To (दिनांक तक): 15/06/2024
Time Period (समय अवधि): पहर 2
Time From (समय से): 21:25 बजे
Time To (समय तक): 21:45 बजे
(b) Information received at P.S. (थाना पहुंचे सूचना प्राप्त हुई): Date (दिनांक): 16/06/2024
Time (समय): 00:01 बजे
(c) General Diary Reference (जिनरल डायरी) Entry No. (प्रविष्टि क्र.): 033
Date & Time (दिनांक और समय): 16/06/2024 00:20
4. Type of information (सूचना का प्रकार): लिखित

मन स्वस्थ बनाए-योग को अपनाए जेसे नारे लगाते हुए योग का महत्व बताया और योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्रामीण स्त्री पुरुषों को आमंत्रित किया। रैली का आयोजन रासेयो अधिकारी विजय शर्मा के नेतृत्व में हुआ था। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य आरएस यादव, प्रधानाध्यापक आर एस शर्मा , शासकीय माध्यमिक विद्यालय चांद का पुरा के प्रधानाध्यापक भगवती प्रसाद शर्मा, शिक्षक मुंशीलाल,मेघ सिंह माहौर, रामबरन राठौर, लायक सिंह ,श्रीमती सुभद्रा पुले, श्रीमती पूनम परमार, समाजसेवी राजकुमार तोमर मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रासेयो स्वयं सेवक किरन राठौर, भूरी शर्मा, नंदनी शर्मा, शिल्पी, कृष्णा, अंकित राठौर, आदित्य तोमर और गगन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कलेक्टर भिंड ने श्रीमद् भागवत कथा में पहुंच कर लिया आशीर्वाद

दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान मो, 8889486368

भिंड जिले के लहार नगर में मढ़यापुरा वार्ड क्रमांक 11 में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक परम पूज्या प्राची जी के मुखारविंद से अमृतमयी कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जा रहा है, उक्त श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव कार्यक्रम में भिण्ड कलेक्टर सम्मानीय संजीव श्रीवास्तव जी का आगमन हुआ, जिसमें मढ़यापुरा में स्थित संकट मोचन हनुमान जी महाराज बगीचा सरकार

एवम मंदिर के पुजारी स्वतंत्र जी समाधिया से आशीर्वाद प्राप्त किया और श्रीमद् भागवत कथा की व्यवस्थाएं देखी,इसी के साथ मंदिर के पुजारी स्वतंत्र समाधिया द्वारा कलेक्टर साहव का तिलक एबम भगवान श्रीकृष्ण की पट्टिका भेट कर सम्मानित किया,कलेक्टर साहव ने कथा वाचक परम पूज्या प्राची देवी जी से भी भेंट की और कथा के बारे में विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर साहब के साथ समाजसेवी एवं पत्रकार पवन दीक्षित ,कथा परीक्षत संतोष दीक्षित,जानकी नंदन समाधिया, संजय भारद्वाज ,गिरजा शंकर पुरोहित, चंद्रशेखर उपाध्याय संतोष दीक्षित और राजू पुजारी सहित अन्य कमेटी के सदस्य एबम भक्तजन उपस्थित रहे।

निर्जला एकादशी के उपलक्ष में भक्तों ने श्रद्धालुओं के लिए मीठे पानी का वितरण किया

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

अंबाह परेड चौराहे निर्जला एकादशी के उपलब्ध में भक्त जनों ने मीठे पानी का वितरण किया और बच्चों के लिए फरूटी फल चाऊमीन के समोसे सभी तरह के आहार वितरण हो रहा है सुबह 8ः00 बजे से निरंतर भक्तों के लिए मीठे पानी की व्यवस्था और हजारों की संख्या में लोगों ने मीठे पानी का आनंद लेते हुए भगवान कृष्ण के भक्ति में भजन के साथ में नाचते हुए अनुभव ले रहे हैं इकादशी के दिन भीषण गर्मी को देखते हुए परेड पर जगह-जगह मीठे पानी की व्यवस्था

अम्बाह इस माह की भीषण गर्मी को देखते हुए एकादशी दिन लोगबार जगह जगह मीठे पानी की प्याऊ व्यवस्था कर रहे है गर्मी में लोगों को पेयजल सुविधा के लिए जगह-जगह प्याऊ लगवाए हैं। यह मीठे पानी की प्याऊ सार्वजनिक स्थलो पर की गई हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग पी सके

संविधान ज्ञान प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित,*

संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी

शिक्षक सुरेन्द्र सिंह रावत की स्मृति में होगा परीक्षा का आयोजन

भितरवार। संयुक्त मोर्चा ओबीसी एससी एसटी वर्ग के तत्वावधान में संविधान ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए 15 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों

में पुरस्कार वितरण किया जाएगा संविधान ज्ञान प्रतियोगिता के संबंध में संबंध में जानकारी देते हुए संविधान ज्ञान प्रतियोगिता के वरिष्ठ संयोजक शंकर सिंह गुर्जर, संयोजक बृजेन्द्र सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि संविधान ज्ञान प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य एससी एसटी ओबीसी अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों को संविधान की जानकारी देना और मौलिक अधिकारों का ज्ञान व एतिहासिक महापुरुषों के जीवन परिचय से अवगत कराना,प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रजातंत्र में जनता के अधिकार एवं भारतीय संविधान के महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी से अवगत कराएंगे उन्होंने बताया कि पिछड़े वर्गों के हक अधिकारों के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष करने वाले क्रांतिवीर नशा मुक्ति

लहार एसडीएम ने एडवोकेट को दी एफआईआर दर्ज कराने की धमकी

अभिभाषक संघ अध्यक्ष बोले एसडीएम ने की मेरे साथ अभद्रता

दैनिक कैसरिया संतोष/रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान मो, 8889486368

लहार एसडीएम कार्यालय में अभिभाषक संघ अध्यक्ष विकास विरथरे और लहार एसडीएम विवाद मामले को लेकर के अभिभाषक संघ अध्यक्ष का बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा एसडीएम के साथ कोई अभद्रता नहीं की गई है उल्टे एसडीएम ने मेरे साथ अभद्रता की है और मैने पूरे मामले को लेकर के स्थानीय विधायक सहित वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत की है एडवोकेट अभिभाषक संघ अध्यक्ष विकास विरथरे ने बताया कि मैं एसडीएम कोर्ट में अपना दावा पेश करने गया था जिस पर एसडीएम द्वारा कार्रवाई नहीं की गई उलटे मुझे ही एसडीएम ने शासकीय कार्य में बाधा डालने से संबंधित एफ,आई,आर दर्ज कराने की धमकी दी और अपने गार्ड द्वारा बाहर निकलवाने की बात भी कही गई

ब्राह्मण समाज प्रतिनिधिमंडल ने ! किया प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

देनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो

देवीलाल कुशवाह
9630152532

राजगढ़। जिले के सर्व ब्राह्मण समाज जिलाध्यक्ष पंडित ओपी शर्मा के नेतृत्व में गत दिवस समाजजनों का एक प्रनिधिमंडल राजधानी पहुंचा। यहां सभी ने भाजपा प्रदेषाध्यक्ष वीडी शर्मा से भेंट करते हुए उनका स्वागत अभिनंदन करते हुए प्रदेश में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने पर सम्मानित किया।

इस अवसर पर समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश नागर, दिलीप शर्मा, प्रदीप उपाध्याय, स्वाधीन शर्मा सहित समाज के अनेकों लोग उपस्थित थे। इस दौरान जिलाध्यक्ष ओपी शर्मा ने प्रदेशाध्यक्ष को जिले की विभिन्न आवश्यकताओं से अवगत कराया। इसके

साथ ही राजगढ़ नगर में क्या कुछ और अच्छा किया जा सकता है, उन पहलुओं से अवगत कराते हुए कुछ प्रस्ताव भी वीडी शर्मा के सम्मुख रखे।

ग्राम पंचायत सन्नेही ग्रामीणों के पानी की समस्या हेतु सतना सांसद गणेश सिंह को आवेदन पत्र

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह

मैहर जिला अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत सन्नेही में सरपंच श्रीमती अंजलि अनुराग पांडे की तानाशाही से जानता हो रही परेशान सन्नेही के ग्रामीण लोगों ने एवं सन्नेही के ही निवासी जय बजरंग सेना के जिला मंत्री मैहर महेंद्र सिंह बाबा जी द्वारा जांच एवं पानी की समस्या का निराकरण के लिए आज सतना सांसद कार्यालय में पानी की समस्या हेतु दिया गया आवेदन सतना सांसद गणेश सिंह जी ने कहा जल्द होगा पानी के समस्या का निराकरण ।

रोज़गार मेले का आयोजन होगा कल

सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर*

मो.7509091263

कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय छतरपुर द्वारा 21 जून को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय के छात्रावास परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निम्न पद जैसे ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सीटिव आदि पदों पर भर्ती पर कार्यवाही कर जिले के बेरोजगार युवको युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

ज्येष्ठ मास के आखिरी मंगलवार को मानपुर कस्बा चौराहे पर बालाजी के भक्तों ने किया भव्य भंडारे का आयोजन

बिसवां सीतापुर - ज्येष्ठ के आखिरी चौथे बड़े मंगलवार को श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया क्षेत्र में कदम कदम पर भंडारे के पंडाल लगाए गए थे अपनी श्रद्धा के अनुसार लोग शर्बत, छोले चावल, पूड़ी सब्जी, बूंदी हलुवा आदि सड़कों के किनारे व अपने-अपने मकानों के सामने बड़े ही उत्साह से डीजे पर बालाजी बजरंगबली के भजन कीर्तन बज रहे थे विशेषकर युवा पीढ़ी के लोग गांनो पर थिरक रहे थे उसी क्रम में मानपुर थाना इलाके के मानपुर चौराहे पर रमेश चंदगुप्ता, निरंकार गुप्ता, मोहित गुप्ता के द्वारा छोला पूड़ी प्रसाद का वितरण करवाया जिसमें काफी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया भंडारे में शशिकांत शुक्ल ने विधिवत पूजा का अर्चना कराकर भंडारे की शुरुआत कराई तथा,टिंकू, अंकुर, ब्रजेश, आलोक, विवेक, कपिल, कुंदन गुप्ता आदि ने प्रसाद वितरण में सहयोग प्रदान किया

गरीबी के अंधेरे को मिटाकर विद्यालय का छात्र बना ऑफिसर

महमूदाबाद सीतापुर ।प्रकाश विद्या मंदिर इण्टर कालेज महमूदाबाद सीतापुर के छात्र मुकेश शर्मा निवासी शेखपुर बिलौली बाजार का ऑल इंडिया 156 और ब्रांच रैंक 16 पाकर पेटेंटट्रुऑफिसर जैसे प्रतिष्ठित पद पर चयन हुआ। समाजसेवी अरुण वर्मा मुन्ना ठाकुरपुर ने विद्यालय के प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा के अनुरोध पर इण्टरमीडिएट के बाद मुकेश की पूरी पढ़ाई का पूरा जिम्मा उठाया, इंजीनियरिंग एवं गेट की पूरी पढ़ाई की हर प्रकार की व्यवस्था की। एक गरीब छात्र को इतनी ऊंचाई तक पहुंचाने का जो पुण्य कार्य अरुण वर्मा मुन्ना जी के द्वारा किया गया है वो बहुत ही सराहनीय है।

विद्यालय और छात्र की लगन और अरुण वर्मा मुन्ना के अपार सहयोग ने ये साबित कर दिया है कि गरीबी के अंधेरे को शिक्षा के दम पर मिटाकर बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है।

विद्यालय परिवार , छात्र मुकेश शर्मा और अरुण वर्मा मुन्ना की इस सफलता पर शिक्षक एम.एल.सी उमेश द्विवेदी जी, सांसद राकेश राठौर जी, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा जी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता जी, मोहम्मद अहमद जी अध्यक्ष नगर पालिका, सुरेश वर्मा जी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, अम्बरीष गुप्ता जी, डॉक्टर अनिरुद्ध वर्मा जी, हरिशरण लाल वर्मा जी, बबलू वर्मा पूर्व प्रधान शेखपुर, अखिलेश वर्मा अध्यक्ष बार एशोसिएशन महमूदाबाद, अजय यादव ब्लाक प्रमुख पहला, मुकेश वर्मा ब्लाक प्रमुख महमूदाबाद, अमर सिंह वर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं अन्य लोगों ने बधाई दी है।

कमिश्नर ने की समीक्षा, दियें निर्देश -

राहत तथा बचाव संबंधी समस्त तैयारियां 25 जून तक कर लें

सीधी

कमिश्नर कार्यालय रीवा में गूगल मीट से रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने बाणसागर परियोजना से जुड़े जिलों में बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव तैयारियों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों के अधिकारी बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा करके 25 जून तक राहत एवं बचाव कार्य से जुड़ी तैयारियां पूरी कर लें। बाढ़ की स्थिति में राहत शिविर लगाने के लिये स्थान के चयन से लेकर बचाव दल, राहत के उपकरण, दवाओं, खाद्य सामग्री की आपूर्ति तथा बिजली एवं पानी की व्यवस्था से जुड़ी कार्यवाहियां सुनिश्चित करें। बाढ़ पर नियंत्रण के लिये समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान आवश्यक है। जिला तथा तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण केन्द्र स्थापित करके इनमें प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात कर दें। सूचनाओं का एक दूसरे को लगातार आदान-प्रदान करते रहें। बांधों से पानी छोड़े जाने अथवा लगातार वर्षा की स्थिति में सभी जिले सतत संपर्क में रहें।

कमिश्नर ने कहा कि बाणसागर बांध की अप स्ट्रीम तथा डाउन स्ट्रीम में बाढ़ संभावित क्षेत्र चिन्हांकित हैं। अप स्ट्रीम में मैहर तथा शहडोल जिलों में बांध के जल भराव क्षेत्र में अस्थायी बस्ती बनाकर खेती की जाती है। इन क्षेत्रों से 25 जून तक सभी बस्तियां हटा दें। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लें। बाढ़ से बचाव के लिये व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को जोड़ें। इस ग्रुप में गांव के कुछ व्यक्तियों तथा पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जैसे मैदानी कर्मचारियों को भी शामिल करें। समय पर सही सूचना मिलने से राहत और बचाव कार्य में आसानी होगी। बाणसागर बांध की डाउन स्ट्रीम में सीधी तथा सिंगरौली जिले के 129 गांव बाढ़ संभावित हैं। आपदा प्रबंधन के लिये संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश पत्र जारी कर दिये गये हैं। इनके अनुरूप कार्यवाही करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए पर्याप्त दवाएं भण्डारित करा दें।

बैठक में आईजी रीवा रेंज एमएस सिकरवार ने कहा कि बाढ़ से बचाव के लिए समय रहते तैयारियां कर ली गईं तो कोई परेशानी नहीं होगी। जल संसाधन विभाग, राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारी तत्परता से बाढ़ संबंधी सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। समन्वय के साथ किसी भी स्थिति से निपटने के लिए कार्य योजना बनाएं। आपदा प्रबंधन के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में संभावित बाढ़ प्रभावित गांवों के कुछ आम नागरिकों के भी मोबाइल नम्बर शामिल करें जिससे समय पर गांव में सूचना दी जा सके। सभी कंट्रोल रूम एक दूसरे की सूचनाएं साझा करें।

बैठक में मुख्य अभियंता गंगा कछार अशोक डेहरिया ने बाणसागर बांध के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बांध के जल भराव क्षेत्र में 79 गांव आंशिक रूप से डूब में आते हैं। इन गांवों में ही बाढ़ की समस्या होती है। बांध के पूरे क्षेत्र को 6 जोन में बांट कर जोनल अधिकारी तैनात कर दिये गये हैं। कटनी जिले के 27 गांव तथा उमरिया जिले के 18 गांव बांध के बैक वाटर से प्रभावित होते हैं। बैठक में लोक निर्माण विभाग को अति वर्षा की स्थिति में जलमग्न होने वाले पुल-पुलियों में संकेतक तथा बैरियर लगाने के निर्देश दिये गये।

सीधी एनआईसी केंद्र से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जागरूकता स्वास्थ्य शिविर आयोजित, किया स्वास्थ्य परीक्षण

सीधी। विश्व सिकल सेल दिवस पर सिकल सेल एनीमिया हेतु जागरूकता कार्यक्रम जिले भर में आयोजित किए गए। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह के मुख्य आतिथ्य तथा कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में अटल आडोटोरियम सीधी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिंडोरी से उपराष्ट्रपति के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लोगों में सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई तथा मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा लोगों को सिकल सेल एनीमिया के विषय में आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई जे गुप्ता ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया वंशानुगत रक्त विकार के रोग का एक रूप है इसमें लाल रक्त कोशिकाओं का आकार बदल जाता है जो रक्त प्रवाह को अवरुद्ध करती हैं। शुरुआती पहचान और नए उपचारों की बदौलत सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित लगभग आधे लोगों का जीवन बचाया जाना संभव हो पाया है। यह बीमारी पीड़ित लोगों को उनके जैविक माता-पिता से विरासत में मिलती है। इसमें सामान्य लाल रक्त कोशिकाओं को बनाने में मदद करने वाला जीन बदल जाता है। जिन लोगों को दोनों जैविक माता-पिता से यह जीन विरासत में मिलता है उनमें सिकल सेल एनीमिया होता है जिन लोगों को एक जैविक माता-पिता से यह जीन विरासत में मिलता है उनमें सिकल सेल विशेषता होती है। डॉ गुप्ता ने यह भी बताया कि लोगो में सिकल सेल रोग या सिकल एनीमिया के बिना भी सिकल सेल विशेषता हो सकती है, रक्त परीक्षण करवा कर ही सिकल सेल एनीमिया का पता लगाया जा सकता है।

जिलेभर के सरकारी स्कूलों में उत्साह व उमंग के साथ मने प्रवेशोत्सव

बच्चों का रोली-चंदन के तिलक व पुष्पाहारों से हुआ स्वागत

कॉपी, पेन व पुस्तकों के सेट बच्चों को सौंपे गए

प्रवेशोत्सव में बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने भी की सहभागिता

ग्वालियर। जिले के गाँव-गाँव व कस्बे-कस्बे के सरकारी स्कूलों में बुधवार को प्रवेशोत्सव मनाया गया। स्कूलों में नव प्रवेशी बच्चों सहित सभी विद्यार्थियों का प्यार-दुलार, रोली-चंदन के तिलक लगाकर एवं पुष्पाहारों से स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें पेन, पेंसिल, कॉपी व पुस्तकें भी भेंट की गईं। गत 18 जून को जिले में स्थानीय अवकाश होने की वजह से 19 जून को जिलेभर में प्रवेशोत्सव मनाए गए। प्रवेशोत्सव में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी भाग लिया। प्रवेशोत्सव के दौरान प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री का संदेश पत्र भी बच्चों व उनके अभिभावकों को प्रदान किए गए। साथ ही संदेश का वाचन भी किया गया।

जिले के विकासखंड घाटीगाँव के ग्राम पनिहार की शासकीय पाठशाला में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती ऊषा शर्मा की मौजूदगी में प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। उन्होंने स्कूल की बालिकाओं का पुष्पाहारों से स्वागत किया। साथ ही उन्हें पुस्तकों का सेट भेंट किया। इसी तरह शासकीय मॉडल हायर सेकेण्ड्री स्कूल घाटीगाँव के प्रवेशोत्सव में एसडीएम श्री राजीव समाधिया शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत सत्कार कर उन्हें राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई गईं पुस्तकें भेंट की। साथ ही प्रेरणादायी उदबोधन भी दिया।

जिला परियोजना समन्वयक श्री रविन्द्र सिंह तोमर पड़ाव पर श्रीकृष्ण धर्मशाला में संचालित शासकीय माध्यमिक विद्यालय, सेवानगर स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय उर्दू कानून गोयान एवं मुरार स्थित शासकीय उमावि क्र.-2 के प्रवेशोत्सवों में बच्चों का स्वागत करने पहुँचे। विकासखंड मुरार के शासकीय माध्यमिक विद्यालय बेहट व हाईस्कूल बरोठा सहित अन्य विद्यालयों में बुधवार को प्रवेशोत्सव आयोजित हुए। इसी तरह डबरा व भितरवार विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों व कस्बों के सभी सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाए गए।

जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्याओं का तत्परता से निराकरण करें

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

ग्वालियर।जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्याओं एवं जनहित से जुड़ी उनकी मांगों के समाधान की दिशा में अब तक हुई कार्रवाई की कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बुधवार को बैठक लेकर विभागवार समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान में लाई गईं समस्याओं का तत्परता से निराकरण करें। उन्होंने समस्याओं के निराकरण से संबंधित स्पष्ट पालन-प्रतिवेदन विभागीय अधिकारियों से मांगा है। साथ ही निर्देश दिए हैं कि जिन समस्याओं व मांगों का निराकरण स्थानीय स्तर पर संभव नहीं है, उनके संबंध में प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजें।

बुधवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार एवं अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। शहर की यातायात व्यवस्था, बिजली से संबंधित समस्यायें, जिले के पर्यटन स्थलों का विकास, सड़कों की मरम्मत एवं नए मार्गों का निर्माण, साफ-सफाई व पेयजल व्यवस्था, निराश्रित पशुओं एवं गौशालाओं का प्रबंधन इत्यादि के संबंध में जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान में लाई गईं समस्याओं के निराकरण की दिशा में विभिन्न विभागों द्वारा की गई कार्रवाई की बैठक में विस्तार से समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा बैठक लेकर जनप्रतिनिधियों से लिए गए थे सुझाव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर राज्य शासन के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं ग्वालियर जिले प्रभारी श्री के सी गुप्ता द्वारा गत जनवरी माह में विधायकगणों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर जिले के सुनियोजित विकास एवं जन समस्याओं के निराकरण के लिये सुझाव लिए गए थे। जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों पर हो रहे अमल की लगातार समीक्षा की जा रही है।

जिला टास्क फोर्स की बैठक 20 जून को

सीधी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई.जे. गुप्ता ने जानकारी देकर बताया है कि राष्ट्रीय पल्स पोलिया अभियान 23 से 25 जून 2024 तक चलाया जायेगा। जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ) की बैठक दिनांक 20.06.2024 को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उन्होने सभी संबंधितों को सूचित किया है कि नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

आजीविका मिशन तथा आरसेटी के सहयोग से कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण सम्पन्न

सीधी । विकासखण्ड सिहावल अन्तर्गत उजाला संकुल स्तरीय संगठन से सम्बन्ध जागृति आजीविका ग्राम संगठन बमुरी द्वारा आरसेटी के सहयोग से तेरह दिवसीय कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण बुधवार 19 जून को सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें आरसेटी से रेनू सिंह के अलावा रामनवल प्रजापति प्रमुख प्रशिक्षक जिला मऊ उत्तर प्रदेश द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बमुरी, लदबद, सबैचा एवं बल्हैया की 35 महिला किसान दीदियों ने कृषि से कैसे उद्यमी बनने के गुण सीखे। उन्होंने प्रमुख रूप से मृदा परीक्षण, वर्मी कम्पोस्ट, हरीखाद, फसल चक्र, बीज उपचार, नरसरी बीज सोधन, बहु स्तरीय खेती इत्यादि बारीकियों को सीखा। प्रशिक्षण के अन्त में सभी प्रतिभागियों की लिखित परीक्षा आयोजित की गई एवं उसके बाद उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया जावेगा। अखिलेश त्रिपाठी विकासखण्ड प्रबंधक आजीविका मिशन ने कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य है 3 करोड़ महिलाओं को आगामी 3 वर्षों में लखपति बनाना है जिसके अन्तर्गत विकासखण्ड सिहावल से 8407 परिवारों की बहनों को लखपति बहना बनाना है। जिसमें आमदनी बढ़ानें के विषय में कृषि का क्षेत्र काफी महत्व का है यह प्रशिक्षण उक्त कार्य हेतु मील का पत्थर साबित होता है।

उक्त प्रशिक्षण देवेश मिश्रा जिला प्रबंधक स्किल एवं आशीष मिश्रा बीसीएफआई आर्गेनिक के संयोजन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अन्त में प्रभा सिंह सचिव द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

विश्व सिकल सेल रोग जागरूकता दिवस पर रैली के माध्यम से दिया गया संदेश

सीधी । जिले के विकासखण्ड सिहावल अन्तर्गत विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बमुरी में उजाला संकुल स्तरीय संगठन अन्तर्गत जागृति ग्राम संगठन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शपथ, रैली एवं जांच शिविर का आयोजन कर समूह सदस्यों को एवं उनके परिजनों को सिकल सेल की जांच कराने हेतु प्रेरित किया गया। जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सिकल सेल रोग के उन्मूलन हेतु प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में 0 से 40 वर्ष के आयु वर्ग के लगभग 7 करोड़ लोगों को पूरे देश में जांच और सहयोगात्मक प्रयास किये जाने हेतु एक जन आंदोलन बनाये जाने का प्रयास इस अभियान के तहत किया जा रहा है। उक्त अभियान में म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से संबद्ध पार्वती संकुल स्तरीय संगठन अमलिया, महाशक्ति संकुल स्तरीय संगठन बहरी, रानीकुमारी संकुल स्तरीय संगठन लौआ एवं नवसृजन संकुल स्तरीय संगठन कुचवाही अन्तर्गत गठित ग्राम संगठन एवं उनसे जुडे स्व सहायता समूहों साथ ही साथ लोक अधिकार केन्द्र द्वारा उक्त कार्यक्रम में विविध आयोजन कर सक्रिय भागीदारी निभाई जा रही है। इसमें स्वास्थ्य विभाग के आनकेश सोनी बीसीएम विकासखण्ड सिहावल, आशीष मिश्रा बीसीओएफ अमृतलाल प्रजापति बीसीएफआई इन सबका विशेष सहयोग रहा।

बुआई के लिए डीएपी की जगह एनपीके एवं एसएसपी उर्वरक फायदेमंद- उप संचालक कृषि

सीधी ।उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा जिले के किसान भाइयों से अपील की गई है कि धान, उड़द एवं मूंग खरीफ फसलों की बुबाई के लिए डीएपी उर्वरक के स्थान पर एनपीके उर्वरक का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि डीएपी में नाईट्रोजन, फास्फोरस तत्व होते है, जबकि एनपीके में नाईट्रोजन, फास्फोरस के साथ पोटाश तत्व भी पाया जाता है जो कि फसल के लिए अति महत्वपूर्ण एवं आवश्यक तत्व है। किसान भाई डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक को बेहतर विकल्प के रूप में खेतों में डालकर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते है। साथ ही एपीएस एवं एसएसपी उर्वरक का भी उपयोग करने की सलाह देते हुये बताया गया कि एपीएस में नाईट्रोजन, फास्फोरस तथा सल्फर तत्व पाये जाते है, जो फसलों के उत्पादन बढ़ाने के लिए अतिआवश्यक है। एसएसपी उर्वरक का उपयोग करने से फास्फोरस 16 प्रतिशत, सल्फर 11 प्रतिशत एवं कैल्सियम 21 प्रतिशत फसलों को प्राप्त होता है, जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ तिलहनी फसलों में तेल की मात्रा बढ़ती है। किसान भाई यह ध्यान रखें कि कम से कम 4-5 इंच वर्षा होने के बाद ही फसलों की सीडड्रिल के माध्यम से बुवाई करें और बुवाई करने से पहले बीजों का बीजोपचार फफूंदनाशक दवा, कीटनाशक एवं नैनो डीएपी से अवश्य करें, ताकि फसलों को बीज जनित एवं मृदा जनित रोगो से बचाया जा सके।

नकली कोल्ड्रिंक फैक्ट्री पर पुलिस का छापा

- फ्लेवर केमीकल मिलाकर बना रहे थे नकली कोल्ड्रिंक

ग्वालियर। कोल्ड्रिंक के नाम पर केमीकल मिलाकर नकली कोल्ड्रिंक बनाकर शहर के लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले नकली कोल्ड्रिंक बनाने वाली एक फैक्ट्री पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में नकली कोल्ड्रिंक की बोतलें मिली हैं। पुलिस ने नकली कोल्ड्रिंक की फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में की है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह भी मौके पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। छापामार कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से फैक्टरी के संचालक को भी हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि उन्हें मुखबिर जरिये सूचना मिली थी कि बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में नकली कोल्ड्रिंक्स बनाने की फैक्ट्री संचालित है और यहां पर भारी मात्रा में केमीकल से नकली कोल्ड्रिंक्स बनाई जाती है। सूचना मिलते ही उन्होंने थाना प्रभारी बहोड़ापुर को कार्रवाई के निर्देश दिये। निर्देश मिलते ही थाना प्रभारी बहोड़ापुर पुलिस की टीम के साथ ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचे और फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई की। वाली फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई की। पुलिस को अभी नाम से रजिस्टर्ड कोल्ड्रिंक्स कंपनी मिली जिसमे घातक केमिकल से पेप्सी ब्रांड की नकली कोल्ड्रिंक्स बनाई जा रही थी। पुलिस को फैक्ट्री से नकली स्टिंग कोल्ड्रिंक्स की 20 हजार पैक बोतले, ढक्कन, रैपर, जहरीला पेयजल मिला हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने फैक्ट्री के संचालक आशीष शर्मा को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की तो खुलासा हुआ कि नकली स्टिंग कोल्ड्रिंक्स उत्तर प्रदेश, राजस्थान के साथ ही ग्वालियर चंबल अंचल में खपाई जा रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फैक्ट्री को सील कर दिया है। मामले की जानकारी मिलते ही एसपी धर्मवीर सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि बहोड़ापुर थाना पुलिस को ट्रांसपोर्ट नगर में नकली कोल्ड्रिंक्स बनाने की शिकायत मिली थी, सूचना पर पुलिस की टीम ने फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई की है। मौके से पुलिस को पेप्सी कंपनी की स्टिंग एनर्जी ड्रिंक की हजारों बोतल, रैपर, ढक्कन भी मिले हैं। फिलहाल फैक्ट्री को सील कर दिया गया है और संचालक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है।

भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत आवेदन माँगे

अनुसूचित जनजाति के युवाओं को स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिये मिलेगी आर्थिक मदद

ग्वालियर। अनुसूचित जनजाति वर्ग के जिले के युवाओं को भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिये आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। इसके लिये 31 जुलाई तक आवेदन माँगे गए हैं। मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र ऑनलाइन पोर्टल samast.mponline.gov.in पर भरे जा सकते हैं। साथ ही इसकी हार्डकॉपी शारदा विहार सिटी सेंटर स्थित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं शाखा प्रबंधक आदिवासी वित्त एवं विकास निगम के कार्यालय में जमा करनी होगी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के तहत एक से 50 लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। सरकार द्वारा नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर 5 प्रतिशत अथवा वास्तविक जो भी कम हो, की दर से 7 वर्षों तक ब्याज अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही गारंटी फीस भी सरकार देती है। इस योजना के तहत जिले को पाँच इकाईयाँ स्थापित करने का लक्ष्य मिला है। टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत 10 हजार रूपए से एक लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। जिसके लिये सरकार द्वारा पाँच वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान एवं गारंटी फीस दी जाती है। इस योजना के तहत जिले में 47 युवाओं को लाभान्वित कराने का लक्ष्य है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये आवेदक की आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो और परिवार आयकरदाता न हो। टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत 47 इकाईयों का लक्ष्य मिला है। विस्तृत जानकारी के लिए शारदा विहार सिटी सेंटर स्थित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं शाखा प्रबंधक आदिवासी वित्त एवं विकास निगम के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।